# हरिभूमि

जबलपुर

शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com






Copyright @ 2023-24 Hariboomi Ltd., All Rights Reserved

दिल्ली शराब घोटाला में ईडी का समन

# सीएम केजरीवाल ने ईडी के समन को बताया राजनीति से प्रेरित तो पात्रा ने कहा- ये ही घोटाले के मास्टरमाइंड, बार- बार समन की करते जा रहे अवहेलना... अब जेल में रहकर करना होगा आसन

## केजरीवाल ने दिया जवाब- ईडी इसे वापस ले, मैं कुछ नहीं छिपा रहा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली में हुए कथित शराब घोटाला मामले में ईडी की ओर से जारी किए गए समन पर सीएम अरविंद केजरीवाल ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा कि ये समन राजनीति से प्रेरित है। इसे ईडी को वापस लेना चाहिए।मेरे पास छिपाने के लिए कुछ भी नहीं है। मैं हर कानूनी समन मानने को तैयार हूं। ये समन भी पिछले समन की तरह गैर कानूनी है। मैंने अपना जीवन ईमानदारी और पारदर्शिता से जिया है। कहा जा रहा वकीलों की राय के बाद ही केजरीवाल ने ईडी के समक्ष पेश होने के बजाय विपश्यना पर जाने का निर्णय लिया है। वकीलों ने इस बार फिर ईडी के समन में कोई खामी निकाली है।

### विपश्यना कोर्स के लिए दिल्ली के बाहर गए

केजरीवाल गुरुवार को ईडी के समक्ष पेश नहीं होंगे। वेबुधवार को 10 दिवसीय विपश्यना के लिए चले गए हैं। यह जानकारी नहीं दी गई है कि वे विपश्यना के लिए किस शहर में गए हैं। उन्हें विपश्यना पर मंगलवार को जाना था, लेकिन इंडिया गठबंधन की बैठक के कारण एक दिन के लिए टल गया था।ईडी ने उन्हें गुरुवार को बुलाया है।केजरीवाल के वकीलों ने ईडी के नोटिस के संबंध में कोई टिप्पणी नहीं की है। शायद वे ईडी के समक्ष पेश होकर अपना पक्ष रखें।



### विपश्यना का कार्यक्रम निश्चित था

आपने ईडी के कदम पर सवाल उठाते हुए कहा था कि पार्टी के वकील समन का अध्ययन कर रहे हैं और कानूनी रूप से उचित कदम उठाए जाएंगे। इसके अलावा केजरीवाल का विपश्यना पर जाने का कार्यक्रम पहले से ही निर्धारित था और यह जानकारी सार्वजनिक थी। केजरीवाल को ईडी ने अक्टूबर और 2नवंबर को तलब किया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए थे। तब उन्होंने विभिन्न राज्यों के विधानसभा चुनाव के प्रचार में व्यस्त होने का हवाला देते हुएसमय मांगा था, 2 नवंबर को उनके वकीलों ने सवाल किया था।

### ये दो चीजें विपक्षी गठबंधन को जोड़ रहीं

#### शराब और अपमान गठबंधन को फेविकोल की तरह जोड़ रहे



भाजपा प्रवक्ता संबित पात्रा ने प्रेस वार्ता की। भाजपा ने केजरीवाल को शराब घोटाले का मास्टरमाइंड बताया है। संबित पात्रा ने कहा कि इन्होंने मनीष सिसोदिया को सूली पर चढ़ाया। ये जांच में सहयोग नहीं कर रहे हैं। लेकिन कानून के हाथ बहुत लंबे बोते हैं। जेल में सारे आसन की सुविधा है। उन्होंने कहा कि 'शराब और दूसरों का अपमान ऐसा फेवीकोल है, जो विपक्षी गठबंधन को जोड़े रखता है।

**वे कानून के लंबे हाथों से नहीं बच सकते**

पात्रा ने केजरीवाल को ईडी के समन को पालन नहीं होने को लेकर तंज कसा है। इस पर पात्रा ने कहा कि वे कानून के लंबे हाथों से नहीं बच सकते। आपने घोटाला किया है और आप पकड़े जाएंगे।

#### घोटाला करके ये भाग रहे

पात्रा ने केजरीवाल को दिल्ली के शराब घोटाले में कथित संलिप्तता, कांग्रेस सांसद धीरज साहू के ठिकानों से 350 करोड़ की नकदी मिलने और आप नेताओं के ईडी की जांच से भागने के मुद्दे पर विपक्ष को घेरा। उन्होंने कहा कि 'कोई शराब घोटाला करके भाग रहा है, कोई उपराष्ट्रपति का मजाक उड़ा रहा है। पात्रा ने आरोप लगाया की विपक्षी गठबंधन पर भारत की सनातन परंपराओं का अपमान करती है। केजरीवाल घोटाला करके अब इधर उधर भाग रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 31 को मन की बात के लिए पीएम ने मांगे सुझाव




**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी ने लोगों से आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम के लिए अपने विचार और सुझाव साझा करने के लिए आमंत्रित किऐ हैं। मन की बात कार्यक्रम 31 दिसम्बर को प्रसारित किया जाएगा और यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की 108वीं कड़ी होगी।

### संजय सिंह को 10 तक न्यायिक हिरासत में भेजा



**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने आबकारी नीति घोटाला मामले में आप के वरिष्ठ नेता संजय सिंह की न्यायिक हिरासत की अवधि बृहस्पतिवार को 10 जनवरी तक बढ़ा दी। विशेष न्यायाधीश एमके नागपाल ने ईडी से सिंह को अपने 5वें पूरक आरोप पत्र और अन्य संबंधित दस्तावेजों की एक प्रति उपलब्ध कराने के लिए भी कहा।

### चेन्नई के कंपनी के पूर्व सीईओ को 5 साल कैद



**चेन्नई।** यहां की एक अदालत ने बैंक ऑफ इंडिया को 2.06 करोड़ का नुकसान पहुंचाने के मामले में पालपाप इचिनिची सॉफ्टवेयर इंटरनेशनल लिमिटेड के पूर्व सीईओ सह चेयरमैन पी सेंथिल कुमार और दो अन्य को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। तीनों और चेन्नई की कंपनी पर 2.10 करोड़ का जुर्माना भी लगाया है।

### कनॉट प्लेस की गोपाल दास बिल्डिंग में आग



**नई दिल्ली।** यहां के पॉश इलाके कनॉट प्लेस में आग लगने की बड़ी घटना सामने आई है। गुरुवार दोपहर को दिल्ली के बाराखंभा रोड स्थित गोपाल दास बिल्डिंग में आग लग गई। आग बिल्डिंग के 11वें फ्लोर पर लगी है। दमकल की गाड़ियां मौके पर मौजूद हैं। फिलहाल किसी बड़े नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

## सुरक्षा में चूक और उपराष्ट्रपति की मिमिक्री के बाद संसद में हंगामा, गुरुवार को संसद अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

कांग्रेस के सांसद सुरेश, दीपक और नकुल नाथ पर की कार्रवाई

# विपक्ष के 3 और सांसद निलंबित, अब तक 146 'माननीयों' को किया बाहर

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

संसद की सुरक्षा में चूक और उपराष्ट्रपति की मिमिक्री के बाद संसद में हंगामे के बाद विपक्षी सांसदों का निलंबन अंत तक जारी रही। गुरुवार को तीन और कांग्रेस के सांसद डीके सुरेश, दीपक बैज और नकुल नाथ संसद के शीतकालीन सत्र की शेष अवधि के लिए लोकसभा से निलंबित कर दिया गया। इस तरह से निलंबित सांसदों की संख्या बढ़कर 146 हो गई है। इनमें 100 लोकसभा के सांसद हैं, जबकि 46 राज्यसभा के सांसद हैं।

संसद में सांसदों के निलंबन का सिलसिला 4 दिसंबर को शुरू हुए शीतकालीन सत्र के दौरान हुआ है। संसद की सुरक्षा में चूक के बाद 14 दिसंबर को 14, सोमवार को 78, मंगलवार को 49, बुधवार को दो और गुरुवार को तीन सांसदों को निलंबित कर दिया गया। सांसदों के निलंबन के खिलाफ विपक्षी पार्टी के सांसद विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। संसद के परिसर में विपक्षी पार्टियों की ओर से प्रदर्शन किया जा रहा है, जबकि उपराष्ट्रपति की मिमिक्री करने के खिलाफ राजग के सांसद भी प्रदर्शन किया।



### निलंबन के खिलाफ पुरानी संसद से विजय चौक तक विपक्ष का मार्च

#### 'लोकतंत्र बचाओ', सदन नहीं चलाना चाहती सरकार

विपक्षी सांसदों ने दोनों सदनों से 140 सदस्यों के निलंबन पर विरोध जताते हुए बगुरुवार को संसद भवन से एक मार्च निकाला जो विजय चौक पर संपन्न हुआ। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की अगुवाई में विपक्षी सांसदों ने संसद भवन से विजय चौक तक पैदल मार्च किया। विपक्षी सांसदों ने एक बड़ा बैनर ले रखा था जिस पर 'लोकतंत्र बचाओ' लिखा था। खरगे ने दावा किया कि पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह संसद से जुड़े विषयों पर सदन के बाहर बोल रहे हैं जो विशेषाधिकार हनन का मामला बनता है। निलंबन के खिलाफ हमारा प्रदर्शन है। सरकार और मोदी जी यह नहीं चाहते कि सदन चले।

#### यह लोकतंत्र नहीं, अधिनायकवाद है, जबरन की जा रही यह कार्रवाई: खरगे

खरगे ने अपने एक्स हैंडल पर पोस्ट किया कि विपक्षी सांसदों को निलंबित करके महत्वपूर्ण कानूनों को पारित करना लोकतंत्र नहीं बल्कि 'अधिनायकवाद' है।




उन्होंने एक्स पर लिखा, पीएम मोदी और उनकी सरकार ये नहीं चाहते कि सदन चले। लोकतंत्र में सवाल करना हमारा अधिकार है। हम सवाल उठा रहे हैं कि संसद की सुरक्षा में जो चूक हुई, उस पर पीएम और गृह मंत्री बयान दें। उन्होने कहा कि अगर आप सदन में नहीं बोलेंगे तो कहां बोलेंगे ? प्रधानमंत्री और गृह मंत्री बाकी जगहों पर जाकर बात कर रहे हैं लेकिन वे सदन में बयान नहीं दते हैं। ऐसा करने से उन्होंने सदन का अपमान किया है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी की नेता सुप्रिया सुले ने गुरुवार को भाजपा के नेतृत्व वाले केंद्र पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि संसद के दोनों सदनों से विपक्षी सांसदों का थोक में निलंबन 'लोकतंत्र की हत्या' का प्रतिनिधित्व करता है।

### मायावती का 'गठबंधन' पर निशाना

#### राजनीति में कब, किसको, किसकी जरूरत पड़ जाए...

बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष मायावती ने विपक्षी गठबंधन इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस पर निशाना साधा है। उन्होंने गठबंधन से दूरी बनाने वाले दलों के बारे में बेमतलब की टीका-टिप्पणी नहीं करने की सलाह देते हुए गुरुवार को कहा कि भविष्य में कब, किसको, किसकी जरूरत पड़ जाए, यह कहा नहीं जा सकता।मायावती ने किसी का नाम लिये बगैर कहा कि विपक्ष के गठबंधन में बसपा सहित जो भी पार्टियां शामिल नहीं हैं उनके बारे में किसी का भी फिजूल की टीका-टिप्पणी करना सही नहीं है। मेरी उन्हें सलाह है कि वह इससे बचें। पार्टियों को बाद में काफी शर्मिंदगी उठानी पड़े यह ठीक नहीं है। सपा जीता जागता उदाहरण है।





#### लोकसभा अनिश्चितकाल के लिए स्थगित, सदन में पीएम मोदी भी पहुंचे

लोकसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई है। शोर शराबे, जोरदार हंगामे और प्रदर्शनों के बाद संसद का शीतकालीन सत्र खत्म हो गया। सदन की टकराहट सड़क तक पहुंची। एक तरफ सांसदों के निलंबन का इतिहास बना तो दूसरी तरफ सभापति का अपमान भी हीट टॉपिक बना।

### उपराष्ट्रपति की मिमिक्री का विरोध

#### भाजपा ने किया जंतर-मंतर पर प्रदर्शन

देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मिमिक्री पर पक्ष और विपक्ष के बीच तकरार बढ़ गई है। दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा और दिल्ली विधानसभा में विपक्ष के नेता रामवीर सिंह बिधूड़ी समेत अन्य नेताओं ने कांग्रेस के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। जंतर मंतर पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। राहुल गांधी समेत विपक्ष से माफी की मांग की। कई प्रदर्शनकारियों ने अपने माथे पर काली पट्टियां बांध रखी थीं।



### हापुड़ में भी मिमिक्री पर उबाल

#### राहुल का पुतला फूंका, नारेबाजी की

हापुड़ में भाजपा के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने धनखड़ का विपक्षियों द्वारा किए गए अपमान के विरोध में एचपीडीए चौराहा पर राहुल का पुतला फूंका। जोरदार नारेबाजी की। जिलाध्यक्ष नरेश तोमर ने कहा कि जाट किसान परिवार में जन्में और राजस्थान के गौरव, देश के महामहिम उपराष्ट्रपति धनखड का घमंडिया नेताओं ने जिस तरह उपहास किया, वो सिर्फ एक व्यक्ति या पद नही बल्कि भारतीय संविधान के अपमान की पराकाष्ठा है।



### राहुल गांधी के 'जेबकतरे' बयान पर हाईकोर्ट बोला

## ऐसा कथन 'ठीक' नहीं, चुनाव आयोग 8 हफ्ते में करे फैसला

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी कुछ दिन पहले पीएम मोदी के लिए 'जेबकतरा' शब्द का इस्तेमाल किया था।

भाजपा ने इसे लेकर चुनाव आयोग को शिकायत भेजी थी। पीएम को लेकर राहुल गांधी ने यह अपमानित शब्द 22 नवंबर को उनके खिलाफ दिए गए भाषण में इस्तेमाल किया था। इस शब्द के इस्तेमाल पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा कि कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा पीएम को 'जेबकतरा' कहा गया था यह शब्द उनके मुंह से निकलना सही नहीं था।

#### ईसी इस मामले की कर रहा जांच

कार्यवाहक मुख्य न्यायाधीश मनमोहन की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा कि यद्यपि कथित बयान "अच्छे नहीं" हैं।



चुनाव आयोग (ईसी) इस मामले की जांच कर रहा है और उसने गांधी को नोटिस भी जारी किया है। अदालत ने कहा कि 23 नवंबर को भेजे गए नोटिस में चुनाव आयोग ने खुद कहा था कि वह इस मामले में उचित कार्रवाई करेगा।

### जिला जज ने दिया निर्णय

## 'मुस्लिम पैरोकार' गैरमौजूद रहे ज्ञानवापी पर 3 को होगी सुनवाई

एजेंसी ▶▶ वाराणसी

ज्ञानवापी मामले में एएसआई सर्वे को लेकर फैसला नहीं आया है। जिला जज ने मामले की सुनवाई 3 जनवरी 2024 को तय की है। अदालत ने यह फैसला कोर्ट में मस्जिद पक्ष की अनुपस्थिति की वजह से सुनाया है। एएसआई की टीम ने जिला जज की अदालत में सीलबंद लिफाफे में पेश की थी। इस पर गुरुवार को फैसला आना था।मुस्लिम पक्ष ने कोर्ट में आवेदन देकर मांग की थी कि परिसर में हुए सर्वे की रिपोर्ट सील बंद होनी चाहिए और रिपोर्ट सार्वजनिक करने की इजाजत न दी जाए।



#### कोर्ट में पेश नहीं हुए मुस्लिम पक्ष

सुनवाई के दौरान डॉ. अजय कृष्ण विश्वेश की कोर्ट में हिंदू पक्ष मौजूद रहा, लेकिन मुस्लिम पक्ष की तरफ से कोई भी मौजूद नहीं था। जिला जज ने कहा कि अगर दोनों पक्ष होंगे तभी इस मामले पर सुनवाई होगी। हालांकि इंतजामिया की तरफ से कोई वकील मौजूद नहीं था। इसके बाद तिथि आगे बढ़ा दी है।

सोनिया की अध्यक्षता में सीडब्ल्यूसी की बैठक

## सीट शेयरिंग के साथ राहुल की भारत जोड़ो यात्रा पर की चर्चा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को दिल्ली में सीडब्ल्यूसी की बैठक की अध्यक्षता की। इसमें आगामी लोकसभा चुनावों के लिए पार्टी की रणनीति पर चर्चा की गई। विपक्षी गठबंधन इंडिया में समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ सीट शेयरिंग की योजना तैयार की गई।कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी और पूर्व पार्टी अध्यक्ष राहुल गांधी भी कांग्रेस कार्य समिति (सीडब्ल्यूसी) की बैठक में शामिल हुए।हाल ही में पांच राज्यों में हुए विधानसभा चुनावों में पार्टी की हार के बाद कांग्रेस के आलाकमान की ये पहली बैठक है।




#### लोकसभा चुनाव को लेकर ठोस रणनीति बनाएं

बैठक में भारत जोड़ो यात्रा के दूसरे चरण के संदर्भ में भी चर्चा की गई। मल्लिकार्जुन खरगे नेसभापति जगदीप धनखड़ की नकल उतारे जाने के विवाद तथा विपक्षी सांसदों के निलंबन का हवाला देते हुए आरोप लगाया कि संवैधानिक पदों पर बैठे जिन लोगों पर सांसदों के संरक्षण की जिम्मेदारी है, वो दलगत राजनीति का हिस्सा बनकर तथा जाति, क्षेत्र और व्यवसाय को ढाल बनाकर राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर ठोस रणनीति बनानी होगी तथा समान विचारधारा वाले दलों के साथ मिलकर ज्यादा से ज्यादा सीटें जीतनी होंगी। नेताओं और कार्यकर्ताओं की यह मांग है कि राहुल पूर्व से पश्चिम की ओर दूसरे चरण की भारत जोड़ो यात्रा निकालें।

# भाजपा ने फिर शुरु की 'स्नेह यात्रा, लोकसभा की तैयारी की

एजेंसी ▶▶ तिरुवनंतपुरम

लोकसभा चुनाव कुछ ही महीने दूर हैं, लेकिन भाजपा ने अपनी तैयारियां शुरू कर दी है। केरल में भाजपा ने गुरुवार को अपनी 'स्नेह यात्रा' फिर से शुरू कर दी है। यह एक पब्लिक आउटरीच कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य राज्य में ईसाई समुदाय को पार्टी से जोड़ना है। भाजपा ने इसकी शुरुआत ईस्टर के दौरान शुरू की थी। केरल में ईसाईयों की आबादी 19फीसदी है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष के सुरेंद्रन ने कक्कनाड में सिरो मालाबार चर्च के पूर्व प्रमुख कार्डिनल जॉर्ज एलेनचेरी से मुलाकात की और पीएम नरेंद्र मोदी की ओर से क्रिसमस की शुभकामनाएं दीं।



क्रिश्चियंस के सहारे केरल में कमल खिलाने की योजना

#### प्रदेशाध्यक्ष ने बंद कमरे में की गुफ्तगू

सुरेंद्रन ने बाद में एक फेसबुक पोस्ट में कहा कि राज्य में 'स्नेह यात्रा' की शुरुआत है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने चर्च प्रमुखों के साथ अपनी बैठकों की तस्वीरें भी साझा कीं। चर्च के अधिकारियों और भाजपा नेतृत्व ने अभी तक बंद कमरे में हुई बैठक के दौरान चर्चा के विषयों को स्पष्ट नहीं किया है। एक भाजपा नेता ने कहा कि एलेनचेरी के साथ बैठक 45 मिनट से अधिक समय तक चली और यह एक गर्मजोशी भरी और मित्रतापूर्ण बैठक थी।

### राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए विपक्ष के राजनेताओं को भी बुलावा

# सोनिया- मनमोहन और खरगे को भी मिला न्योता

## राम मंदिर ट्रस्ट ने 22 जनवरी को प्राण प्रतिष्ठा समारोह की तैयारी की

एजेंसी ▶▶ अयोध्या

अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को भव्य बनाने का पूरा इंतजाम कर लिया गया है। इस समारोह को लेकर किसी प्रकार की राजनीति न हो, इसको लेकर भी विशेष कदम उठाए गए हैं। राम मंदिर ट्रस्ट की ओर से 22 जनवरी को होने जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह में विपक्षी नेताओं को भी निमंत्रण भेजा गया है। इस कार्यक्रम में मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी को भी न्योता दिया गया है। सूत्रों का कहना है कि राम मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने मंगलवार को मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात की और उन्हें प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण दिया।



#### खरगे ने स्वीकारा

मनमोहन सिंह अस्वस्थ हैं। पिछले दिनों वे राज्यसभा की कार्यवाही के दौरान व्हील चेयर पर दिखे थे। मल्लिकार्जुन खरगे से मुलाकात के दौरान नृपेंद्र मिश्र ने कार्यक्रम में आने का अनुरोध किया। नृपेंद्र ने पहले ही खरगे से समय मांगा था। खरगे ने कार्यक्रम का आमंत्रण स्वीकार कर लिया है।

**कार्यक्रम में शामिल होने पर बाद में फैसला**

राम मंदिर कार्यक्रम में शामिल होने पर कांग्रेस अध्यक्ष की ओर से अभी फैसला न लिए जाने की भी बात कही जा रही है। सूत्रों का कहना है कि समारोह में शामिल होने पर फैसला कार्यक्रम के पास आने पर लिया जा सकता है। माना जा रहा है कि कांग्रेस से किसी नेता के इस कार्यक्रम में जाने की उम्मीद है, लेकिन अभी तक इस पर कोई चर्चा नहीं हुई है।

#### राजनेताओं को भेजा जा रहा आमंत्रण

ट्रस्ट प्राण प्रतिष्ठा में विभिन्न दलों के राजनीतिक नेताओं को आमंत्रित कर रहा है। पंजाब जैसी कांग्रेस की कई राज्य इकाइयां पहले ही घोषणा कर चुकी हैं कि वे बसों में तीर्थयात्रियों को अयोध्या भेजेंगे। 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले अयोध्या का मुद्दा प्रमुखता से उभरने की उम्मीद की जा रही है। ऐसे में गैर- भाजपा दलों के बीच चुनाव पर इसके प्रभाव के बारे में अभी अनिश्चितता जताई जा रही है। ऐसे में राम मंदिर के मुद्दे पर लोग अधिक चर्चा करने से बचते दिख रहे हैं।

जबलपुर
शुक्रवार, 22 दिसंबर 2023
- अगहन मास शुक्ल पक्ष-10
- वर्ष : 18, अंक : 231
- पृष्ठ : 2+12=14, मूल्य : 3 .00 रुपये

# हरिभूमि


मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


**मौसम**
अधि. 24
न्यून. 06

मौसम के दो रंग : कहीं सर्दी तो कहीं गर्मी, आज से सक्रिय होगा नया पश्चिमी विक्षोभ, दो दिन तापमान में और वृद्धि होने की उम्मीद



## बिजावर की रात सबसे सर्द रही

### 6.3 डिग्री पर पारा...धार ऐसा गर्म दिन में तापमान 33 डिग्री के पार

प्रदेशभर में 10 फीसदी तक बढ़ी नमी, बादलों की आवाजाही और बढ़ेगी

ग्वालियर में न्यूनतम पारा 6.5 डिग्री और दिन का तापमान 22.6 डिग्री रहा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में गुरुवार को दिन और रात के समय हल्के बादलों का असर रहा। भोपाल सहित ज्यादातर जिलों में सुबह से धूप खिली, जिससे दिन के तापमान में बढ़त रही। रात में मिश्रित हवाओं की रफ्तार कम होने के साथ ही हल्के बादलों की जमावट से रात का पारा चढ़ा है। प्रदेश में सबसे अधिक दिन के तापमान में वृद्धि धार में 10 डिग्री की रही। यहां दिन का पारा रिकार्ड 33.4 डिग्री रहा।

## पुंछ में सैन्य वाहन पर घात लगाकर आतंकी हमला

# पहले ग्रेनेड फेंके फिर फायरिंग की, तीन जवानों का बलिदान



इससे पहले बुधवार की रात सुरनकोट तहसील में सशस्त्र पुलिस की छठी वाहनी के परिसर में संदिग्ध धमाका हुआ था

एजेंसी ⏭ जम्मू

पुंछ में गुरुवार दोपहर आतंकियों द्वारा घात लगाकर सैन्य वाहन पर हमला किया गया। दोनाड़ क्षेत्र में थानामंडी-बफलियाल सड़क पर अपने गंतव्य की ओर जा रहे सैन्य वाहन पर आतंकियों अचानक हमला बोल दिया। इस हमले में तीन जवान बलिदान हो गए हैं और तीन अन्य घायल हैं।

आतंकियों से मुठभेड़ गोलीबारी कर रहे कितने आतंकी? अभी यह सुराग नहीं



### सुरनकोट में धमाकों की 4 माह में तीसरी घटना

*सुरनकोट तहसील में इस तरह के संदिग्ध धमाकों की चार माह में तीसरी और कस्बे में एक माह में दूसरी घटना है। पुंछ के एसएसपी विनय शर्मा, डीएसपी ऑपरेशन एजाज अहमद चौधरी, राजोरी-पुंछ रेंज के डीआईजी डॉ. हसीब मुगल ने भी घटना स्थल का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। ऐसा बताया जा रहा है कि यह कम क्षमता का देसी बम था।*

### 2002 से 2004 की यादें ताजा हुईं

सुरनकोट तहसील में हो रहे धमाके जिले में वर्ष 2002 से 2004 के दौर की याद दिला रहे हैं। उस समय जिला मुख्यालय पुंछ नगर में हर एक व डेढ़ हफ्ते में ग्रेनेड फेंकने की घटनाएं होती थीं।


inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366


## सीएम डॉ. यादव ने विधानसभा में कहा- सरकार के पास सभी योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि

# 'लाड़ली बहना' समेत सभी योजनाएं चलेंगी संकल्प पत्र हमारे लिए गीता-रामायण की तरह

मुख्यमंत्री यादव के जवाब के बाद विधानसभा की कार्यवाही अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित कर दी गई

मुख्यमंत्री ने राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष को दिया करारा जवाब

मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अयोध्या समेत सभी तीर्थ स्थलों की यात्रा कराई जाएगी





हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्यपाल के अभिभाषण पर विपक्ष के आरोपों के जवाब में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को साफ कर दिया कि सरकार की कोई भी योजना बंद नहीं होगी। सरकार के पास सभी योजनाओं के लिए पर्याप्त राशि है। लाड़ली बहना समेत सभी योजनाएं चलेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि भाजपा का संकल्प पत्र ग्रंथ की तरह है। यह हमारी सरकार के लिए गीता, रामायण की तरह है। हम 5 साल के एजेंडे को लेकर आए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना में अयोध्या समेत सभी तीर्थ स्थलों की यात्रा कराने व लाउड स्पीकर के मुद्दे पर सुप्रीम कोर्ट के आदेश का पालन कराने की भी जानकारी दी।

### जहां श्रीकृष्ण के पांव पड़े, वे स्थान तीर्थस्थलों की तरह होंगे विकसित

यादव ने कहा कि सरकार ने निर्णय लिया है कि श्री कृष्ण भगवान के जहां भी पांप पड़े हैं, जहां भी लीलाएं रची हैं। चाहे उज्जैन जहां पर 64 कलाएं और 14 विद्याएं सीखी, या धार के पास अमझेरा जहां रूकमी के साथ उनका युद्ध हुआ। जानापाव पहाड़ी पर परशुराम भगवान को सुदर्शन चक्र देते थे। उन जगहों को तीर्थ स्थल के रूप में विकसित करेंगे। उन सारे तीर्थ स्थानों की यात्राएं कराई जाएगी।

### 52 जिलों में 52 एक्सीलेंस कॉलेज खुलेंगे

डॉ. यादव ने कहा कि सभी प्रकार के कोर्स के लिए एक जिले में एक एक्सीलेंस कॉलेज खुलेगा। सरकारी को मिलाकर इसे 55 किया जाएगा। इसी में निर्णय लिया गया है कि कॉलेज सर्व सुविधायुक्त होंगे। 20 किमी के दायरे में छात्रों को कॉलेज जाने के लिए किसी पर निर्भर नहीं होना पड़ेगा।

### मिल मजदूर के परिवार के बालक को सीएम बनाया, भाजपा का आभार

यादव ने कहा कि अवंतिका नगरी के मिल मजदूर परिवार के बालक को भारतीय जनता पार्टी ने मौका दिया। भारतीय जनता पार्टी ने एक गरीब परिवार के बच्चे को लाकर के मुख्यमंत्री के पद तक पहुंचाया। मैं अपने राष्ट्रीय नेतृत्व एवं वरिष्ठ नेताओं का आभार मानता हूं। हमारे लोकतंत्र की ये खूबसूरती है। उन्होंने कहा कि न केवल मैं बल्कि वर्तमान लोकतंत्र गौरवान्वित होगा, जिसमें एक चाय बेचने को देश का प्रधानमंत्री बनाते हैं और एक मिल मजदूर परिवार के बेटे को मुख्यमंत्री बनाते हैं।

### मूलभूत सुविधाओं और संस्कृति का मान बढ़ाने कर रहे काम

*मुख्यमंत्री ने कहा कि यह सब एक महीने की सरकार के लिए नहीं है, न ही 13 महीने की सरकार के लिए। हम और आप 5 साल बाद बात करेंगे कि आप और हमने जो निर्णय किये थे। अपने संकल्प पत्र को लेकर आगे बढ़े थे, तो हम किस रूप में आगे बढ़े? राज्य सरकार होती है मूलभूत सुविधाओं के लिए, हम उस पर भी काम कर रहे हैं। लेकिन, अपने प्रदेश का मान, देश का मान और भारतीय सनातन संस्कृति का मान दुनिया में बढ़े। इसके लिए भी काम करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि हमारे पाठ्यक्रम से विक्रमादित्य का हिस्सा गायब कर दिया गया। नई शिक्षा नीति को लेकर 1837 में लॉर्ड मैकाले ने जो गलती की, कांग्रेस ने उसे दुरुस्त करने का काम नहीं किया। नई शिक्षा नीति के तीसरे वर्ष में हमने प्रवेश किया। कागज की बजाए जो डिग्री मिले उससे जीवन में सार्थकता आए।*

## सीएम यादव दिल्ली पहुंचे, दो दिन तक रुकेंगे

# मंत्रिमंडल विस्तार के लिए क्राइटेरिया तय, कल के बाद अब शपथ कभी भी



सांसदों को दिया रात्रि भोज, शाह नड्डा से करेंगे मुलाकात

विशेष प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव विधानसभा का सत्र समाप्त होने के तत्काल बाद भोपाल से रवाना होकर दिल्ली पहुंच गए। दो दिवसीय दौरे के पहले दिन उन्होंने प्रदेश के सांसदों को रात्रि भोज दिया और प्रदेश के विकास में उनका सहयोग मांगा।डॉ. यादव गुरुवार रात्रि को दिल्ली में ही विश्राम करेंगे और मंत्रिमंडल का अंतिम रूप देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा से मुलाकात करेंगे। मुलाकात में प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीडी शर्मा भी शामिल रहेंगे। मंत्रिमंडल विस्तार के लिए एक क्राइटेरिया तय किया गया है।

### वरिष्ठों को भी मिलेगी मंत्रिमंडल में जगह

तय क्राइटेरिया के अनुसार एक अनुपात में वरिष्ठों को मंत्रिमंडल में जगह दी जाएगी। इसके तहत विधायक बने भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रहलाद पटेल और उदयप्रताप सिंह को मंत्री बनाया जा सकता है। शिवराज मंत्रिमंडल में शामिल रहे गोपाल भार्गव, भूपेंद्र सिंह सहित कुछ वरिष्ठों को भी जगह दी जा सकती है। पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के 2-3 समर्थक और मंत्री बन सकते हैं। केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया समर्थक 3-4 विधायक भी मंत्री बन सकते हैं।

### जो सदस्य लगातार जीते पर मौका नहीं मिला, उनकी किस्मत खुलेगी

क्राइटेरिया में यह तय किया गया है कि भाजपा की पूर्व सरकार में मंत्री रहे सभी को नहीं बल्कि कुछ को जगह मिल सकती है। इसके स्थान पर 3, 4 और 5 बार तक जीते उन विधायकों को मंत्री बनाया जा सकता है, जिन्हें अब तक एक भी बार मौका नहीं मिला। जीत के इस आधार पर ही मंत्रियों की सूची बनाई गई है। पिछली बैठकों में एक बात मोटे तौर पर तय कर ली गई है कि पहली बार जीते विधायकों को मंत्रिमंडल में जगह नहीं दी जाएगी।

## खबर संक्षेप

### सीआईएसएफ के जिम्मे होगी संसद की सुरक्षा



**नई दिल्ली।** संसद भवन की सुरक्षा की जिम्मेदारी अब सीआईएसएफ को दी गई है। यह निर्णय जांच कमेटी की सिफारिश के बाद लिया गया है। इससे पहले दिल्ली पुलिस इस जिम्मेदारी को निभा रही थी। सीआईएसएफ सुरक्षा की जिम्मेदारी लेने से पहले संसद भवन परिसर का सर्वे भी करेगी। सीआईएसएफ से संसद परिसर का सर्वे के लिए कहा है।

### छग के भाजपा अध्यक्ष बने किरण सिंह देव



**रायपुर।** भाजपा आलाकमान ने किरण सिंह देव को छत्तीसगढ़ भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। छत्तीसगढ़ में अब तक प्रदेश अध्यक्ष का दायित्व संभाल रहे अरुण साव के राज्य में उपमुख्यमंत्री बन जाने के बाद भाजपा ने प्रदेश संगठन में बदलाव किया है। राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह ने पत्र जारी किया है।

### रिलीज हुआ 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर



**नई दिल्ली।** डायरेक्टर रवि जाधव के निर्देशन में बनी फिल्म 'मैं अटल हूं' को लेकर लंबे समय से सुर्खियां काफी तेज हैं। इस फिल्म में पंकज त्रिपाठी देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी का किरदार निभा रहे हैं। इस बीच 'मैं अटल हूं' का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज कर दिया गया है। जिसे देखने के बाद इस फिल्म के लिए उत्सुकता बढ़ने वाली है।

## साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023 की घोषणा

# संजीव और नीलम को साहित्य अकादमी पुरस्कार

मान्यता प्राप्त सभी 24 भारतीय भाषाएं शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



साहित्य अकादमी ने बुधवार को साहित्य अकादमी पुरस्कार-2023 की घोषणा की। हिंदी के लिए संजीव का उपन्यास 'मुझे पहचानो' तो अंग्रेजी के लिए नीलम सरन गौर का उपन्यास 'रेक्युम इन रागा जानकी' चयनित हुआ है। वहीं, पंजाबी के लिए स्वर्णजीत सवी का कविता संग्रह 'मन दी चिप' और उर्दू के लिए सादिका नवाब सहर का उपन्यास 'राजदेव की अमराई' पुरस्कृत किए गए हैं। यह पुरस्कार साहित्य अकादमी पुरस्कार-2022 से पिछले पांच वर्षों में पहली बार प्रकाशित पुस्तकों पर दिए गए हैं। इन्हें सभी संबंधित भाषाओं के त्रि-सदस्यीय निर्णायक मंडल ने चुना है। पुरस्कार की घोषणा करते हुए अकादमी के सचिव डॉ. के श्रीनिवास राव ने बताया कि यह पुरस्कार मान्यता प्राप्त सभी 24 भारतीय भाषाओं में दिया जाएगा।

## 24 घंटे के दौरान देश में कोरोना के 358 नए मामले

# 300 मरीज केरल से आए, देश में 2669 मरीज कोरोना से पीड़ित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



कोरोना वायरस ने फिर से अपने पैर पसारने शुरू कर दिए हैं। कोविड-19 की बढ़ती रफ्तार और मृतकों का बढ़ता आंकड़ा माथे पर चिंता की लकीरें खींच रहा है।

वायरस का नया सब वैरिएंट जेएन-1 तेजी से फैल रहा है। इससे केंद्र समेत सभी राज्य सरकारें चिंतित नजर आ रही हैं। सभी ने अस्पतालों और स्वास्थ्य एजेंसियों को अलर्ट कर दिया है। अस्पतालों को तैयारियां करने के निर्देश दे दिए गए हैं। वहीं स्वास्थ्य मंत्रालय के द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले 24 घंटे में देश में कोरोना के 358 नए मामले सामने आए हैं। इसमें भी सबसे अधिक 300 मामले केवल केरल से सामने आए हैं।

## महिला पहलवान साक्षी मलिक ने रोते हुए लिया संन्यास

# बृजभूषण के करीबी के अध्यक्ष बनने पर बोलीं-शोषण के लिए तैयार रहिए

बृजभूषण शरण सिंह ने कहा दबदबा है और दबदबा रहेगा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



भारत की 31 साल की भारतीय महिला पहलवान साक्षी मलिक ने कुश्ती से अपने संन्यास का ऐलान कर लिया।

भारत को 20216 रियो ओलंपिक में पदक दिलाने वाली यह महिला पहलवान अब मैट पर लड़ती हुई नजर नहीं आएंगी। दरअसल, बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कुश्ती संघ का अध्यक्ष बनने के तुरंत बाद ही उन्होंने यह फैसला लिया। साक्षी ने रोते हुए कहा, जो महासंघ का अध्यक्ष बना है।



### संजय सिंह नए अध्यक्ष बृजभूषण के खास दोस्त

*भाजपा नेता संजय सिंह को भारतीय कुश्ती संघ का नया अध्यक्ष चुना गया है। बीते एक साल से पहलवानों के साथ कथित यौन शोषण को लेकर विवादों में घिरे बृजभूषण शरण सिंह की जगह वे लेंगे।*

## दो मंत्रियों को अलग-अलग कोर्ट ने सुनाई सजा

# तमिलनाडु के मंत्री को तीन साल और पंजाब के मंत्री को दो साल की सजा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



तमिलनाडु की एमके स्टालिन सरकार के मंत्री के. पोनमुडी को भ्रष्टाचार के मामले में तीन साल कैद की सजा सुनाई गई है।हालांकि अदालत ने एक राहत देते हुए सजा को तीन साल के लिए निलंबित कर दिया है। मद्रास हाई कोर्ट ने गुरुवार को तमिलनाडु के उच्चतर शिक्षा मंत्री को यह सजा सुनाई। 1.75 करोड़ रुपए की आय से अधिक संपत्ति के मामले में मंत्री को यह सजा सुनाई गई है। उच्च न्यायालय के. पोनमुडी और उनकी पत्नी पर 50-50 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। मंगलवार को ही उच्च न्यायालय ने के. पोनमुडी को करप्शन के केस में दोषी पाया था। उनके अलावा पत्नी को भी दोषी ठहराया गया था और गुरुवार के लिए फैसला सुरक्षित रख लिया था।

### कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा की बढ़ी मुश्किलें



पंजाब के कैबिनेट मंत्री अमन अरोड़ा मुश्किल में आ गए हैं। 2008 के एक पुराने केस में सुनाम कोर्ट ने अमन अरोड़ा को धारा- 452 और 323 के तहत 2 साल की सजा सुनाई है। अरोड़ा के अलावा आठ और लोगों को भी दो-दो साल की सजा सुनाई गई है। बताया जा रहा है कि, सजा के साथ-साथ सभी 9 लोगों पर जुर्माना भी लगाया गया है।

## ब्रिटिश अखबार को दिए साक्षात्कार में बोले प्रधानमंत्री मोदी

# भारत में मुसलमान 'खुशी' से और 'समृद्ध' होकर रह रहे

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

ब्रिटिश अखबार 'फाइनेंशियल टाइम्स' के साथ इंटरव्यू में पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा कि कई अन्य देशों में उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद मुसलमानों को भारत में सुरक्षित ठिकाना मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में अन्य जगहों पर उत्पीड़न का सामना करने के बावजूद उन्हें भारत में एक सुरक्षित आश्रय मिला है। वे खुशी से और समृद्ध होकर रह रहे हैं। इससे पता चलता है कि भारतीय समाज में किसी भी धार्मिक अल्पसंख्यक के प्रति भेदभाव की कोई भावना नहीं है।

- मोदी ने उन बाहरी लोगों के लंबे इतिहास की ओर इशारा किया जो भारत आए और इसकी ताकत को कम करके आंका

भारतीय समाज में किसी भी धार्मिक अल्पसंख्यक के प्रति भेदभाव की कोई भावना नहीं

### स्वतंत्रता का उपयोग आरोपों को उछालने के लिए



पीएम मोदी ने इस साल की शुरुआत में जून में अमेरिका की अपनी आधिकारिक यात्रा के दौरान भारत में मुसलमानों के खिलाफ किसी भी तरह के भेदभाव से इनकार किया था। 23 जून को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में पीएम मोदी से पूछा गया कि वह अपने देश में मुसलमानों और अन्य अल्पसंख्यकों के अधिकारों में सुधार और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए क्या कदम उठा रहे हैं? इसके जवाब में पीएम मोदी ने कहा था कि इनमें सुधार की जरूरत नहीं है।

### जो हमारी सरकार पर संदेह करते हैं, वे गलत साबित होंगे

पीएम मोदी ने उन बाहरी लोगों के लंबे इतिहास की ओर इशारा किया जो भारत आए और इसकी ताकत को कम करके आंका। पीएम मोदी ने कहा कि 1947 में, जब भारत आज़ाद हुआ, तो चले गए अंग्रेजों ने भारत के भविष्य के बारे में बहुत ही भयानक भविष्यवाणियां कीं। लेकिन हमने देखा है कि वे सभी भविष्यवाणियां झूठी साबित हुई है। जो लोग आज हमारी सरकार पर इसी तरह संदेह करते हैं, वे भी गलत साबित होंगे।

रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज

# कश्मीर में 40 दिन की सबसे कठोर सर्दी... 'चिल्ला-ए-कलां' शुरू

एजेंसी ▶▶ श्रीनगर

कश्मीर की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि चिल्ला-ए-कलां गुरुवार को शुरू हो गई, जिसके दौरान कई स्थानों पर पारा जमाव बिंदु से कई डिग्री नीचे चला गया है। यानी तापमान शून्य से भी नीचे चला गया है। जम्मू-कश्मीर की ग्रीष्मकालीन राजधानी श्रीनगर शहर में मंगलवार की रात न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।

**खास बातें**

- तापमान में गिरावट के कारण जम गए जलस्रोत
- कपड़ों की अतिरिक्त परतें पहनने कर दिया मजबूर
- बिजली की आपूर्ति भी अनियमित



### मौसम विज्ञानियों का दावा- तापमान में गिरावट के कारण जमने लगे जलस्रोत

*मौसम विज्ञानियों ने कश्मीर में अगले कुछ दिनों में आम तौर पर शुष्क मौसम का पूर्वानुमान लगाया है। तापमान में गिरावट के कारण धीमी गति से चलने वाले कई जलस्रोत जम गए हैं। इसके परिणामस्वरूप कुछ क्षेत्रों में जल आपूर्ति पाइप भी जम गए हैं। तीव्र शीत लहर ने शहर में लोगों को गर्म रहने के लिए कपड़ों की अतिरिक्त परतें पहनने के लिए मजबूर कर दिया है। कश्मीर के कई इलाकों में बिजली की आपूर्ति अनियमित होने के कारण लोगों ने ठंड से बचने के लिए कांगड़ी का सहारा लिया है। तापमान में गिरावट के कारण बच्चों और बुजुर्गों में सांस संबंधी समस्याएं बढ़ गई हैं।*

**चिल्ला-ए-कलां 31 जनवरी को हो जाएगा समाप्त**

*परंपरागत रूप से घाटी के निवासी सर्दियों के महीनों के दौरान ताजी सब्जियों की कमी को दूर करने के लिए सूखी सब्जियों का सेवन करते थे क्योंकि भारी बर्फबारी के कारण श्रीनगर-जम्मू अक्सर बंद रहता था। जबकि सूखी सब्जियां अभी भी व्यंजनों के रूप में खाई जाती हैं हालांकि जम्मू-श्रीनगर राजमार्ग अब बार-बार बंद नहीं होता है। चिल्ला-ए-कलां 31 जनवरी को समाप्त हो जाएगा। इसके बाद भी कश्मीर में 20 दिनों की चिल्लई-खुर्द (छोटी ठंड) और 10 दिनों की चिल्लई-बच्चा (बच्चा ठंड)) के साथ शीत लहर जारी रहती है।*

### बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक

*बताना चाहेंगे चिल्ला-ए-कलां 40 दिनों की सबसे कठोर सर्दियों की अवधि है जब इस क्षेत्र में शीत लहर चलती है और तापमान काफी गिर जाता है जिससे यहां की प्रसिद्ध डल झील के साथ-साथ घाटी के कई हिस्सों में जल आपूर्ति लाइनों सहित जल निकाय जम जाते हैं। इस अवधि के दौरान बर्फबारी की संभावना सबसे अधिक और अधिकतम होती है और अधिकांश क्षेत्रों, विशेषकर ऊंचे इलाकों में भारी बर्फबारी होती है। इस दौरान फ्लू, खांसी और सर्दी जैसी सामान्य बीमारियों से बचने के लिए लोग घर के अंदर अधिक समय बिताते हैं।*

### गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस

*वहीं अनंतनाग जिले के पहलगाम में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 5.8 डिग्री सेल्सियस, बारामूला जिले के प्रसिद्ध स्की रिसॉर्ट गुलमर्ग में तापमान शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस, काजीगुंड में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस, कोकरनाग शहर में पारा शून्य से नीचे 3.0 डिग्री सेल्सियस और कुपवाड़ा में न्यूनतम तापमान शून्य से नीचे 4.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है।*

---

## खबर संक्षेप

### भूकंप से चीन में हुई तबाही, 111 की मौत

**बीजिंग।** चीन के उत्तर-पश्चिम यानी चीन के गांसु-किंघई प्रांत में आए 6.2 तीव्रता के भूकंप में मरने



वालों की संख्या अभी तक 111 को पार कर गई है। भूकंप में 230 से अधिक लोग घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि यह भूकंप जोरदार था कि इसमें कई इमारतें भी ध्वस्त हो गई हैं और चारों ओर चीख-पुकार मच गई है।

### लंदन में एक और भारतीय का मिला शव

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन में बीते हफ्ते से लापता भारतीय छात्र का शव



बरामद किया गया है। भारतीय छात्र गुरशमन सिंह भाटिया का शव पूर्वी लंदन के केनरी वार्फ इलाके से बरामद हुआ है। बीजेपी नेता मनजिंदर सिंह सिरसा ने विदेश मंत्री जयशंकर के समक्ष इस मुद्दे को उठाते हुए हस्तक्षेप की मांग की है।

### बैन आतंकवादी संगठन के 70 समर्थक सरेंडर

**क्वेटा।** विद्रोही समूह के नेता सरफराज बुंगुलजई उर्फ मुरीद



बलूच ने अपने 70 समर्थकों के साथ सरकार के सामने सरेंडर कर दिया है। उसने भारत पर प्रांत में हिंसा को वित्त पोषित करने का आरोप लगाया है।

---

अजरबैजान दे चुका धमकी

## समझौता: आर्मीनिया को और हथियार बेचेगा भारत, अजरबैजान को लगी मिर्ची

■ 6 हजार करोड़ रुपए की डील पर लगी मुहर



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

अजरबैजान के विरोध के बावजूद भारत एक बार फिर आर्मीनिया को हथियार की एक बड़ी खेप निर्यात करने की तैयारी में है। भारत स्वदेश में निर्मित आकाश एंटी-एयर सिस्टम आर्मीनिया को निर्यात करेगा। इसमें रॉकेट लॉन्चर, तोप, गोला-बारूद के साथ-साथ ड्रोन भी शामिल हैं।

आकाश भारत की पहली स्वदेश निर्मित मध्यम श्रेणी की सतह से हवा में मार करने वाली मिसाइल है। भारत यह हथियार वियतनाम और फिलीपींस को भी निर्यात की तैयारी में है। हथियारों की खेप भारत डायनेमिक्स लिमिटेड के साथ हुई 6 हजार करोड़ रुपए की डील के तहत आर्मीनिया को निर्यात किया जाना है। जिसमें मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, आर्टिलरी गन, गोला-बारूद और ड्रोन का निर्यात भी शामिल हैं।

### अजरबैजान ने दी थी चेतावनी

भारत, आर्मीनिया को ऐसे समय में हथियार निर्यात करने की तैयारी में है, जब हाल ही में अजरबैजान ने भारत और फ्रांस को चेतावनी देते हुए कहा था कि आर्मीनिया को हथियार निर्यात करने वाले देश आग में घी डालने का काम कर रहे हैं। अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव ने 6 दिसंबर को कहा था कि भारत और फ्रांस जैसे देश आर्मीनिया में भ्रम पैदा कर रहे हैं कि इन हथियारों की बदौलत वो काराबाख को वापस ले सकते हैं। नागोर्नो-काराबाख इलाके को लेकर अजरबैजान और आर्मीनिया में दशकों से विवाद है। नागोर्नो-काराबाख फिलहाल अजरबैजान के कब्जे में है। अलीयेव ने कहा था कि भारत और फ्रांस की ओर से आर्मीनिया को जारी हथियार आपूर्ति से क्षेत्र में एक नया युद्ध शुरू हो सकता है। अगर आर्मीनिया को भारत और फ्रांस से महत्वपूर्ण हथियार मिलना शुरू हो जाता है तो अजरबैजान प्रतिक्रिया देने के लिए बाध्य होगा।

### भारत आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा

अक्टूबर 2023 में आर्मीनिया के एक सीनियर अधिकारी हथियार डील के संबंध में चर्चा करने के लिए भारत आए थे। रिपोर्ट के मुताबिक, अधिकारी ने कहा था कि आर्मीनिया की जरूरतों के अनुसार भारत एक विश्वसनीय हथियार आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। भारत ने पहली खेप में पिनाका मल्टी बैरल रॉकेट लॉन्चर, एंटी-टैंक मिसाइल, रॉकेट और गोला- बारूद भेजा था। पिछले साल नवंबर में कल्याणी स्ट्रैटजिक सिस्टम्स ने भी आर्टिलरी गन निर्यात के लिए एक अज्ञात विदेशी ग्राहक के साथ 155 मिलियन डॉलर की डील की घोषणा की थी। यह डील भी आर्मीनिया की ही थी।

---

दुनियाभर में अपनी रक्षा क्षमताओं को बढ़ा रहा भारत

## एयरोस्पेस नई ऊंचाइयों पर, कई देशों ने आकाश मिसाइल सिस्टम में दिखाई रुचि

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारत का रक्षा उद्योग देश की जरूरते पूरी करने के साथ ही दूसरे देशों को भी निर्यात कर रहा है। इसी कड़ी में स्वदेशी आकाश एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम के लिए आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अब फिलीपींस, ब्राजील और मिस्र सहित कई देशों ने खरीद में रुचि दिखाई है। स्वदेशी सैन्य हार्डवेयर का निर्यात बढ़ाने के प्रयासों के बीच आकाश वायु रक्षा मिसाइल प्रणाली ने भारत को एयरोस्पेस की दुनिया में नई ऊंचाइयों पर पहुंचा दिया है। 'आत्मनिर्भर' अभियान के तहत भारत रक्षा प्लेटफार्मों और अलग-अलग तरह की मिसाइलों का निर्माण करके लगातार एयरो स्पेस की दुनिया में अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है।

*आकाश मिसाइल का प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों जैसे डिफेन्स एक्सपो, एयरो इंडिया के दौरान भी किया गया। इसमें सतह से हवा में मार करने की क्षमता है।*

**खास बातें**

- आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर
- फिलीपींस, ब्राजील और मिस्र भी बढ़ा रहा भारत की ओर हाथ
- आकाश मिसाइल की रेंज 25 किमी

### मुंबई में मिसाइल की प्रतिकृति का उद्घाटन



आर्मेनिया से 600 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक का ऑर्डर मिलने के बाद अगले महीनों में आर्मेनिया को डिलीवरी शुरू होने की उम्मीद है। इस बीच, ब्राजील, मिस्र और फिलीपींस सहित कई देशों ने आकाश मिसाइल प्रणाली में रुचि दिखाई है। डीआरडीओ प्रमुख समीर वी कामथ ने प्रतिभाशाली युवाओं को रक्षा अनुसंधान और विकास की ओर आकर्षित करने के लिए मुंबई में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में मिसाइल की प्रतिकृति का उद्घाटन किया था।

### आकाश मिसाइल की यह है खासियत

*स्वदेशी आकाश मिसाइल सिस्टम दूसरे देशों को भी निर्यात किए जाने के लिए 30 दिसम्बर 2020 को मंजूरी मिली थी। आकाश मिसाइल सिस्टम 96 प्रतिशत स्वदेशीकरण के साथ देश की महत्वपूर्ण मिसाइल है। सतह से हवा में मार करने वाली आकाश मिसाइल की रेंज 25 किलोमीटर है। इस मिसाइल को 2014 में वायुसेना और 2015 में भारतीय सेना में शामिल किया गया था। इस मिसाइल का प्रदर्शन कई अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों जैसे डिफेन्स एक्सपो, एयरो इंडिया के दौरान भी किया गया, जिस पर कई मित्र देशों ने इसके प्रति रुचि दिखाई।*

**सेना कर रही प्रयोग**

*आकाश मिसाइल को रक्षा अनुसंधान और विकास संगठन ने विकसित किया है। इस सिस्टम के कई उन्नत संस्करणों का विकास किया गया है। वायु सेना ने 12 दिसंबर को सूर्यलंका वायु सेना स्टेशन पर 'अस्त्र शक्ति' के दौरान स्वदेशी आकाश मिसाइल प्रणाली की एक ही फायरिंग से एक साथ मानव रहित चार लक्ष्यों पर निशाना साधकर अपनी क्षमता का प्रदर्शन किया।*



### 'आईएनएस कदमत्त' पहुंचा थाईलैंड, समुद्री सहयोग को मिलेगा बढ़ावा

भारतीय युद्धपोत आईएनएस कदमत्त 19 दिसम्बर मंगलवार को थाईलैंड के बैंकॉक बंदरगाह पर पहुंचा। इस यात्रा का उद्देश्य उत्तरी प्रशांत महासागर और दक्षिण चीन सागर में भारत-थाई समुद्री सहयोग को मजबूत और दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच तालमेल बढ़ाना है। आईएनएस कदमत्त भारतीय नौसेना के चार स्वदेशी एएसडब्ल्यू कार्वेट में से एक है। 7 जनवरी, 2016 को संचालित किये गए इस जहाज ने मित्र देशों के साथ कई संयुक्त नौसैनिक अभ्यासों में भाग लिया है और क्षेत्रीय सुरक्षा और समुद्री संबंधों को बढ़ावा अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जहाज अत्याधुनिक हथियारों और सेंसर से सुसज्जित है, जो उसे कई प्रकार के मिशनों को अंजाम देने में सक्षम बनाता है। नौसेना स्टाफ के प्रमुख हरि कुमार हिंद महासागर नौसेना संगोष्ठी कॉन्क्लेव ऑफ चीफ्स के 8वें संस्करण के लिए तीन सदस्यीय भारतीय नौसेना प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कर रहे हैं।

---

ताइवान पर जिनपिंग की दो टूक

## कहा- अपने साथ मिलाएंगे लेकिन कब ये नहीं बताएंगे

एजेंसी ▶▶ सैन फ्रांसिस्को

चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने अपने अमेरिकी समकक्ष जो बाइडन को चेताया है कि बीजिंग ताइवान को फिर से अपने मेनलैंड के साथ जोड़ लेगा। लेकिन शी जिनपिंग ने कहा कि अभी कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है। शी जिनपिंग ने सैन फ्रांसिस्को में अपने हालिया शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन को चेतावनी दी। शी ने बाइडेन से कहा कि चीन की प्राथमिकता है कि वो ताइवान को शांति से ले ले, बल से नहीं।

### जिनपिंग की यह योजना

शी जिनपिंग 2025 या 2027 में ताइवान को लेने की योजना बना रहे हैं। उन्होंने बाइडेन को बताया कि वे गलत थे क्योंकि उन्होंने कोई समय सीमा निर्धारित नहीं की है। चीनी



अधिकारियों ने शिखर सम्मेलन से पहले यह भी कहा कि जो बाइडेन मीटिंग के बाद एक सार्वजनिक बयान दें और कहें कि अमेरिका ताइवान के साथ शांतिपूर्ण एकीकरण के चीन के लक्ष्य का समर्थन करता है।

---

संघर्ष विराम के कयासों के बीच नेतन्याहू का ऐलान

## हमास के खात्मा होने तक नहीं रुकेगा संघर्ष, अपने बयानों को बार-बार दोहरा रहे

**जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर**

एजेंसी ▶▶ तेल अवीव

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने कहा कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई संघर्षविराम नहीं होगा। वहीं हमास प्रमुख इस्माइल हानिया ने मिस्र का दौरा किया। जबकि अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर संघर्षविराम का दबाव बना रहे हैं।

ज्ञात रहे कि हमास युद्ध में अब तक 19,667 फलस्तीनी मारे जा चुके हैं। पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने



कहा, हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते। बता दें कि इजराइल के तीन उद्देश्यों में हमास का खात्मा, हमास के कब्जे में फंसे बंधकों की रिहाई शामिल है। इजराइली सेना गाजा में हर जगह हमास के आतंकवादियों पर हमला कर रही है। जो कोई सोचता है कि हम रुक जाएंगे, वह सच्चाई से दूर है।

### बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक

हालांकि इजराइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने संकेत दिए कि उनका देश विदेशी मध्यस्थता में मानवीय संघर्षविराम के लिए तैयार हो सकता है ताकि हमास के कब्जे वाले शेष बंधकों की रिहाई हो सके और मानवीय मदद गाजा पहुंच सके। इन बंधकों में आठ अमेरिकी नागरिक भी हैं। दरअसल अमेरिका सहित यूरोपीय देश लगातार इजराइल पर संघर्ष विराम का दबाव बना रहे हैं। तो वहीं बेंजामिन नेतन्याहू ने अब इस मामले पर अपना रुख साफ कर दिया है, यह कहकर कि हमास के खात्मे तक गाजा में कोई संघर्षविराम नहीं होगा। नेतन्याहू का कहना है कि हम तब तक लड़ना बंद नहीं करेंगे जब तक हम अपने निर्धारित सभी उद्देश्यों को हासिल नहीं कर लेते।

### फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी बना रहे दबाव

इजराइल के कुछ सहयोगियों फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी ने संघर्षविराम के लिए दबाव बढ़ा दिया है। अमेरिका नागरिकों की मौत पर चिंता जताते हुए इजराइल से लगातार सटीक कार्रवाई करने को कह रहा है। वहीं, इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू का कहना है कि जब तक हमास बचे हुए 129 बंधकों को रिहा नहीं कर देता, संघर्ष बंद नहीं हो सकता।

---

पूर्व पीएम नवाज का छलका दर्द

## भारत चांद तक पहुंच गया हम धरती पर संभल नहीं पाए



**नवाज शरीफ ने एक बार फिर की भारत की तारीफ**

एजेंसी ▶▶ इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने एक बार फिर से चंद्रयान-3 मिशन के लिए भारत की प्रशंसा की। शरीफ ने कहा कि हमारा पड़ोसी चंद्रमा पर पहुंच गया है, लेकिन हम पाकिस्तान में अभी भी जमीन पर ठीक से खड़े नहीं हो पाए हैं। यह ऐसे ही नहीं चल सकता। शरीफ ने कहा कि 'हम अपने पतन के लिए खुद जिम्मेदार हैं, नहीं तो यह देश एक अलग स्थान पर पहुंच गया होता।

### भीख मांगने के लिए देश-देश घूम रहे हमारे पीएम

नवाज शरीफ ने कहा था कि 'आज पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भीख मांगने के लिए देश-देश घूम रहे हैं, जबकि भारत चांद पर पहुंच गया है और जी-20 बैठकें कर रहा है। भारत ने जो उपलब्धि हासिल की, वह पाकिस्तान क्यों हासिल नहीं कर सका। यहां इसके लिए कौन जिम्मेदार है?' 2019 से लंदन में रह रहे नवाज शरीफ लंबे समय से पाकिस्तान के राजनीतिक मंच पर वापसी की कोशिश कर रहे हैं। उनकी पाकिस्तान की धरती पर वापसी को लेकर सुगबुगाहट पिछले साल नवंबर से ही शुरू हो गई थी जब उन्हें पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय द्वारा पांच साल का राजनयिक पासपोर्ट जारी किया गया था।

### 3 बार पाक के पीएम रहे नवाज चौथी बार सत्ता पाने की कर रहे हैं कोशिश

बता दें पाकिस्तान की आर्थिक बदहाली के लिए न तो भारत और न ही अमेरिका जिम्मेदार है। तीन बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री रहे नवाज शरीफ चौथी बार सत्ता हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं। शरीफ का भारत के संबंध में नरम और प्रगतिशील रुख अपनाना कोई नई बात नहीं है।

---

सीईसी-ईसी की नियुक्ति प्रक्रिया से जुड़ा विधेयक संसद में हुआ पास

## केंद्र सरकार का अफसर बनेगा चुनाव आयोग में आयुक्त, रास्ता साफ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति और अन्य विषयों से जुड़ा विधेयक ध्वनिमत से लोकसभा में पारित कर दिया गया। राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे पारित कर दिया था। केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त विधेयक 2023 पारित किए जाने के लिए निचले सदन में



पेश किया। कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग कानून 1991 का स्थान लेगा। विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया। राज्यसभा सदस्य सुरजेवाला ने कहा था कि मोदी सरकार चुनाव आयोग पर पूर्ण नियंत्रण करना चाहती है।

**खास बातें**

- राज्यसभा ने 12 दिसंबर को इसे कर दिया था पारित
- विधेयक पर कुल 12 सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया
- कानून बनने के बाद यह चुनाव आयोग कानून 1991 का स्थान लेगा

*नए कानून के आकार लेने के बाद केंद्र सरकार में सचिव या उससे ऊपर के पद पर रह चुके व्यक्ति चुनाव आयुक्त बन सकते हैं। चुनाव आयुक्त से जुड़ी खोज समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री करेंगे।*

### भारतीय दूरसंचार विधेयक 2023 राज्यसभा में हुआ पास

*राज्यसभा ने दूरसंचार क्षेत्र में रिफॉर्म से जुड़े विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया है। लोकसभा में इस विधेयक को 20 दिसंबर को पास किया गया। इसके साथ ही अब भारतीय दूरसंचार विधेयक 2023 को संसद की मंजूरी मिल चुकी है। यह विधेयक कानून बनने के बाद यह विधेयक भारतीय टेलीग्राफ अधिनियम 1885 और भारतीय वायरलेस टेलीग्राफी अधिनियम 1933 तथा टेलीग्राफ तार (गैरकानूनी कब्जा) अधिनियम 1950 का स्थान लेगा। बहस में विपक्ष नहीं थे।*

**विपक्ष नें नहीं किया...**

कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने कहा कि संविधान में अनुच्छेद 324 देश में चुनाव कराने से जुड़ा है। इसके दूसरे भाग में कहा गया था कि चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए संसद एक कानून बनाएगी, लेकिन विपक्ष ने सत्ता में रहते हुए ऐसा नहीं किया।

### राष्ट्रपति करेंगे नियुक्ति

*विधेयक के प्रावधानों के तहत सीईसी और ईसी की नियुक्ति चयन समिति की सिफारिश पर राष्ट्रपति द्वारा की जाएगी। चयन समिति में प्रधानमंत्री, एक केंद्रीय कैबिनेट मंत्री और लोकसभा में विपक्ष के नेता, सबसे बड़े विपक्षी दल के नेता शामिल होंगे। केन्द्र सरकार में सचिव या उससे ऊपर के पद पर रह चुके व्यक्ति चुनाव आयुक्त बन सकते हैं। चुनाव आयुक्त से जुड़ी खोज समिति की अध्यक्षता कानून मंत्री करेंगे। विपक्ष के कुछ नेताओं ने चर्चा के दौरान विधेयक का विरोध किया और कहा कि इससे सरकार मनमाने ढंग से नियुक्ति करेगी।*

## जानकारी के बाद भी प्रशासन द्वारा नहीं की जा रही कोई कार्यवाही

हद दर्जे की लापरवाही

# खरीदी केन्द्र नहीं बनने के बाद भी किसानों की धान को खरीदने का वादा

**हरिभूमि जबलपुर।**

हाल ही में जिला कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया था की धान खरीदी में किसी प्रकार का कोई फर्जीवाड़ा बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। इसके बाद भी किसानों के साथ छलावा होता स्पष्ट नजर आ रहा है। दरअसल जबलपुर जिले में अनेक ऐसे वेयर हाउस सामने आये हैं जिसमें इस बार खरीदी केन्द्र नहीं बनाए गए हैं, इसके बाद भी किसानों द्वारा उपार्जित धान को वहां पर रखवाया जा रहा है, खुले में पड़ी धान तौल का इंतजार कर रही है। जिला प्रशासन के आला अफसरों को इसकी जानकारी दी गई है परंतु उनके द्वारा भी किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होना समझ से परे मालूम हो रहा है। हरिभूमि आईएनएच न्यूज की टीम जब मौके पर पहुंची तो वहां के हालात किसानों के साथ होने वाला छल का नजर आ रहा था।

गौरतलब है कि जबलपुर की पाटन तहसील के अंतर्गत पवई पिपरिया में बने सोहम वेयर हाउस को इस बार खरीदी केंद्र नहीं बनाया गया है। इसके बावजूद वहां पर किसानों से धान बुलाई जा रही है। हजारों क्विंटल की संख्या में वहां पर धान रखी हुई दिखाई दे रही है। इतना ही नहीं किसान ट्राली से धान लगातार लाने का काम कर रहे हैं। किसानों का कहना है कि पिछले साल यहां पर खरीदी केन्द्र बनाया गया था, इसलिये इस बार भी यहीं पर लेकर आ रहे हैं, हमें आश्वासन मिला है कि धान का खरीदी केन्द्र यहां पर बनाया जायेगा।



### कलेक्टर के आदेश को भी धता बता रहे अधिकारी

### किसानों के साथ छलावा

बताया जाता है कि हजारों क्विंटल की संख्या में रखी धान को तौलने का कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। धान को मय ट्राली के धर्मकांटा पर तौला जा रहा है और उसे खुले में रखते हुये धर्मकांटा की पर्ची दी जा रही है। इन पर्चियों के आधार पर किसान अपनी धान को पैसा कैंसे लेगा यह यक्ष प्रश्न बना हुआ है। कहीं ये किसानों के साथ छलावा नहीं है?

### अधिकारियों की मिलीभगत शामिल

जानकारी के मुताबिक सोहम वेयर हाउस में लगातार किसान धान ला रहे हैं, इसकी जानकारी एसडीएम सहित जिला प्रशासन को भी है, कार्यवाही करने की जगह वह नित नये बहाने खोज रहे हैं, कोई कह रहा है कलेक्ट्रेट में काम था, इसलिए नहीं जा पाया तो कोई कोर्ट की आड़ लेकर बचता नजर आ रहा है। यहां तक कि कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन भी इस मामले में अपना रुख स्पष्ट नहीं कर रहे हैं। इससे तो यही लगता है कि अधिकारियों की मिलीभगत इसमें शामिल है।

### इनका कहना है

मुझे आपके द्वारा जानकारी मिली थी परंतु आज अचानक कोर्ट का कार्य आ जाने के कारण नहीं जा पाया। जिला प्रशासन की टीम का कोई सदस्य निरीक्षण करने पहुंचा या नहीं इसकी मुझे कोई जानकारी नहीं है।

**मानवेन्द्र सिंह**
**एसडीएम पाटन**

आपके द्वारा तीन दिन पूर्व सूचना दी गई थी, मुझे जाना था लेकिन कलेक्ट्रेट में ही इतने कार्य हैं मैं नहीं जा पाई, कल निश्चित ही में जाऊंगी।

**आभा जी**
**नागरिक आपूर्ति निगम जबलपुर**



# एयर मार्शल ने किया सीओडी का दौरा

**जबलपुर।**

भारतीय वायु सेना के एयर ऑफिसर इंचार्ज एयर मार्शल विभास पांडे ने यहां कहा कि भारतीय तीनों सेनाओं के बीच आपसी तालमेल और सहयोग आवश्यक भी है और संभव भी। उन्होंने यहां सीओडी (आयुध निर्माण भंडार) का दौरा करते हुए यह बात कही। उन्होंने अपने भ्रमण के दौरान उन्होंने कहा कि सशस्त्र बलों पर ज्वाइंट थियटर कमांड की ओर से विशेष बल दिया जा रहा हे। उन्होंने कहा कि ऐसे कई क्षेत्र है जहां पर तीनों सेनाओं के बीच आपसी तालमेल संभव हैं।

**तीनों सेनाओं के बीच बेहतर तालमेल आवश्यक**

एयर मार्शल को सीओडी जबलपुर के कमांडेंट एवं अधिकारियों ने उनके अधीनस्थ संरचनाओं में चल रही परिचालन और प्रशासनिक तैयारी के बारे में संक्षिप्त जानकारी दी। एयर मार्शल ने देश के सबसे बड़े गोला बारूद भंडार के निरीक्षण के दौरान कमांडेंट एवं सभी कर्मचारियों को ऑपरेशनल तैयारी के लिए उनकी काफी प्रशंसा की।इसी दौरान उन्होंने विभिन्न गोला. बारूद, राकेट और बमों के लिए फ्यूज जैसे नए स्टोर के स्वदेशी विकास की व्यवहारिकता पर चर्चा की। सीओडी जबलपुर का दौरा करने के उपरांत उन्होंने गुणवत्तापूर्ण उत्पादन और भारत के आधुनिकरण एवं आत्मनिर्भर बनाने में अहम योगदान के लिए सीओडी जबलपुर के कमांडेंट ब्रिगेडियर वसंता कुमार और कर्मचारियों की सराहना की। इसके अलावा उन्होने केन्द्राrय आयुद्ध भंडार जबलपुर के दौरे को एक अच्छा अवसर बताते हुए भारतीय सेना द्वारा यहां अपनायी जाने वाली कार्य प्रणाली एवं तौर.तरीके की काफी सराहना की।



# यह रिश्ता कभी टूटने नहीं देंगे : शिवराज

### बहनें और भांजियां पूर्व मुख्यमंत्री से लिपटकर रोयी

**जबलपुर।**

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान एक दिवसीय प्रवास पर बुधवार की रात करीब 10 बजे जबलपुर पहुंचे, यहां उनका गर्मजोशी से स्वागत किया गया। हजारों लाखों की भीड़ में भांजे भांजियां पहुंचे। लाड़ली बहने उनसे लिपटकर रोनेलगी। बच्चे, बच्चियों ने मामा हमे फिर से चाहिए के नारे लगाए। मामा ने बच्चियों से कहा कि मामा हमेशा भांजे और भांजियों के साथ रहेंगे, आई लव यू। दरअसल अमरकंटक जाने के लिए सड़क मार्ग से पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भोपाल से जबलपुर पहुंचे थे। रात्रि विश्राम उन्होंने बरगी मेकल रिसॉर्ट में किया उसके बाद सुबह वे सड़क मार्ग से अमरकंटक के लिए रवाना हुए। रात में जब मुख्यमंत्री जबलपुर पहुंचे तो अंधमूख बाईपास के पास रोड पर उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया। कड़कड़ाती ठंड में उनकी समर्थक लाड़ली बहने और भांजे, भांजियां स्वागत करने पहुंचे। कुछ बहनें मामा से लिपटकर रोने लगी, और बच्चियों ने नारे लगाए कि मामा हमें फिर से चाहिए, इस पर मामा ने कहा कि वे हमेशा भांजे भाजियों के साथ रहेंगे, आई लव यू। कुछ बच्चियां और महिलाएं उनसे लिपटकर रोने लगी, और शिवराज भी भावुक हो गए। गुरुवार की सुबह जब पूर्व मुख्यमंत्री जबलपुर से अमरकंटक जाने लगे तब उनकी पत्नी साधना सिंह भी उनके साथ मौजूद थी। रास्ते में जहां भी शिवराज रुक वहां महिलाएं और भांजे, भांजियां उनसे लिपटकर रोने लगी, जिस पर उन्होंने लोगों का सांत्वना दी कि मामा का रिश्ता प्यार का रिश्ता है, और बहन भाई का रिश्ता विश्वास का रिश्ता है। यह रिश्ता कभी टूटने नहीं देंगे। इस दौरान शिवराज सिंह चौहान के साथ बहनों और भांजियों ने खूब सेल्फी खिंचाई। उन्होंने बहनों को नहीं रोने की समझाईश दी और वे कई बहनों के आंसू पोछते दिखाई दिए। मुख्यमंत्री ने अपने जबलपुर प्रवास के दौरान मेकल रिसॉर्ट में पौधा रोपा और रानी दुर्गावती स्थल पहुंचकर उन्हें श्रद्धाजंलि भी दी।

# जबलपुर को एक मंत्री पद से करना पड़ सकता है संतोष

### क्या एक बार फिर होगी जिले की उपेक्षा

**जबलपुर।** प्रदेश सत्ता में प्रमुख 4 पदों से इंदौर का पत्ता साफ हुआ है। उसके बाद सागर, रीवा संभाग से लेकर शिवराज, विजयवर्गीय, सिंधिया आदि ग्रुप तक कतार में है। प्रदेश स्तर पर भाजपा में जिस तरह के हालात है और आगे लोकसभा चुनाव है। उसके हिसाब यह तय माना जा रहा है जबलपुर को एक से अधिक केबिनेट मंत्री पद नहीं दिया जाएगा। पहली बार ऐसा हुआ है कि विधानसभा चुनाव के बाद मंत्री कौन बनेगा, इस पर जबलपुर में कोई चर्चा नही है। किसे कौन सा मंत्रीपद मिलेगा, इस पर कोई अनुमान तक नहीं है। वरिष्ठतम अजय विश्नोई से लेकर युवा अभिलाष पाण्डे तक किसी के समर्थक यह दावा करने की स्थिति में नहीं हैं कि उनका नेता मंत्री बन रहा है। प्रदेश स्तर पर गणित इस तरह से उलझ गये हैं कि जिले में मंत्रीपद की चर्चा के बजाए, भाजपाई खेमा सब्र का फल मीठा बोलकर खुद को तसल्ली दे रहा है। फिलहाल जबलपुर से चार बार के सांसद रहे जबलपुर पश्चिम से विधायक चुने गए राकेश सिंह मंत्रीपद की दौड़ में सबसे आगे दिखाई दे रहे है। लेकिन भाजपा के चौकानें वाले निर्णय को लेकर अभी कुछ भी कह पाना मुश्किल है।

### इस हफ्ते होगी घोषणा!

मंत्री बनने की संभावनाओं के हिसाब से अगर जिले के विधायकों का क्रम बनाया जाए तो, सबसे पहले पश्चिम के राकेश सिंह है, फिर केंट के अशोक रोहाणी, उनके बाद पाटन के अजय विश्नोई, फिर पनागर के इंदू तिवारी और उनके बाद उत्तर मध्य से अभिलाष पाण्डे हैं। लेकिन भाजपा ने जिस तरह से सीएम का चयन किया है, उससे कुछ भी हो जाने की संभावना के चलते सब शांत है। इस हफ्ते मंत्री मंडल का गठन होना करीब करीब तय है, अब देखना दिलचस्प होगा कि किसकी लाटरी खुलती है।

### पश्चिम वाले बेफ्रिक

वर्तमान में पश्चिम से विधायक राकेश सिंह का राजनीतिक भविष्य ही पूरी तरह सुरक्षित दिख रहा है। दो बातें यहां तय मानी जा रही हैं, कि या तो राकेश सिंह भोपाल और स्ट्रांग पोर्टफोलिया वाला विभाग संभालेंगे। यदि ऐसा न हुआ तो इस अर्थ होगा उनकी सम्मानजनक दिल्ली वापसी तय है।

### अशोक और अजय की संभावना

पश्चिम विधायक राकेश सिंह के बाद केन्ट विधायक अशोक रोहाणी और पाटन के अजय विश्नोई प्रबल दावेदार है। यदि जातिगत समीकरण बैठाने को तरजीह दी गई तो अशोक रोहाणी बाजी मार सकते है। यदि वरिष्ठता और समर्पित नेताओं को सम्माजनक स्थान की बात आई तो राकेश सिंह और अजय विश्नोई में से किसी एक को मंत्री पद दिया जाएगा।

### इंदु और अभिलाष भी दावेदार

पनागर में तीन बार से लगातार भारी अंतर से जीत रहे कद्दावर विधायक सुशील तिवारी इंदू भी मंत्री पद के दावेदार है। उनकी दावेदारी नजरअंदाज करना भाजपा के लिये आसान नहीं है। यदि ब्राम्हण चेहरे का चयन हुआ तो उनका नाम वरीयता में सबसे ऊपर रहेगा। वहीं युवा टीम पर फोकस करती भाजपा ने सबसे अधिक उत्साहित अभिलाष समर्थकों को किया है।

### दो दिनों में 30 ग्राम पंचायतों में पहुंचेगी विकसित भारत संकल्प यात्रा

**जबलपुर।** केंद्र शासन की योजनाओं का सभी पात्र हितग्राहियों को लाभान्वित करने तथा नवाचारी योजनाओं से देश में हुये विकास से आम लोगों को परिचित कराने जिले में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा शुक्रवार 22 दिसम्बर को तथा शनिवार 23 दिसंबर को जिले की 15-15 ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेगी। जिला पंचायत से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकसित भारत संकल्प यात्रा जनपद पंचायत जबलपुर में 22 दिसम्बर को ग्राम पंचायत निगरी एवं जोगीढाना तथा शनिवार 23 दिसम्बर को ग्राम पंचायत हर्रई और ढोडा, जनपद पंचायत मझौली में 22 दिसम्बर को ग्राम पंचायत छीतापाल, बीछी एवं छनगवां, तथा 23 दिसम्बर को ग्राम पंचायत पटोरी, दोनी एवं काकरदेही, जनपद पंचायत पनागर में 22 दिसम्बर को ग्राम पंचायत खिरिया सिमरा एवं बघौडा तथा 23 दिसंबर को सूरतलाई एवं नगना, जनपद पंचायत पाटन में 22 दिसम्बर को ग्राम पंचायत गाडाघाट एवं जटवां तथा 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत सरोंद एवं भरतरी, जनपद पंचायत शहपुरा में 22 दिसम्बर को ग्राम पंचायत किसरौद एवं नोनी तथा 23 दिसंबर को पिपरिया (कनवास) एवं घुन्सौर, जनपद पंचायत कुंडम में 22 दिसम्बर को ग्राम पंचायत महगवां (कु) एवं सरौली, जनपद पंचायत सिहोरा में 22 दिसम्बर को ग्राम पंचायत टिकरिया पुरानी एवं रानीताल तथा 23 दिसंबर को ग्राम पंचायत पौड़ीकला एवं पौड़ीखुर्द पहुंचकर ग्रामवासियों को केंद्र सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करेगी। विकसित भारत संकल्प यात्रा के भ्रमण के दौरान प्रचार रथों से केंद्र शासन की योजनाओं का प्रचार प्रसार किया जायेगा।

# जबलपुर दुग्ध संघ अब बन गया है सफेद हाथी

**जबलपुर।**

पिछले 5 वर्षों में 25 करोड़ का घाटा देने वालें जबलपुर दुग्ध संघ अब सफेद हाथी बन गया है, इससे न तो किसानों को न ही उपभोव्ताओं को लाभ पहुंच रहा है। दुग्धसंघ अब अपने उद्देश्य से दूर हो गया है। अतः जबलपुर दुग्ध संघ की उच्च स्तरीय जांच होना चाहिए तथा यह तय होना चाहिए कि कब तक सरकार आर्थिक बोझ उठायेगी, क्योंकि जबलपुर दुग्ध संघ हर वर्ष दूध का धंधा घाटे में कर रहा है। यह पत्र आज नागरिक उपभोव्ता मार्गदर्शक मंच ने संभागीय आयुव्त को सौंपा है।

**पिछले 5 सालो में 25 करोड़ का घाटा, जांच की मांग**

डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि जबलपुर दुग्ध संघ से 15 जिलों में 695 समितियां अनुबंधित है, लेकिन बहुतांश समितियां निष्क्रिय पड़ी है। नतीजन मात्र 3 जिलों से सिवनी, बालाघाट, छिंदवाड़ा से ही दूध संकलन हो रहा है। इस कारण एक लाख लीटर प्रतिदिन क्षमता वाला प्लांट होने के बावजूद भी औसतन 25-30 हजार लीटर प्रतिदिन दूध उत्पादन हो रहा है। डॉ.पीजी नाजपांडे ने बताया कि दुग्ध संघ इस दयनीय स्थिति के कारण वह जबलपुर के निजी डेरी वालों के समक्ष प्रतिस्पर्धा कहीं पर भी नहीं है। प्रतिस्पर्धा के अभाव में निजी डेरी वालों की मोनोपोली हो गई है तथा वे दूध के मनमाने रेट बढ़ा रहे है।

इस अवसर पर रजत भार्गव, सुभाष चंद्रा, डीआर लखेरा तथा राम मिलन शर्मा आदि उपस्थित थे।

# तीन शिक्षकों की एक-एक वेतन वृद्धि रोकी

**जबलपुर।** जिला शिक्षा अधिकारी ने अध्यापन के कार्य में रुचि नहीं लेने पर तीन शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किये हैं तथा निरीक्षण के दौरान शाला से अनुपस्थित पाये जाने पर तीन शिक्षकों की असंचयी प्रभाव से एक-एक वेतन वृद्धि रोक दी है। जबकि एक शिक्षक की वेतन वृद्धि रोकने सयुंव्त संचालक लोक शिक्षण को प्रस्ताव भेजा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार विगत 17 दिसम्बर को जनशिक्षक अजय सिंह ठाकुर द्वारा गढ़ा स्थित एकीकृत उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का निरीक्षण किया गया था। इस दौरान शाला में पदस्थ सहायक शिक्षक श्रीमती आशिमा वर्मा, सहायक शिक्षक श्रीमती सुधा कठल, सहायक शिक्षक राजेश दुबे, सहायक शिक्षक श्रीमती सुषमा अहिरवार एवं उच्च श्रेणी शिक्षक श्रीमती शिला जैन अनुपस्थित पाये गये। पूर्व में भी हुये आकस्मिक निरीक्षण के दौरान इन शिक्षकों को शाला से अनुपस्थित रहने के कारण बताओ नोटिस जारी किये गये थे । इनमें से तीन शिक्षकों श्रीमती आशिमा वर्मा, श्रीमती सुधा कठल एवं राजेश दुबे की असंचयी प्रभाव से एक-एक वेतन वृद्धि रोकने के आदेश जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जारी किये गये हैं । जबकि श्रीमती सुषमा अहिरवार को परिनिन्दा शास्ति से दंडित किया गया है । इसी प्रकार उच्च श्रेणी शिक्षक श्रीमती शिला जैन की वेतन वृद्धि रोकने सयुंव्त संचालक शिक्षा को प्रस्ताव भेजा गया है। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा जिन तीन शिक्षकों को अध्यापन कार्य में रुचि नहीं लेने की शिकायत पर कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं वे शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोकलपुर में पदस्थ हैं । इन शिक्षकों में उच्च माध्यमिक शिक्षक सन्तोष कुमार बोहरे, दिलीप अग्रवाल एवं डॉ उमेश चन्द्र राय शामिल हैं । इन्हें तीन दिन के भीतर कारण बताओ नोटिस का जबाब देने के निर्देश दिये गये हैं । तय समय सीमा के भीतर और सन्तोष जनक जबाब न मिलने की स्थिति में वरिष्ठ कार्यालय को अनुशासनात्मक कार्यवाही का प्रस्ताव भेजने की चेतावनी दी गई है।

### स्कूलों का किया निरीक्षण

परीक्षा परिणामों में सुधार लाने के मकसद से जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी ने गुरुवार को शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चेरीताल, शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल तमरहाई, शासकीय हायर सेकेंडरी सीएम राइज स्कूल अधारताल का आकस्मिक निरीक्षण भी किया ।

### एनपीएस के खात्मे समेत ज्वलंत मुद्दे पर होगा मंथन

# रेल मजदूर संघ का वार्षिक अधिवेषन 27 को

**जबलपुर।**

वेस्ट सेन्ट्रल रेलवे मजदूर संघ का वार्षिक अधिवेषन 27 एवं 28 दिसम्बर को जबलपुर में सीनियर इंस्टीटयूट जबलपुर में होगा एनएफआईआर के अध्यक्ष के मुख्य आथित्य में होगा। अधिवेषन में मुख्यालय कार्यकारिणी, केन्द्राrय कार्यकारिणी बैठक तथा सामान्य सभा, साथ ही भव्य रैली भी आयोजित होगी। संघ के महामंत्री अशोक शर्मा तथा संघ प्रवव्ता व संयुव्त महामंत्री सतीश कुमार ने बताया कि मुख्य कार्यक्रम में मुख्य वव्ता घुमान सिंह, अध्यक्ष एनएफआईआर, नई दिल्ली व मुख्य अतिथि आर.एस.सक्सेना अपर महाप्रबंधक पमरे, अध्यक्षता सी.एम. उपाध्याय, अध्यक्ष, डब्ल्यूसीआरएमएस तथा विशिष्ठ अतिथि के रूप में प्रभात, प्रमुख मुख्य कार्मिक अधिकारी, विवेकशील, मंडल रेल प्रबंधक, जबलपुर समेत जोनल पदाधिकारी व आला अधिकारी शिरकत करेगे। अधिवेषन में भोपाल, कोटा तथा जबलपुर मंडलो, मुख्यालय, कोटा- भोपाल कारखानो व शैडो समेत विभिन्न स्टेशनों पर कार्यरत सैकड़ो पदाधिकारी, कार्यकर्ता युवा व महिला कर्मचारी भाग लेंगे।

अधिवेषन के ज्वलंत मुद्दे नाईट डय़ूटी एलाउन्स की सीलिंग वापस की मांग, डी.ए. फ्रीजर को तत्काल रद्द कर एरियर्स सहित तत्काल भुगतान करने की मांग, पॉइंट्समैन की 12 घंटे डय़ूटी को पुन 8 घंटे करने की मांग, पेट्रोलमैन की बीट 12 कि.मी. से अधिक न हो तथा कीमैन /पैट्रोलमैन के साथ एक-एक सहायक अनिवार्यताः दिये जाने की मांग, श्रमिक विरोधी कोड बिल 2020 को वापस लेने की मांग, न्यू अंशदायी पेंशन स्कीम को रद्द कर ओपीएस चालू करने की मांग। संघ के अध्यक्ष सी.एम. उपाध्याय, महामंत्री अशोक शर्मा, कोषाध्यक्ष अनुज तिवारी, संयुव्त महामंत्री सतीश कुमार मंडल अध्यक्ष एस.एन. शुक्ला, मंडल सचिव डी.पी. अग्रवाल आदि ने अधिक से अधिक रेल कर्मचारियो से भाग लेने व कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

# हाई कोर्ट ने तीन भाईयों की फांसी की सजा को अंतिम सांस तक उम्रकैद में बदला

जबलपुर।

हाई कोर्ट के न्यायमूर्ति सुजय पाल व न्यायमूर्ति बीके द्विवेदी की युगलपीठ ने दोहरे हत्याकांड मामले में तीन भाईयों जबलपुर निवासी विनय कुशवाहा, रवि कुशवाहा व राजा कुशवाहा को मिली फांसी की सजा को अंतिम सांस तक उम्रकैद में बदल दिया। कोर्ट ने आरोपितों की आयु व उनमें सुधार व पुनर्वास की संभावना को देखते हुए आदेश पारित किया। यह मामला जबलपुर के गोरखपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ढ़ाई वर्ष पूर्व नाली के मामूली विवाद पर दंपति की हत्या के अलावा तीन अन्य के ऊपर प्राणघातक हमले के आरोप से संबंधित था।



अभियोजन के अनुसार सांई कालोनी निवासी गोलू कुशवाहा का पड़ोस में रहने वाले रिश्तेदार विनय कुशवाहा से नाली के पानी की निकासी को लेकर विवाद चल रहा था। 14 जून, 2021 को गोलू अपने घर पर रात्रि करीब ग्यारह बजे खाना खा रहा था। उसी दौरान आरोपित पड़ोसी विनय कुशवाहा, रवि कुशवाहा व राजा कुशवाहा बाउंड्री कूदकर गोलू के घर अंदर जा घुसे। उन्होंने पत्नी रूचि पर चाकू से हमला कर दिया और उसके बाद उसके बेटे प्रतीक पर भी चाकू से हमला किया। गोलू का भाई पुष्पराज व उसकी पत्नी नीलम बीच-बचाव करने आये तो आरोपितों ने उन पर भी चाकू व लाठियों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया।वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित मौके से फरार हो गए थे। घायलों को मेडिकल अस्पताल ले जाया गया था। जहां डाक्टरों ने पुष्पराज तथा उसकी पत्नी नीलम को मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मामले में हत्या, हत्या के प्रयास सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। सुनवाई दौरान पेश किए गए साक्ष्य व गवाहों के आधार पर सेशन कोर्ट ने तीनों आरोपितों को फांसी की सजा सुना दी थी। साथ ही मृत्युदंड की पुष्टि के लिए उक्त प्रकरण हाई कोर्ट भेजा गया था। इसके अलावा सजा के विरुद्ध आरोपितों की ओर से अपील भी दायर की गई थी। हाई कोर्ट ने सुनवाई के दौरान पाया कि आरोपितों की आयु 35, 24 व 23 वर्ष है। उन्होंने एकराय होकर दो परिवारों पर हमला किया और किसी तरह का पश्चाताप नहीं किया। वे निचले व मध्यम तबके के हैं। समाज को भयभीत करने की मंशा से जघन्य अपराध किया। उनके सुधार व पुनर्वास की संभावना से मना नहीं किया जा सकता। लिहाजा, फांसी की सजा को अंतिम सांस तक आजीवन कारावास में बदला जाता है।

## दस्तावेजों का सत्यापन किया बगैर कैसे बना दिया ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र

## कलेक्टर व तहसीलदार सहित अन्य को नोटिस जारी

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश हाईकोर्ट ने राज्य शासन से पूछा है क दस्तावेजों के सत्यापन के बिना ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र कैसे जारी कर दिया गया। जस्टिस राजमोहन सिंह की एकलपीठ ने प्रमुख सचिव स्कूल शिक्षा विभाग, कमिश्नर लोक शिक्षण, कलेक्टर जबलपुर, तहसीलदार और जिला शिक्षा अधिकारी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। जबलपुर निवासी संजीव अग्रहरी ने याचिका दायर कर बताया क अनावेदिका दीप्ती अग्रहरी ने अवैधानिक तरीके से उच्च शिक्षक के पद पर नियुक्ति पाई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर ने दलील दी क दीप्ति का अपने पति के नाम के साथ संयुक्त स्वामित्व की नगर निगम सीमा में अचल संपत्ति है। इसके अलावा स्वयं के नाम के आवास को कूटरचित किरायानामा बनाकर शपथ पत्र पर झूठी जानकारी दी। ऐसे फर्जी दस्तावेजों के जरिए ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र हासिल किया गया। कोर्ट को बताया गया क रांझी तहसीलदार ने 15 सतंबर 2022 को दीप्ती का आवेदन निरस्त कर दिया था। बाद में पुनः फर्जी दस्तावेज बनाकर तहसीलदार जबलपुर के समक्ष पेश कए गए। तहसीलदार ने बिना दस्तावेजों के सत्यापन कए प्रमाण पत्र जारी कर दिया। उन्होंने बताया क ग्वालियर हाईकोर्ट ने शिक्षक भर्ती में विकलांग कोटा से नौकरी प्राप्त करने वाले समस्त अभ्यर्थियों के विकलांगता प्रमाण पत्रों की जांच के निर्देश दिए हैं।



# सेंट्रल बैंक इंडिया ने मनाया 113वां स्थापना दिवस

**जबलपुर।** सम्पूर्ण भारत वर्ष में मातृ संस्था सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया का 113वां स्थापना दिवस 21 दिसम्बर को मनाया गया। इस उपलक्ष्य में सभी शाखाओं द्वारा विविध आयोजन किए गए। इसी कड़ी में धोबीघाट शाखा द्वारा सम्मानीय ग्राहकों की उपस्थिति में शाखा में बैंक के संस्थापक सोराबजी पोचखानवाला के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलन किया गया एवं मिष्ठान्न वितरण किया गया। साथ ही बच्चों को नर्सरी स्कूल में जाकर उपहार वितरित कर तिरंगा झंडा भेंट किए गए। बताया गया एक महत्वपूर्ण तथ्य यह भी है कि जब देश आजादी की लड़ाई लड़ रहा था तब 1911 में प्रथम स्वदेशी बैंक के तौर पर इस महान बैंक की स्थापना की गई थी। आज के समारोह में शशांक मिश्रा, शाखा प्रबंधक, सोनम झारिया, कुमुदनी, गीत, मालती, आंचल, सोनू, के अतिरिक्त सम्मानीय ग्राहकों के रूप में दीपक सोवर, जयंती कुवर, पंकज पांडे, जनकपुरी टाउनशिप, राकेश मित्रा, भूपेन्द्र सिंह यादव, मनीष राय, यश मिश्रा आदि उपस्थित रहे।

## झारिया कल्याण संघ की बैठक संपन्न



**जबलपुर।** झारिया कल्याण संघ जबलपुर के दया नगर स्थित कार्यालय में बैठक संपन्न हुई जिसमें आगामी मार्च अप्रैल 2024 में संघ की ओर से आयोजित सामाजिक सम्मेलन एवं सामूहिक विवाह कार्यक्रम करने पर चर्चा की गई और इस अवसर नगर निगम जबलपुर अजाक्स अध्यक्ष के पद पर श्री अमित मेहरा के निर्वाचित होने पर समाज के और से उन्हें फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर स्वागत किया गया इस अवसर पर डॉ.एन.पी झारिया ने अपने उद्बोधन में कहा की समाज की प्रगति के लिए सबको एकजुट होकर कार्य करना होगा तभी अंतिम छोर के व्यक्ति की मदद हो पायेगी।

## बैच टॉपर साक्षी तिवारी गोल्ड मेडल से सम्मानित

**जबलपुर।** 18 दिसंबर 2023 को हितकारिणी विधि महाविद्यालय द्वारा हितकारिणी महोत्सव लीग फेस्ट मनाया गया जिसमें एलएलबी 2023 के बैच टॉपर साक्षी तिवारी को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। आप एडवोकेट सुरेंद्र /अनीता तिवारी की पुत्री है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि एडवोकेट संजय वर्मा अध्यक्ष हाई कोर्ट बार एसोसिएशन, अध्यक्षता नित्यरंजन खमरिया पूर्व विधायक एवं विशिष्ट अतिथि में पंकज मिश्रा सी एस पी ओमती थाना, दीपेश मिश्रा कुलसचिव आरडीवीवी एवं बाबू विश्व मोहन मंत्री अध्यक्ष हितकारिणी एवं हितकारिणी विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ विकास सिंह मौजूद रहे।



## एल्युमिनाई संगठन सदस्यों का पुनर्मिलन समारोह 23 को



**जबलपुर।** शासकीय मोहनलाल हरगोविंद दास गृह विज्ञान एवं विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर के प्रांगण में एल्युमिनाई संगठन के समस्त माननीय सदस्यों का पुनर्मिलन समारोह आयोजित कर रहा है जिसमें देश-विदेश से भूतपूर्व छात्राएं एवं शिक्षक गण उपस्थित हो रहे हैं इस अवसर पर महाविद्यालय सभी माननीय सदस्यों के स्वागत हेतु दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन कर रहा है यह आयोजन 23 एवं 24 दिसंबर को महाविद्यालय के प्रांगण में आयोजित किया जाएगा ।

# सर्वधर्म मैत्री मंच का क्रिसमस कार्यक्रम आयोजित

**जबलपुर।** सर्वधर्म मैत्री मंच द्वारा संत अलायसियस स्वशासी महाविद्यालय में क्रिसमस कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जगत बहादुर सिंह अन्नू महापौर ने अपने संदेश में कहा कि सर्वधर्म मैत्री मंच जबलपुर विगत 30 वर्षों से अदभुत तरीके से कार्य कर रहा है, इसके माध्यम से सभी धर्म की विशेषता समाज के सामने उजागर होती है। क्रिसमस खुशियों से भरा त्यौहार है, जो आपसी प्रेमस व भाईचारे का प्रतीक है। कार्यक्रम का शुभारंभ मनमोहक प्रार्थना नृत्य द्वारा किया गया। अतिथियों के स्वागत उपरांत सभी धर्मों के धर्मग्रंथों से पवित्र वचनों का वाचन किया गया। क्रिसमस के सुमधुर गीतों की प्रस्तुति से समा बांध दिया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि फा. विजय मरावी ने अपने संदेश में कहा कि येशु ईसा मसीह दुनिया के लिए प्रेम, शांति और भाईचारे का संदेश लेकर आए थे, उनकी शिक्षा सार्वभौमिक और सार्वकालिक है। कार्यक्रम के अगले चरण में संत अलायसियस इंजीनियरिंग कॉलेज, गौर द्वारा एक नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गई। संत अलायसियस महाविद्यालय सदर के विद्यार्थियों द्वारा इस अवसर पर क्रिसमस डांस की सुंदर प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश महेश्वरी, डॉ. फा. डेविस जार्ज, डॉ. एसके अमीन, डॉ. केलर, डॉ. फा. वलन अरासू की उपस्थिति रही।





## हवाबाग महाविद्यालय में क्रिसमस प्रोग्राम आयोजित

**जबलपुर।** हवाबाग महाविद्यालय जबलपुर में क्रिसमस प्रोग्राम जबलपुर नगर निगम के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के मुख्य आतिथ्य एवं महाविद्यालय की प्रबंधक, श्रीमती एल.सी. सिलास के संरक्षण एवं महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. शहवार सैयद की अध्यक्षता में सानन्द सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूवात प्रभु ईसा मसीह की प्रार्थना एवं कैरोल गीत के साथ की गई। मुख्य अतिथि द्वारा उद्बोधन में क्रिसमस त्यौहार के महत्व के साथ ही सभी उपस्थित विद्यार्थियों को पढ़ाई के साथ ही समाज सेवा एवं राष्ट्र भक्ति हेतु उत्प्रेरित किया। तत्पश्चात विद्यार्थियों द्वारा प्रभु ईसा मसीह के जन्म की कथा का मंच पर प्रस्तुतीकरण किया गया एवं महापौर द्वारा महाविद्यालय के विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को पारितोषित वितरण किया गया।

## अतिथि शिक्षकों की ऑनलाइन जॉइनिंग अब तक फीड नहीं, कैसे होगा मानदेय भुगतान

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के शासकीय विद्यालयों में शिक्षा की गतिविधियों के संचालन हेतु समय-समय पर शॉर्ट टर्म और लाँग टर्म अवधि हेतु अतिथि शिक्षक रखे जाते हैं। उक्त तारतम्य में सत्र 2023-24 में भी विभिन्न प्राथमिक, माध्यमिक, हाई स्कूल एवं उमा विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों को रखा गया है, अतिथि शिक्षक के पोर्टल पर विसंगति, गड़बड़ी के कारण बहुत से अतिथि शिक्षकों का नाम अब तक ऑनलाइन नहीं चढ़ा है। जबकि संकुल प्राचार्यों के द्वारा अतिथि शिक्षकों की समस्त जानकारी संधारित कर आवेदन पत्र के साथ जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय एवं ज्वाइंट डायरेक्टर कार्यालय को कई बार प्रेषित की जा चुकी है, परंतु फिर भी अब तक अतिथि शिक्षकों के नाम ऑनलाइन रूप में पोर्टल पर नहीं जुड़े हैं। अतिथि शिक्षकों की बैठक में निर्णय लिया गया कि यदि लंबित अतिथि शिक्षकों के नाम 15 दिन में ऑनलाइन दर्ज नहीं किए जाते हैं तो अतिथि शिक्षक संघ जिला शिक्षाधिकारी का घेराव कर अपनी बात प्रशासन तक पहुंचाने के लिए बाध्य होंगे। बैठक में अतिथि शिक्षक संघ जबलपुर जिलाध्यक्ष हेमंत तिवारी, संदीप तिवारी, रीना सेन, जगन्नाथ अवस्थी, विपिन त्रिपाठी सहित जबलपुर के समस्त अतिथि शिक्षक उपस्थित रहे।

## जनेकृविवि में विकसित भारत-2047 उत्सव का कार्यकम आज

# विकसित भारत कार्यकम: भाषण प्रतियोगिता आयोजित

**जबलपुर।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की प्रेरणा से विकसित भारत कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रम विश्वविद्यालय में आयोजित किये जा रहे हैं। आयोजनों की इसी श्रृंखला में कृषि महाविद्यालय जबलपुर एवं कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय जबलपुर के छात्र-छात्राओं के लिए विकसित भारत कार्यकम 2047 के अंतर्गत भारतीय अर्थव्यवस्था के समग्र गतिशील विकास हेतु कृषि शिक्षा एवं कृषि छात्रों का योगदान विषय पर सामूहिक चर्चा एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में अधिष्ठाता कृषि महाविद्यालय डॉ. पी.बी. शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में स्नातक स्तर के 23 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। कार्यकम में कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव ने विकसित भारत के अंतर्गत कृषि शिक्षा एवं कृषि छात्रों को योगदान विषय पर अपने विचार व्यक्त किये, साथ ही छात्र-छात्राओं को विकसित भारत 2047 की परिकल्पना के अनुरूप कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण डॉ. अमित शर्मा, निर्णायकों के रूप में कृषि अर्थशास्त्र एवं प्रक्षेत्र विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष श्रीवास्तव, कृषि अभियांत्रिकी महाविद्यालय, जबलपुर के प्राध्यापक डॉ. रत्नेश श्रीवास्तव, सहायक छात्र कल्याण अधिकारी डॉ. अमित झा, डॉ. सीमा नवेरिया, सह-प्राध्यापक, डॉ. सोनम अग्रवाल, डॉ. रीना नायर, डॉ. विकास गुप्ता सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं शामिल हुए।




# धान खरीदी केन्द्रों का तहसीलदार ने किया निरीक्षण

**सिहोरा।** धान खरीद केंद्रों पर हो रही खरीद का निरीक्षण करने के लिए सिहोरा तहसीलदार शशांक दुबे ने क्रय केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान क्रय केंद्र प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान स्टाक रजिस्टर देखने के साथ ही खरीद के बारे में जानकारी ली तथा क्रय केंद्रों पर आने वाले किसानों से अच्छा व्यवहार करने के निर्देश दिए। तहसीलदार ने सख्त लहजे में हिदायत दी की तोल में गड़बड़ी जैसी शिकायत कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

गुरुवार को घाट सिमरिया में हाइवे के किनारे बने वेयरहाउस पहुंचे तहसीलदार ने सबसे पहले तौल कांटों से हो रही तौल का निरीक्षण किया। निर्धारित मात्रा से कहीं ज्यादा कहीं कम तौल किए जाने पर तुलावटीयों को जमकर फटकार लगाई। वही बारदानो में तुलकर रखी गुणवत्ता हीन धान को रिजेक्ट कर किसान को ग्रेडिंग कर कर लाने निर्देशित किया। श्री दुबे ने बताया कि केंद्र पर तौल जारी है और किसान बड़ी संख्या में ट्रैक्टर ट्राली से धान लेकर केंद्र पहुंच रहे हैं केंद्रों के बाहर बेतरतीब लगी ट्रैक्टर ट्राली की लाइन से दुर्घटना एवं यातायात प्रभावित होने की संभावना को देखते हुए वाहनों को व्यवस्थित खड़े करने के निर्देश भी खरीदी केंद्र प्रभारियों को दिए इसके अलावा बदरा धान नहीं खरीदने की हिदायत देते हुए वास्तविक किसानों के धान खरीदने एंव किसानों को किसी तरह की परेशानी न हो सुनिश्चित करने को कहा।



## गायत्री महायज्ञ का भूमि पूजन कार्यक्रम संपन्न

**सिहोरा।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज, हरिद्वार के तत्वाधान में सिहोरा में 31 दिसंबर से प्रारम्भ हो रहे गायत्री महायज्ञ का भूमिपूजन गुरुवार को यज्ञ स्थल गढ़िया मोहल्ला में आयोजित किया गया जिसमें 25 आचार्यगण गायत्री शक्तिपीठ जबलपुर से पधारे 25 आचार्य गणों ने हिस्सा लिया। विदित हो 2026 में जनशताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में ब्रह्मास्त्र अनुष्ठान किया जा रहा है जिसके तहत 10 माला गायत्री मंत्र एवं एक माला महामृत्युंजय मंत्र का जाप कराया जा रहा है।






**श्री एन. राजेंद्र राव-** गली नं. 1 सदर निवासी श्री एन. राजेंद्र राव (65) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र मिश्रा-** आईटीआई माढ़ोताल निवासी श्री सुरेंद्र मिश्रा (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार माढ़ोताल मोक्षधाम में किया गया।

**श्री राम कुमार झा-** चांदमारी लालमाटी निवासी श्री राम कुमार झा (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुशील वाल्मीक-** सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री लालमन वाल्मीक के पुत्र श्री सुशील वाल्मीक (40) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम नरेश जायसवाल-** सेठी नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री राम नरेश जायसवाल (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मनीष वर्मा-** बड़ी ओमती निवासी श्री रमेश वर्मा के पुत्र श्री मनीष वर्मा (28) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री अशोक जाटव-** इंद्रा बस्ती एलआईसी के सामने मदनमहल निवासी श्री अशोक जाटव (62) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नेमी लाल चौधरी-** पूर्वी करियापाथर विनोबा भावे वार्ड निवासी श्री नेमी लाल चौधरी (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती रामप्यारी शिवाजी-** अन्ना मोहल्ला इंद्रा बस्ती एलआईसी के सामने मदनमहल निवासी श्रीमती रामप्यारी शिवाजी (104) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेश चंद्र शर्मा-** तिघरा खमरिया निवासी श्री सुरेश चंद्र शर्मा (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

हरिभूमि निजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अन्य साइज 40/- प्रति स्क्वायर से.मी.
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 8x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1000/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:-0761-4048310, 2757175

# नपा के स्वच्छता प्रहरियों को वेतन के लाले

**सिहोरा।** नगर सरकार से केंद्र तक ट्रिपल इंजन की मोदी की गारंटी वाली सरकार के राज में स्वच्छता के प्रहरी वेतन को मोहताज हैं ऐसा ही एक मामला सिहोरा नगर पालिका क्षेत्र का प्रकाश में आया है मध्य प्रदेश श्रमजीवी सफाई कर्मचारी संघ ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी के नाम ज्ञापन सौंप कर चेताया है कि वेतन न मिलने की स्थिति में कर्मचारी काम बंद हड़ताल करने दिवस हो जाएंगे।

सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष राजा नाहर ने बताया कि विगत कई माह से समय से वेतन प्राप्त नहीं हो पा रहा जिससे उन्हें अपने परिवार का उदर पोषण करने में समस्या आ रही है। पूर्व में भी नपा के आल्हा अधिकारियों से समस्त सफाई कर्मचारियों का वेतन प्रत्येक में की 1 से 5 तारीख तक किए जाने की मांग की गई थी किंतु वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा दिए गए आश्वासन के बावजूद आज दिनांक तक सफाई कर्मचारियों को वेतन प्राप्त नहीं हो सका है।कर्मचारियों ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि संस्था समय से भुगतान नहीं कर सकती तो सिहोरा एवं खितौला के समस्त सफाई कर्मचारी अपनी सेवाएं देने में असमर्थ हैं जिसकी समस्त जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।



## स्कूल से दिन दहाड़े चोरो ने की स्कूटी पार ग्राम दर्शनी की घटना

सिहोरा। जिले के ग्रामीण इलाकों में बढ़ती हुई लगातार चोरियों से पुलिस प्रशासन भी परेशान है । ताजा मामला सिहोरा थाना क्षेत्र की सीमा का प्रकाश में आया है विगत दिवस सिहोरा वार्ड नंबर पांच निवासी विजय विश्कर्मा ने बताया कि मेरी पुत्री का रचना मेमोरियल स्कूल ग्राम दर्शनी में पेपर देने गईं हुई थी जैसे ही वह पेपर देकर बाहर हर आई तो उसनें वहाँ पर स्कूटी नहीं दिखाई दी उसने आसपास देखा और पता किया लेकिन स्कूटी नहीं मिली। पीड़ित ने सिहोरा थाने में स्कूटी चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई।जिसका नम्बर एम पी 20 एस वाई - 7916 है एंव नीले रंग की है। पुलिस ने चोरी हुई स्कूटी का प्रकरण दर्ज कर अधिनियम की धारा भा दं सं 1860 की धारा 379 के तहत प्रकरण दर्ज करते हुये जांच पड़ताल शुरू कर दी गई है।

# सप्लाई में कमी, इस वजह से 15 सालों की ऊंचाई पर पहुंची चावल की कीमत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

चावल की कीमतों में उछाल थमने का नाम नहीं ले रही है। भारी डिमांड के कारण चावल के दाम 15 साल के उच्च स्तरों पर जा पहुंचा है। अल नीनो के असर के चलते चावल की सप्लाई बाधित हुई है।

■ चावल आने वाले दिनों में और महंगे होने की

एशियाई और अफ्रीकी महाद्वीप के देशों में चावल लोगों की थाली का प्रमुख भोजन है। लेकिन चावल की महंगाई ने अभी से लोगों की परेशानी बढ़ा दी है और आने वाले दिनों में चावल के और महंगे होने की संभावना जताई जा रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक थाई राइस एक्सपोटर्स एसोसिएशन ने बताया कि थाई व्हाइट राइस ब्रोकेन 5 फीसदी जो एशियन बेंचमार्क है उसकी कीमतें बुधवार 20 दिसंबर, 2023 को 2.5 फीसदी के उछाल के साथ 650 डॉलर प्रति टन जा पहुंचा है जो 15 सालों में अक्टूबर 2008 के बाद सबसे ज्यादा है। कीमतों के उछाल की बड़ी वजह भारत के चावल के एक्सपोर्ट पर रोक के अलावा थाईलैंड में चावल के फसल को हुआ नुकसान है।

## अल नीनो के असर के चलते चावल की सप्लाई बाधित हुई

### भारत सरकार परेशान

भारत में भी चावल की कीमतों में बढ़ोतरी ने सरकार की परेशानी बढ़ा रखी है जिसके बाद हाल ही में सरकार ने राइस मिलों को चावल की कीमतों में कमी करने का आदेश दिया है। 2024 में होने वाले लोकसभा चुनावों में अब चार महीने से भी कम समय बचा है। ऐसे में चावल की कीमतों में उछाल से सरकार भी चिंतित है।



*चावल का घट सकता है उत्पादन : वैसे इस खरीफ सीजन में भारत में चावल के उत्पादन में बड़ी गिरावट की संभावना जाहिर की जा रही है। पिछले 8 सालों में पहली बार चावल के उत्पादन में कमी आ सकती है। भारत चावल का सबसे बड़े उत्पादक देश है और इसी साल जुलाई 2023 में सरकार ने घरेलू बाजार में कीमतों पर काबू पाने के लिए गैर-बासमती चावल के एक्सपोर्ट पर बैन लगा दिया था।*

### चावल कंपनियों को कीमतें घटाने के आदेश

18 दिसंबर 2023 को उपभोक्ता मामलों और खाद्य आपूर्ति मंत्रालय के अधीन आने वाले खाद्य और आपूर्ति डिपार्टमेंट के सचिव संजीव चोपड़ा ने चावल प्रोसिंजिंग इंडस्ट्री के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर गैर-बासमती चावल की कीमतों की समीक्षा की। इस बैठक में इन प्रतिनिधियों से सचिव ने घरेलू बाजार में चावल की कीमतों में तत्काल रूप से कटौती करने के आदेश देने के साथ ही मुनाफाखोरी से बचने की नसीहत दी गई। सरकार ने बीते 2 सालों में सालाना 12 फीसदी के दर से चावल की कीमतों में उछाल को लेकर अपनी चिंता जाहिर की।

### एक साल में 15 फीसदी महंगा हुआ चावल

डिपार्टमेंट ऑफ कंज्यूमर अफेयर्स के प्राइस मॉनिटरिंग डिविजन के डेटा के मुताबिक एक साल में चावल की कीमतों में 15 फीसदी के करीब उछाल देखने को मिला है। 21 दिसंबर, 2022 को इस डेटा के मुताबिक चावल का खुदरा मुल्य 37.99 रुपए प्रति किलो था जो 20 दिसंबर 2023 को बढ़कर 43.51 रुपए प्रति किलो पर जा पहुंचा है।

## खबर संक्षेप

### गुजरात में पवन ऊर्जा का ठेका सुजलॉन को मिला



**नई दिल्ली।** नवीकरणीय ऊर्जा समाधान प्रदाता सुजलॉन समूह को केपी समूह से गुजरात में 193.2 मेगावाट की पवन ऊर्जा परियोजना विकसित करने का ठेका मिला है। केपी ग्रुप के लिए 193.2 मेगावाट पवन ऊर्जा परियोजना विकासित करने का नया ऑर्डर गुजरात में नवीकरणीय ऊर्जा योगदान बढ़ाने के लिए परियोजना का हिस्सा होगा।

### कोयला उत्पादन एक अरब टन को पार कर जाएगा



**नई दिल्ली।** कोयला एवं खान मंत्री प्रल्हाद जोशी ने विश्वास जताया कि चालू वित्त वर्ष में देश का कोयला उत्पादन एक अरब टन के आंकड़े को पार कर जाएगा। वित्त वर्ष 2023-24 के लिए देश का जीवाश्म ईंधन का उत्पादन लक्ष्य 101.21 करोड़ टन है। 'इस साल हम एक अरब टन उत्पादन स्तर को पार करने जा रहे हैं।'

### रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.27 प्रति डॉलर



**मुंबई।** लाल सागर मार्ग के जरिये वैश्विक व्यापार में व्यवधान के बीच विदेशी कोषों की निकासी से बृहस्पतिवार को रुपया नौ पैसे की गिरावट के साथ 83.27 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। घरेलू बाजारों के सकारात्मक रुख और प्रमुख वैश्विक मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर के कमजोर होने के बावजूद कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव का असर रुपये पर पड़ा।

### सोने में 50 रुपए की गिरावट चांदी 600 रुपए उछली



**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय बाजारों से मंदी के रुख के बीच राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में बृहस्पतिवार को सोना 50 रुपये की गिरावट के साथ 63,050 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले कारोबारी सत्र में सोना 63,100 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव पर बंद हुआ था। हालांकि, चांदी की कीमत 600 रुपये चढ़कर 79,100 रुपये प्रति किलोग्राम पर पहुंच गई।

### आईनॉक्स पहले दिन के कारोबार में 42% चढ़ा



**नई दिल्ली।** क्रायोजेनिक टैंक बनाने वाली कंपनी आईनॉक्स इंडिया का शेयर बृहस्पतिवार को कोराबार के अंत में अपने निर्गम मूल्य 660 रुपये पर 42 प्रतिशत से अधिक उछाल के साथ बंद हुए। बीएसई पर कंपनी के शेयर ने निर्गम मूल्य से 41.38 प्रतिशत चढ़कर 933.15 रुपये पर शुरुआत की। दिन में कारोबार के दौरान यह 50 प्रतिशत उछलकर 990 रुपये पर पहुंच गया।

### लेलैंड को तमिलनाडु परिवहन से 552 बस का ऑर्डर मिला




**नई दिल्ली।** प्रमुख वाणिज्यिक वाहन कंपनी अशोक लेलैंड को तमिलनाडु राज्य परिवहन निगम (टीएनएसटीसी) से 552 बस की आपूर्ति का ऑर्डर मिला है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कंपनी ने बयान में कहा कि 'अल्ट्रा लो एंट्री' (यूएलई) बसों को सार्वजनिक परिवहन के उपयोग में लिया जाएगा। अशोक लेलैंड टीएमएसटीसी को लंबे समय से बस की आपूर्ति करती आ रही है। वह निगम को अबतक लगभग 18,477 बस की आपूर्ति कर चुकी है।

## वैश्विक आयोजनों से आतिथ्य क्षेत्र में हुई प्रगति

# आतिथ्य क्षेत्र 2023 में पटरी पर लौटा 2024 में नए अवसर भुनाने की उम्मीद

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक महामारी का संकट खत्म होने के बाद घरेलू यात्राओं के एक बार फिर सामान्य होने.. भारत की जी20 अध्यक्षता और पुरुष क्रिकेट विश्व कप जैसे वैश्विक आयोजनों से 2023 में आतिथ्य क्षेत्र के प्रगति करने के बाद 2024 में भी इस क्षेत्र के बेहतरीन प्रदर्शन करने की उम्मीद है।


आतिथ्य क्षेत्र में नए साल में हालांकि दीर्घकालिक कोष पहुंच, उच्च जीएसटी दरें, प्रतिभा अधिग्रहण तथा जटिल व्यावसायिक प्रक्रिया जैसे मुद्दे चिंता का विषय बन सकते हैं।

### दोहरे अंक में राजस्व वृद्धि

होटल एसोसिएशन ऑफ इंडिया (एचएआई) के अध्यक्ष पुनीत छतवाल ने कहा, '2023 में सूचीबद्ध होटल कंपनियों ने घरेलू मांग, विदेशी पर्यटकों के आगमन में सुधार, बड़े वैश्विक आयोजनों जैसे भारत की जी20 अध्यक्षता और क्रिकेट विश्व कप खेल आयोजन आदि के दम पर दोहरे अंकों में राजस्व वृद्धि दर्ज की।'

## होटल कंपनियों ने घरेलू मांग में किया सुधार







*पहले छमाही में रेवपार में 14 फीसदी की वृद्धि : छतवाल इंडियन होटल्स कंपनी लिमिटेड (आईएचसीएल) के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) भी हैं। उन्होंने कहा कि विश्लेषकों के अनुमान के अनुसार, इस क्षेत्र ने चालू वित्त वर्ष 2023-24 की पहली छमाही में राजस्व प्रति उपलब्ध कक्ष (रेवपार) में 14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की है।*

### जी20 के आयोजन से पर्यटन को बढ़ावा मिला

'फेडरेशन ऑफ होटल एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन ऑफ इंडिया' (एफएचआरएआई) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप शेट्टी ने कहा कि पिछले वर्ष ने अभूतपूर्व चुनौतियों से निपटने में इस क्षेत्र के लचीलेपन को प्रदर्शित किया, खासकर यात्रा व्यापार के पुनरुद्धार को लेकर .. जी20 के आयोजनों ने भारतीय पर्यटन क्षेत्र को बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया, जो 2023 के सबसे बड़े आकर्षणों में से एक है।

### छोटे कस्बों व शहरों में समान संभावनाएं

फॉर्च्यून होटल्स के प्रबंध निदेशक समीर एमसी ने कहा, ' हम छोटे कस्बों और शहरों में बड़े पैमाने पर संभावनाएं देखते हैं जो रोमांचक अवसर पेश करते हैं।'समीर ने कहा, हमने 2023 में पर्यटन क्षेत्र में एक उल्लेखनीय पुनरुत्थान देखा है, जो घरेलू यात्रा तथा अंतरराष्ट्रीय आगंतुकों की क्रमिक वापसी के दम पर संभव हो पाया।

### लोगों के यात्रा करने की संख्या बढ़ी

वैश्विक महामारी के बाद उद्योग को भविष्य में पेश होने वाली हर चुनौती के लिए तैयार कर दिया गया है। यह सकारात्मक गति हमें आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती है। महिंद्रा हॉलिडेज एंड रिसॉर्ट्स इंडिया लिमिटेड के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ कविंदर सिंह ने कहा कि आरामदायक यात्रा, पर्यावरण के प्रति जागरूकता, सप्ताहांत अवकाश तथा परिवार के साथ अच्छा समय बिताने की इच्छा से लोगों के यात्रा करने की संख्या बढ़ी है।

# कृषि श्रमिकों के लिए महंगाई दर बढ़कर 7.37 प्रतिशत

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली



■ चावल, आटा, दाल जैसे सामान हुए महंगे
■ ग्रामीण श्रमिकों के लिए यह 7 .13 फीसदी रही

चावल, गेहूं का आटा, दाल जैसे खाने का समान महंगा होने से कृषि श्रमिकों के लिए खुदरा मुद्रास्फीति नवंबर में बढ़कर 7.37 प्रतिशत हो गई। वहीं ग्रामीण श्रमिकों के लिए यह 7.13 प्रतिशत रही। अक्टूबर में कृषि श्रमिकों की खुदरा मुद्रास्फीति 7.08 प्रतिशत और ग्रामीण श्रमिकों की खुदरा मुद्रास्फीति 6.92 प्रतिशत थी।

श्रम मंत्रालय की ओर से बृहस्पतिवार को जारी बयान के अनुसार, कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति नवंबर में क्रमशः 9.38 प्रतिशत और 9.14 प्रतिशत रही, जबकि अक्टूबर, 2023 में यह क्रमशः 8.42 प्रतिशत तथा 8.18 प्रतिशत थी। कृषि और ग्रामीण श्रमिकों के लिए खाद्य मुद्रास्फीति नवंबर, 2022 में क्रमशः 6.19 प्रतिशत और 6.05 प्रतिशत दर्ज की गई थी। बयान के अनुसार, सीपीआई-एएल (उपभोक्ता मूल्य सूचकांक-कृषि श्रमिक) और सीपीआई-आरएल (ग्रामीण श्रमिक) पर आधारित मुद्रास्फीति की दर इस साल नवंबर में क्रमशः 7.37 प्रतिशत और 7.13 प्रतिशत रही। अक्टूबर, 2023 में यह क्रमशः 7.08 प्रतिशत और 6.92 प्रतिशत थी। इस साल नवंबर में कृषि श्रमिकों के लिए अखिल भारतीय उपभोक्ता मूल्य सूचकांक 12 अंक बढ़कर 1,253 अंक हो गया, जबकि ग्रामीण श्रमिकों के लिए यह 11 अंक बढ़कर 1,262 अंक रहा। इस साल अक्टूबर में दोनों सूचकांक क्रमशः 1,241 अंक और 1,251 अंक थे।

### प्याज , हल्दी और लहसुन महंगा

कृषि श्रमिकों और ग्रामीण श्रमिकों के सामान्य सूचकांक में वृद्धि में प्रमुख योगदान क्रमशः 10.85 और 10.50 अंक की सीमा तक खाद्य पदार्थों का रहा। चावल, गेहूं आटा, दालें, प्याज, हल्दी, लहसुन, मिश्रित मसाले आदि की कीमतों में वृद्धि इसकी मुख्य वजह रही।

# बंधन बैंक आवास क्षेत्र का एनपीए करेगा हस्तांतरित

एजेंसी ▸▸ कोलकाता

■ बकाया राशि 30 सितंबर, 2023 तक 775 .62 करोड़ रुपये थी
■ 'स्विस चैलेंज' पद्धति के अनुसार बोली लगाई जाएगी

बंधन बैंक के निदेशक मंडल ने आवास क्षेत्र की गैर-निष्पादित आस्तियों (एनपीए) को एक परिसंपत्ति पुनर्निर्माण कंपनी को हस्तांतरित करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

बैंक ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि इसके तहत उन एनपीए बन चुके उन आवासीय कर्ज को हस्तांतरित किया जाएगा जिनपर बकाया की अवधि 180 दिन से अधिक हो गई है। कंपनी को हस्तांतरित की जाने वाली बकाया राशि 30 सितंबर, 2023 तक 775.62 करोड़ रुपये थी। बैंक को एकमुश्त नकद प्रतिफल के आधार पर एनपीए खंड के लिए 280.39 करोड़ रुपये की बाध्यकारी बोली मिली है। बैंक के अनुसार, 'स्विस चैलेंज' पद्धति के अनुसार बोली लगाई जाएगी और बिक्री का निर्णय बोली प्रक्रिया को नियंत्रित करने वाले मौजूदा दिशानिर्देशों तथा बैंक की प्रासंगिक नीति के आधार पर किए जाएगा।

*उपयोग सार्वजिनक परियोजनाओं में होता है : 'स्विस चैलेंज' पद्धति बोली लगाने का एक तरीका है। इसका इस्तेमाल अक्सर सार्वजनिक परियोजनाओं में किया जाता है। इसमें इच्छुक पक्ष अनुबंध के लिए प्रस्ताव या किसी परियोजना के लिए बोली लगाते हैं। इस बीच, बंधन बैंक ने असम सरकार के साथ एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर करने की जानकारी भी दी।*

## सफारी, हैरियर फाइव स्टार रेटिंग पाने वाले पहले वाहन बने



**नई दिल्ली।** घरेलू वाहन विनिर्माता टाटा मोटर्स ने कहा कि उसके एसयूवी मॉडल- सफारी और हैरियर, स्वदेशी कार सुरक्षा रेटिंग कार्यक्रम भारत-एनकैप के तहत फाइव स्टार रेटिंग पाने वाले पहले वाहन बन गए हैं। सरकार ने अगस्त में भारतीय मानकों के अनुरूप वाहनों की सुरक्षा प्रणाली को आंकने के लिए भारत-एनकैप कार्यक्रम शुरू किया था। इस कार्यक्रम को उच्चतम वैश्विक सुरक्षा मानकों के आधार पर तैयार किया गया है। मंत्री नितिन गडकरी के हवाले से सफारी और हैरियर मॉडल को वयस्क एवं बच्चा दोनों श्रेणियों में फाइव स्टार सुरक्षा रेटिंग मिलने की जानकारी दी। गडकरी ने भारत-एनकैप परीक्षण के दौरान अधिकतम सुरक्षा रेटिंग पाने के लिए टाटा मोटर्स की तारीफ की। टाटा पैसेंजर इलेक्ट्रिक मोबिलिटी लिमिटेड के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा ने कहा कि कंपनी के दो वाहनों को भारत-एनकैप से फाइव स्टार रेटिंग मिलना सम्मान की बात है। उन्होंने वाहनों की सुरक्षा के प्रति कंपनी की प्रतिबद्धता दोहराई।

# रियल एस्टेट में पीई निवेश 44 फीसदी घटकर तीन अरब अमेरिकी डॉलर




**मुंबई में सबसे अधिक निवेश**
सभी खंडों में मुंबई में सबसे अधिक 168.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर (1.6 अरब) का निवेश हुआ। इसके बाद राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र को 83.5 करोड़ अमेरिकी डॉलर और बेंगलुरु को 34.7 करोड़ डॉलर का निवेश मिला।

**नई दिल्ली।** वैश्विक निवेशक इस साल भारतीय रियल एस्टेट में पैसा लगाने को लेकर सतर्क रहे हैं। निजी इक्विटी (पीई) निवेश 12 दिसंबर तक पूरे पिछले साल की तुलना में 44 प्रतिशत घटकर तीन अरब अमेरिकी डॉलर रह गया। नाइट फ्रैंक ने एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी। भारतीय रियल एस्टेट बाजार को इस साल एक जनवरी से 12 दिसंबर के बीच 23 सौदों से पीई निवेश में 302.4 करोड़ अमेरिकी डॉलर मिले, जबकि 2022 में यह राशि 535.7 करोड़ डॉलर थी। नाइट फ्रैंक के अनुसार, मंदी का कारण वैश्विक भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और अमेरिकी फेडरल रिजर्व तथा सेंट्रल बैंक ऑफ कनाडा द्वारा कई बार दरों में बढ़ोतरी के साथ उच्च ब्याज दर हैं, जिससे अमेरिका तथा कनाडा से निवेश गतिविधियों पर अंकुश लगा है। हालांकि, सिंगापुर से पीई निवेश में उल्लेखनीय सुधार हुआ है, जो कुल प्रवाह में 50 प्रतिशत से अधिक का योगदान देता है। भारतीय रियल एस्टेट बाजार के खंडों के संदर्भ में कार्यालय परिसंपत्तियों ने कुल पीई निवेश में 58 प्रतिशत हिस्सेदारी के साथ बढ़त हासिल की, इसके बाद वेयरहाउसिंग का 23 प्रतिशत और आवासीय संपत्तियां का 19 प्रतिशत योगदान रहा। खुदरा क्षेत्र में 2023 में कोई पीई सौदा नहीं हुआ।

# शेयर बाजार में तेजी लौटी सेंसेक्स 359 अंक चढ़ा

एजेंसी ▸▸ मुंबई



■ एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज में खरीदारी रही

स्थानीय शेयर बाजारों में बृहस्पतिवार को तेजी लौटी और बीएसई सेंसेक्स में 359 अंक का उछाल आया। सूचकांक में मजबूत हिस्सेदारी रखने वाले एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार लाभ में रहा। भारी उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 358.79 अंक यानी 0.51 प्रतिशत की बढ़त के साथ 70,865.10 अंक पर बंद हुआ। निफ्टी भी 104.90 अंक की तेजी के साथ 21,255.05 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह ऊंचे में 21,288.35 अंक तक गया और नीचे में 20,976.80 अंक तक आया। ऊर्जा, धातु और बैंक समेत ज्यादातर क्षेत्रों में तेजी रही। कारोबारियों के अनुसार, एचडीएफसी बैंक और रिलायंस इंडस्ट्रीज में लिवाली से बाजार में तेजी आई। आरआईएल और एचडीएफसी का सेंसेक्स के लाभ में 300 अंक से अधिक का योगदान रहा।

सेंसेक्स की कंपनियों में पावर ग्रिड सबये ज्यादा 2.27 प्रतिशत चढ़ा। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एनटीपीसी, भारतीय स्टेट बैंक, टाटा स्टील और भारती एयरटेल भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी तरफ नुकसान में रहने वाले शेयरों में बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, एचसीएल टेक और महिंद्रा एंड महिंद्रा शामिल हैं।

### विदेशी संस्थागत निवेशक बाजार से दूर

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "नरम शुरुआत के बाद बाजार निचले स्तर से ऊपर उठा। इसका कारण गिरावट के बाद लिवाली की रणनीति है। हालांकि, कुल मिलाकर रुख नरम रहा। हाल के निवेश के बाद एफआईआई (विदेशी संस्थागत निवेशक) बाजार से कुछ दूर रहे।

### आरबीआई ने बैंक स्तर पर कार्ड टोकनीकरण की सुविधा शुरू की

**नई दिल्ली।** भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने बुधवार बैंकों और अन्य संस्थानों के स्तर पर 'कार्ड-ऑन-फाइल' (सीओएफ) टोकन सुविधा शुरू की। इसकी मदद से ग्राहक अपने डेबिट या क्रेडिट कार्ड का टोकन बनाकर उसे विभिन्न ई-कॉमर्स ऐप के अपने खातों से जोड़ सकेंगे।

# कुछ साल में एक अरब डॉलर को पार कर जाएगा शराब निर्यात

■ शराब का मांग बढ़ने से निर्यात बढ़ा
■ भारत में बन रही शराब की मांग बढ़ रही

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

वैश्विक बाजार में शराब की मांग बढ़ने से भारत से शराब से बने उत्पादों का निर्यात अगले कुछ वर्षों में एक अरब डॉलर से अधिक पर पहुंचने का अनुमान है।

चालू वित्त वर्ष के पहले सात महीनों में भारतीय शराब उत्पादों का निर्यात 23000 करोड़ डॉलर तक पहुंच गया। पिछले वित्त वर्ष की समूची अवधि में यह 32.5 करोड़ डॉलर रहा था। अग्रवाल ने कहा, 'भारत में बनी शराब की मांग बढ़ रही है। अगले कुछ वर्षों में इसके एक अरब डॉलर से अधिक हो जाने का अनुमान है। भारतीय शराब उत्पादों का बाजार बड़ी तेजी से बढ़ रहा है और दुनियाभर में इन ब्रांड की मांग धीरे-धीरे जोर पकड़ रही है।' इन उत्पादों का वैश्विक कारोबार करीब 130 अरब डॉलर होने का अनुमान है।



*5000 से अधिक विदेशी होंगे शामिल इस अवसर पर अग्रवाल ने कहा कि दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा में होने वाले 'इंडस फूड शो' में शराब पर केंद्रित एक अलग खंड भी मौजूद होगा। इस प्रदर्शनी में 2,500 से अधिक विदेशी और 5,000 से अधिक घरेलू खरीदारों के शामिल होने की संभावना है।*

# अमेरिका ने एप्पल स्मार्टवॉच के चुनिंदा मॉडल्स के बिक्री पर लगाई रोक

■ नहीं बेच पाएगी वॉच सीरीज 9 और अल्ट्रा 2 को
■ क्रिसमस से पहले लगे बैन से एप्पल को लगा बड़ा झटका

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

कैलिफोर्निया की टेक कंपनी एप्पल को बड़ा झटका लगा है और 21 दिसंबर से अमेरिका में इसके चुनिंदा स्मार्टवॉच मॉडल्स की बिक्री पर रोक लगा दी गई है। एप्पल से कहा गया है कि वह एप्पल वॉच सीरीज 9 और एप्पल वॉच अल्ट्रा 2 को अमेरिका में नहीं बेच सकता। कंपनी एप्पल स्टोर से आखिरी पिक-अप 24 दिसंबर तक कर सकती है। क्रिसमस से पहले लगे इस बैन के चलते एप्पल को बड़ा झटका लगा है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि यह कदम पेटेंट से जुड़े एक विवाद में आईटीसी के फैसले को ध्यान में रखते हुए उठाया गया है। दरअसल, पल्स ऑक्सीमीटर जैसे मेडिकल-ग्रेड उपकरण बनाने वाली कंपनी मासिमो से एप्पल का विवाद चल रहा है। मासिमो खून में ऑक्सीजन का स्तर पता लगाने के लिए अपने ऑक्सीमीटर में जिस टेक्नोलॉजी की मदद लेता है, वही एप्पल अपने वियरेबल्स में यूज कर रहा है।



### एप्पल पर लगा है गंभीर आरोप

आरोप लगा है कि एप्पल की ओर से नए वॉच मॉडल्स में मासिमो की ब्लड ऑक्सीजन (एसपीओ2) सेंसिंग टेक्नोलॉजी इस्तेमाल की जा रही है, जो कंपनी का पेटेंट है। हालांकि, इस साल लांच हुए एप्पल वॉच एसई 2 पर इस बैन का प्रभाव नहीं पड़ा है क्योंकि उसमें ब्लड ऑक्सीजन मॉनीटर करने के लिए इस सेंसिंग टेक्नोलॉजी की मदद नहीं ली जा रही। इसके अलावा ग्राहक अमेरिका के बाहर भारत और यूके जैसे मार्केट्स में पहले की तरह ही एप्पल वॉच खरीद सकते हैं।

### रिव्यू पूरा होने तक बिक्री पर रोक

एप्पल ने माना है कि यूएस इंटरनेशनल ट्रेड कमीशन की ओर से अभी 'प्रेसिडेंशियल रिव्यू पीरियड' चल रहा है, जो 25 दिसंबर तक चलेगा। एप्पल ने सभी जरूरी कदम उठाने और इस रिव्यू में सहयोग करने का फैसला किया है। कंपनी ने 9टू5मैक से कहा, एप्पल वॉच सीरीज 9 और एप्पल वॉच अल्ट्रा 2 को एप्पल रीटेल स्टोर्स से 24 दिसंबर के बाद नहीं बेचा जाएगा।

### कानूनी विकल्पों पर विचार

टेक कंपनी ने इस आदेश से असहमति जताते हुए कहा कि हम इससे सहमत नहीं हैं और ग्राहकों के लिए एप्पल वॉच जल्द से जल्द उपलब्ध करवाने के लिए कानूनी और तकनीकी विकल्पों पर विचार करेंगे। बता दें, क्रिसमस से ठीक पहले इस रोक के चलते कंपनी को बड़ा नुकसान उठाना पड़ सकता है।

## चिंतन

# एकल यूज प्लास्टिक पर सख्ती आवश्यक

जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए भारत वैश्विक स्तर पर कितनी भी गंभीर प्रतिबद्धता जता रहा हो, लेकिन घरेलू मोर्चे पर इसके अनुपालन में सख्ती नहीं दिख रही है। देश में एकल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध के बावजूद इसके उत्पादन व उपयोग में कमी नहीं आई है। सरकार ने खुद माना है कि एकल यूज प्लास्टिक की आपूर्ति हो रही है। संसद में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव ने कहा है कि 'एकल उपयोग प्लास्टिक प्रदूषण के लिए सबसे बड़ा खतरा है और भारत ने इस पर पूरी तरह से रोक लगा दिया है, लेकिन देखने में आया है कि प्लास्टिक का कच्चा माल तैयार करने वाले लोग अवैध तरीके से इसकी आपूर्ति करते हैं।' हालांकि केंद्रीय मंत्री ने इसी के साथ यह भी कहा कि सरकार एकल उपयोग प्लास्टिक को रोकने के लिए प्रतिबद्ध है। बात केवल प्रतिबद्ध तक की नहीं है, बल्कि कानूनों के अनुपालन की है। जब देश में एकल यूज प्लास्टिक के उत्पादन व प्रयोग पर रोक है, तो आखिर यह बन कैसे रहा है और बिक कैसे रहा है? हमारी सरकारी मशीनरी क्या कर रही है? सिंगल यूज प्लास्टिक से न केवल पर्यावरण को खतरा है बल्कि यह स्वास्थ्य के लिए भी खतरनाक है। भारत वैश्विक जलवायु करार से भी संबंद्ध है, जिसमें सरकार को जलवायु परिवर्तन की विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए कार्ययोजना पर काम करना है। सरकार ने एक अधिसूचना जरूर जारी की है जिसके तहत प्लास्टिक के कच्चे माल की आपूर्ति करने वालों को बताना होगा कि उन्होंने उस माल की आपूर्ति कहां की है। इसके बाद भी एकल यूज प्लास्टिक के प्रयोग पर अंकुश नहीं लग पा रहा है। इस पर अंकुश के लिए राज्य सरकारों को भी सख्त होना होगा और नागरिकों को भी 'नो सिंगल यूज प्लास्टिक' अभियान में सहयोग करना होगा। भारत की जैसी सामाजिक संरचना है, उसमें सरकारी मशीनरी ही पर्यावरण संरक्षण के उपायों को अमल कराने में उपयोगी है। देश में पर्यावरण संरक्षण को लेकर सामूहिक जन चेतना का घोर अभाव है। जलवायु परिवर्तन के प्रभाव के मुद्दे पर हाल ही में दुबई में आयोजित 'सीओपी 28' सम्मेलन में भी पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया गया है। यह और बात है कि इस पर वैश्विक स्तर पर विकसित व विकासशील देशों के बीच राजनीति भी चल रही है। सीओपी 28 के प्रमुख नतीजों में दशक के अंत से पहले वैश्विक जलवायु महत्वाकांक्षा को बढ़ावा देने वाले पहले ग्लोबल स्टॉकटेक के नतीजे पर निर्णय शामिल है। इन वैश्विक प्रयासों को देशों द्वारा पेरिस समझौते और उनकी विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित तरीके से उठाया जाएगा। सीओपी 28 का एक अन्य प्रमुख परिणाम लॉस एवं डैमेज फंड के संचालन और इसकी फंडिंग व्यवस्था पर समझौता है। फंड का उद्देश्य उन विकासशील देशों की सहायता करना है जो विशेष रूप से जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों के प्रति संवेदनशील हैं, ताकि जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभावों से जुड़े आर्थिक और गैर-आर्थिक नुकसान और क्षति का जवाब दिया जा सके, जिसमें चरम मौसम की घटनाएं और धीमी शुरूआत की घटनाएं शामिल हैं। भारत को कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के अपने उपायों के तहत एकल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबंध पर कड़ाई से अनुपालन के कदम उठाने होंगे, हरित तकनीक को बढ़ावा देना होगा, ग्रीन एनर्जी के प्रयोग को बढ़ाना होगा। पर्यावरण संरक्षण के लिए हमें जमीनी स्तर पर अधिक काम करना होगा, कथनी व करनी के फर्क को मिटाना होगा, तभी स्वच्छ व हरित पर्यावरण का लक्ष्य हासिल होगा।

## सारा संसार



सोमनाथ मन्दिर भूमण्डल में दक्षिण एशिया स्थित भारतवर्ष के पश्चिमी छोर पर गुजरात में स्थित, अत्यन्त प्राचीन व ऐतिहासिक शिव मन्दिर का नाम है। इसे आज भी भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों में सर्वप्रथम ज्योतिर्लिंग के रूप में माना व जाना जाता है। गुजरात के सौराष्ट्र क्षेत्र के वेरावल बन्दरगाह में स्थित इस मन्दिर के बारे में कहा जाता है कि इसका निर्माण स्वयं चन्द्रदेव ने किया था, जिसका उल्लेख ऋग्वेद में है।

## सुरक्षा का मुद्दा

डॉ. विशेष गुप्ता



# महिलाओं पर बढ़ रहे अपराध

महिला सशक्तिकरण के बढ़ते विस्तार के सामने महिलाओं के विरुद्ध हिंसा आज देश व समाज में सक्रिय विमर्श का हिस्सा नहीं पा रही है। वह इसलिए क्योंकि भारतीय समाज में महिलायें एक लंबे काल तक अवमानित,यातना और शोषण की शिकार रही हैं। इसमें सामाजिक परम्परा,संस्थागत रीति-रिवाज और समाज में प्रचलित प्रतिमानों का महिलाओं के उत्पीड़न में योगदान भी कम नहीं रहा है। उसी के सापेक्ष वर्तमान में महिलाओं को अब पुरुषों के जीवन में महत्वपूर्ण,शक्तिशाली और अर्थपूर्ण सहयोगी माना जाने लगा है। देश की आजादी के बाद महिलाओं के पक्ष में बनाये गये कानूनों,शिक्षा का विस्तार और महिलाओं में बढ़ती आर्थिक स्वतंत्रता के बावजूद भी देश की असंख्य महिलायें आज भी हिंसा की शिकार हैं। महिलाओं के प्रति शारीरिक हिंसा,अपहरण,यौन क्रूरता,महिला को जलाना और उस पर तेजाब फेकने जैसी घटनायें आज भी सुनने और पढ़ने को मिल रहीं हैं। इसी संदर्भ से जुड़ी राष्ट्रीय रिकार्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) 2022 के ऑकड़ों से जुड़ी हालिया रिपोर्ट गौरतलब है। इस रिपोर्ट से साफ है कि देश में महिलाओं के विरुद्ध चार प्रतिशत और बच्चों के विरुद्ध अपराधों में 8.7 प्रतिशत की वृद्धि हुयी है। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि इन घटनाओं से जुड़ी आज हर घण्टे 51 एफआईआर दर्ज हो रहीं हैं। इसी के साथ-साथ साईबर अपराधों के मामलों में भी 24.4 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है। एनसीआरबी से जुड़े ऑकड़ों का विश्लेषण बताता है कि महिलाओं के विरुद्ध अपराधों में लगातार तीन सालों में वृद्धि दर्ज की गयी है। मसलन 2022 में महिलाओं के विरुद्ध तमाम अपराधों से जुड़े कुल 4,45,256 मामले दर्ज किये गये,जो 2021 व 2020 में क्रमशः 4,28,278 व 3,71,503 रहे थे। इन ऑकड़ों में आगे खुलासा होता है कि 20 लाख से अधिक आबादी वाले 19 महानगरों में महिला अपराध के 48755 मामले दर्ज हुए,जबकि 2021 में यह ऑकड़ा 43414 ही रहा था। इससे ज्ञात होता है कि अहमदाबाद, बॅगलुरु, चैन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, गाजियाबाद, हैदराबाद, इंदौर, जयपुर, कानपुर, कोच्चि, कोलकाता, मुबंई, पुणे व नागपुर जैसे शहर महिला सुरक्षा के लिहाज से बहुत संवेदनशील पाये गये हैं।

देखा जाय तो महिलाओं के विरुद्ध हिंसा के इतिहास के सफर में परम्परागत सामजिक व्यवस्था में समाहित एक वैचारिकी रही है जो पुरुषों की तुलना में महिलाओं को कमतर ऑकती रही है। लेकिन यह भी सच है कि जेसे -जैसे महिलायें सामाजिक, आर्थिक,धार्मिक व राजनीतिक विकास के क्षेत्र में कदम बढ़ाती हैं,उसी के सापेक्ष महिलाओं के विरुद्ध हिंसा करने वाली ताकतें कमजोर पड़ने लगती हैं। यह सच है कि आज देश में अधिकांश कानून महिलाओं के पक्ष में है और देश के विकास में भी उनकी हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही हैं। एनसीआरबी के ऑकड़े भी बताते हैं कि जिन राज्यों में महिला सुरक्षा से जुड़े कानूनों को लागू करने में जीरा टॉलरेन्स की नीति है और महिला विकास के विभिन्न उपादानों में महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है, वहाँ उन राज्यों में महिलाओं और बच्चों के प्रति अपराध घटे हैं। उत्तर प्रदेश इसका जीता-जागता उदाहरण है। अपराध पर लगाम लगाने की जरूरत है।



## राजनीति

आशीष वशिष्ठ

# 'इंडिया' को राहुल का नेतृत्व मंजूर नहीं

छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। चौथी बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका, लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे।

इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इन्क्लूसिव अलायंस यानी इंडि गठबंधन की चौथी बैठक दिल्ली में संपन्न हो गई। इस बैठक से उम्मीद थी कि गठबंधन अपना संयोजक या फिर प्रधानमंत्री पद के चेहरे को लेकर कोई निर्णय ले सकता है। लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। छह महीने में चार बैठकें करने बावजूद गठबंधन के दल साथ चलने, बीजेपी को हराने की हवा हवाई बातों से ज्यादा कुछ कर नहीं पाए हैं। लेकिन इस बैठक में एक खास बात हुई कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के नाम का प्रस्ताव दिया। ममता का समर्थन दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने किया। हालांकि इस मुद्दे पर कोई अंतिम निर्णय नहीं हो सका। लेकिन ममता बनर्जी और केजरीवाल ने बड़ी चालाकी से खरगे का नाम आगे करके राहुल गांधी के नेतृत्व को खारिज कर दिया। मामले की संवेदनशीलता और गंभीरता समझते हुए खरगे ने कहा, पहले जीतें, फिर देखेंगे। इस मसले पर भले ही कोई फैसला नहीं हुआ, लेकिन ममता और केजरीवाल ने राहुल की पीएम पद की दावेदारी को तो डाउन कर दिया।

बीजेपी को सत्ता से बाहर करने की नीयत से बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गठबंधन के गठन के लिए भागदौड़ की थी। नीतीश के प्रयासों के चलते ही बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी दलों की पहली बैठक हुई थी। इसके बाद बेंगलुरु और मुंबई में दूसरी और तीसरी बैठक हुई। लगभग छह महीने में गठबंधन की चार बैठकें हुई। पहली बैठक से ही कांग्रेस अपने को ऐसे पेश कर रही थी कि, विपक्षी दल उसके प्रयासों से एकजुट हुए हैं। कांग्रेस ने हर बैठक में अपना हाथ और एजेंडा ऊपर रखा। कांग्रेस ने ऐसे प्रोजेक्ट किया कि इस गठबंधन को लीड करेगी और राहुल गांधी गठबंधन की ओर से प्रधानमंत्री का चेहरा होंगे। गठबंधन में शामिल कई दल राहुल गांधी के चेहरे और नाम पर सहमत नहीं थे। वो स्वयं को प्रधानमंत्री पद का सशक्त दावेदार समझते हैं।

कर्नाटक में शानदार जीत के बाद कांग्रेस का उत्साह सातवें आसमान पर था। 13 मई को कर्नाटक चुनाव नतीजों के ठीक एक महीना दस दिन बाद यानी 23 जून को विपक्षी गठबंधन की पहली बैठक हुई। पहली बैठक में ही संयोजक, सीट शेयरिंग आदि मुद्दों पर सुगबुगाहट शुरू हो गई थी। विपक्षी पार्टियों के नेताओं की दूसरी बैठक जुलाई को बेंगलुरु में हुई थी जहां गठबंधन का नाम इंडिया गठबंधन होगा, इस बात का ऐलान किया गया था। गठबंधन की तीसरी बैठक शिवसेना की मेजबानी में इस साल 31 अगस्त और 1 सितंबर को मुंबई में हुई थी। इस बैठक में गठबंधन की कोआर्डिनेशन कमेटी का गठन हुआ था। कोऑर्डिनेशन कमेटी की भी एक बैठक हुई थी। हालांकि, वह बैठक पांच राज्यों के चुनाव कार्यक्रम के ऐलान से पहले हुई थी।

इन तीन बैठकों में कांग्रेस जानबूझकर सीट शेयरिंग और संयोजक के नाम के अहम मुद्दे का टालती रही। कांग्रेस की मंशा यह थी कि पांच राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव के बाद इन



मसलों पर बात की जाएगी। असल में कांग्रेस को पूरी उम्मीद थी कि कर्नाटक की भारी जीत और राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा से उसके पक्ष में माहौल बना हुआ है, और वो इन राज्यों में शानदार जीत हासिल करेगी। विधानसभा चुनाव में जीत के बाद उसका पलड़ा भारी होगा और वो अपने शर्तों के हिसाब से गठबंधन में शामिल दलों से तमाम मुद्दों पर तोल-मोल कर सकेगी। लेकिन कांग्रेस की चालाकी, रणनीति और हथकंडे फेल साबित हुए। और हिंदी पट्टी के तीन राज्यों मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से उसका सफाया हो गया। तेलंगाना में कांग्रेस को जीत तो मिली लेकिन तीन राज्यों की हार ने इस जीत का मजा किरकिरा कर दिया।

बीती 3 दिसंबर को विधानसभा चुनाव के नतीजों की घोषणा हुई। उसी दिन कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 6 दिसंबर को इंडि अलायंस की बैठक की चौथी बैठक की घोषणा की। लेकिन ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार ने कोई न कोई बहाना लगाकर बैठक में आने से इंकार कर दिया। असल में विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन में शामिल दलों समाजवादी पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, राष्ट्रीय लोकदल में सीटों के बंटवारे को लेकर तनातनी हुई थी। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव और कांग्रेस नेताओं के बीच शर्मनाक बयानबाजी खूब चर्चा में रही थी। कांग्रेस के इस व्यवहार से घटक दलों में रोष व्याप्त था। इसलिये 6 दिसंबर की बैठक को कांग्रेस को टालना पड़ा था। विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस भी सातवें आसमान से सीधे जमीन पर आ गिरी। चुनाव नतीजों के बाद से ही उसके तेवर ढीले हैं। अब वो घटक दलों के साथ सहयोग और साथ चलने की कसमें खा रही है, लेकिन उसके रवैये से घटक दल चौकन्ने हैं। वो कांग्रेस के साथ चलना चाहते हैं लेकिन अपनी शर्तों के आधार पर। चूंकि गठबंधन में शामिल हर दल का नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार मानता है, ऐसे में संयोजक व पीएम के चेहरे पर अंतिम निर्णय नहीं हो पा रहा है।


खरगे के नाम का समर्थन करने का सीधा मतलब है राहुल के नाम और चेहरे को खारिज करना। कांग्रेस भी सारी कहानी को बखूबी समझ रही है। लेकिन विधानसभा चुनाव में मिली करारी हार के बाद उसमें उतना दम नहीं बचा कि वो गठबंधन में शामिल दलों पर प्रेशर बना सके। चूंकि कांग्रेस का मतलब गांधी परिवार ही है तो ऐसे में गठबंधन के दलों ने खरगे का नाम का प्रस्ताव करके सीधेतौर पर गांधी परिवार को ही खारिज किया है। रही बात सीट शेयरिंग की तो वो बड़ा पेचीदा मसला है। यूपी, बिहार, पश्चिम बंगाल, पंजाब और दिल्ली में क्रमशः 80, 40, 42, 13 और 7 कुल मिलाकर 182 संसदीय सीटें आती हैं। यूपी में समाजवादी पार्टी, बिहार में राष्ट्रीय जनता दल और जनता दल यूनाइटेड, पंजाब और दिल्ली में आम आदमी पार्टी और पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस का प्रभाव है। सपा और तृणमूल कांग्रेस अपने राज्यों में कांग्रेस को ज्यादा सीटें देने के मूड में नहीं हैं। क्षेत्रीय दल अपने प्रभाव क्षेत्र में किसी दूसरे दल पांव पसारने का मौका नहीं देना चाहते हैं। कर्नाटक और तेलंगाना में मुस्लिम वोटरों के कांग्रेस के प्रति झुकाव को देखते हुए ममता बनर्जी, अखिलेश यादव, नीतीश कुमार और तेजस्वी यादव काफी चौकन्ने हो गए हैं।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि गठबंधन की चौथी बैठक में राहुल गांधी को लेकर इंडि गठबंधन की असहजता अब खुलकर सामने आने लगी है। इंडिया गठबंधन के भीतर यह बात बेहद चर्चा में है कि राहुल गांधी की वजह से मुद्दों में भटकाव होता है और बीजेपी को फायदा पहुंचता है। हालिया विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता को मुफ्त योजनाओं का लालच दिया, जाति जनगणना का वादा किया, अदानी का मुद्दा उठाया, सीधे तौर पर प्रधानमंत्री मोदी पर हमला किया, लेकिन हिंदी पट्टी के तीन राज्यों में कांग्रेस को सफलता नहीं मिली।

(लेखक स्वतंत्र पत्रकार व राजनीतिक विश्लेषक हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

# प्रसन्न रहने की शुरुआत घर से हो



संकलित

## दर्शन

महत्वपूर्ण बात यह है कि प्रसन्न रहने की शुरुआत अपने घर से ही होनी चाहिए। हम बाहर तो बहुत खुश रहते हैं, लेकिन घर में अकारण क्रोध से भरे रहते हैं। सभी लोग, खासतौर पर युवा इस बात का ध्यान रखें कि उन्हें घर में भी प्रसन्न रहना है। युवाओं को यह बात याद रहे, इसलिए एक नया मंत्र दे रहा हूं। वे घर और परिवार में भी शांति रखें। कई लोग बाहर से घर में आते ही क्रोधित हो जाते हैं। वे अकारण गुस्सा कर घर वालों को मायूस कर देते हैं। यह हत्या कर देने जैसा अपराध है। मुश्किल यह है कि ये लोग अपनी कमी को मानते भी नहीं। कम से कम वे यह मान लें कि उसमें यह कमी है तो कभी न कभी वह कमी दूर भी की जा सकती है। लंका में कोई मानता ही नहीं था कि वहां कोई रोगी है। परिणाम सबके सामने है। जो माने ही नहीं कि अस्वस्थ है, वह स्वस्थ कैसे हो सकता है? एक और मंत्र याद रखें-छोटी-मोटी बातों को अनदेखा करें। व्यर्थ विवाद में मत उलझें। बात-बात में उलझने की आदत से अशांति ही पैदा होती है। सच्ची प्रसन्नता चाहिए तो इधर-उधर की बातें सुनना ही छोड़ दें। अस्तित्व के संगीत को सुनने की कोशिश करें। याद रखें, जिसे प्रसन्न रहना है, उसे कोई रोक नहीं सकता और जिसे दुखी ही रहना है, उसे कोई प्रसन्न नहीं कर सकता। कुछ लोगों को प्रसन्न रहना ही नहीं है। वे परेशान और दुखी होने के बहाने खोजते रहते हैं। इस आदत को बदलने की कोशिश ईमानदारी के साथ की जानी चाहिए। - *मोरारी बापू*

# मन को कभी भी निराश न होने दें



संकलित

## प्रेरणा

सुबह होते ही, एक भिखारी सेठजी के घर पर भिक्षा मांगने के लिए पहुंच गया। भिखारी ने दरवाजा खटखटाया, सेठजी बाहर आए पर उनकी जेब में देने के लिए कुछ न निकला। वे कुछ दुखी होकर घर के अंदर गए और एक बर्तन उठाकर भिखारी को दे दिया। भिखारी के जाने के थोड़ी देर बाद ही वहां सेठजी की पत्नी आई और बर्तन न पाकर चिल्लाने लगीः अरे! क्या कर दिया आपने चांदी का बर्तन भिखारी को दे दिया। दौड़ो-दौड़ो और उसे वापिस लेकर आओ। सेठजी दौड़ते हुए गए और भिखारी को रोक कर कहाः भाई मेरी पत्नी ने मुझे जानकारी दी है कि यह गिलास चांदी का है, कृपया इसे सस्ते में मत बेच दीजिएगा। वही पर खड़े सेठजी के एक मित्र ने उससे पूछाः मित्र! जब आपको पता चल गया था कि ये गिलास चांदी का है तो भी उसे गिलास क्यों ले जाने दिया? सेठजी ने मुस्कुराते हुए कहाः मन को इस बात का अभ्यस्त बनाने के लिए कि वह बड़ी से बड़ी हानि में भी कभी दुखी और निराश न हो! मन को कभी भी निराश न होने दें, बड़ी से बड़ी हानि में भी प्रसन्न रहें। मन उदास हो गया तो आपके कार्य करने की गति धीमी हो जाएगी। इसलिए मन को हमेशा प्रसन्न रखने का प्रयास। इसी लिए कहां गया है, मन प्रसन्न तो आप प्रसन्न। प्रसन्न मन हमारे शरीर पर काफी प्रभाव डालता है। प्रसन्न मन से किए गए कार्य में सफलता की संभावना अधिक होती है।

## सटाका




## आज की पाती

### प्रकृति का संरक्षण जरूरी

हमें प्रकृति के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। हम जिस थाली में खाएं उसी में छेद करना शुरू कर दें तो यह हमारी सबसे बड़ी नासमझी नहीं होगी तो और क्या होगा? प्रकृति हमें निस्वार्थ भाव से जीने के लिए सब कुछ देती है, लेकिन हम नासमझी बरतते हुए इसे ही नुकसान पहुंचा रहे हैं। अफसोस की बात है कि जिस प्रकृति ने इनसान को जीने के लिए निस्वार्थ भाव से इतना कुछ दिया है, आज इनसान ने उसी प्रकृति की नाक में दम अपने स्वार्थ के लिए कर दिया है। प्रकृति से खिलवाड़ के कारण आज धरती पर हर तरह का प्रदूषण बढ़ता जा रहा है, जो कि प्राणी जाति को पतन की ओर ले जाने का काम कर रहा है। अभी भी वक्त है कि इनसान को प्रकृति से छेड़छाड़ बंद कर देनी चाहिए। *- महेश जोशी, रायगढ़*

## करंट अफेयर

# किम जोंग ने फिर दी परमाणु मिसाइल परीक्षण की धमकी

उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने अंतरमहाद्वीपीय बैलेस्टिक मिसाइल परीक्षण में शामिल सैनिकों की प्रशंसा की और कहा कि देश की यह नीति है कि दुश्मन देशों द्वारा उकसाए जाने पर परमाणु हमला करने में हिचकिचाया नहीं जाएगा। उत्तर कोरिया में पिछले वर्ष से परमाणु हथियारों के परीक्षण में तेजी आई है और देश के नेता किम जोंग उन कई बार परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करने की धमकी दे चुके हैं। हालांकि, कई विदेशी विशेषज्ञों का कहना है कि उत्तर कोरिया को अभी तक सक्षम परमाणु मिसाइलें हासिल नहीं हुई हैं। उत्तर कोरिया ने सोमवार को पांच महीनों में अपना पहला अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल परीक्षण किया।




उत्तर कोरिया ने अपने परमाणु कार्यक्रमों को बढ़ावा देने के लिए हाल ही में अमेरिका-दक्षिण कोरियाई बैठक का हवाला दिया। 'उत्तर कोरियाई सेंट्रल न्यूज एजेंसी' (केसीएनए) ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि किम ने बुधवार को 'जनरल मिसाइल ब्यूरो' में सैनिकों से मुलाकात की और उन्हें ठोस ईंधन वाली 'ह्वासोंग-18' मिसाइल के प्रक्षेपण पर बधाई दी। केसीएनए के मुताबिक, बैठक के दौरान किम ने कहा कि 'अगर दुश्मन परमाणु हथियारों से उसे उकसाता है तो वह परमाणु हमले से नहीं हिचकिचाएगा।'

## ऑफ बीट

# क्या इंसानों के जीवत नहीं रहने का कारण डायनासोर

सभी इंसानों की उम्र बढ़ती है। यह हमारे जीव विज्ञान का हिस्सा है और हमारे जीवनकाल को 120 वर्ष से थोड़ा अधिक तक सीमित करता है। सभी जानवर



अपने जीवन के दौरान उम्र बढ़ने का अनुभव नहीं करते हैं। कुछ जानवरों का शरीर हमारे शरीर की तरह उम्र बढ़ने के साथ-साथ धीरे-धीरे ख़राब नहीं होता है। लेकिन मनुष्य जब 30 वर्ष की आयु तक पहुँचते हैं तो उनके मरने की संभावना लगभग हर आठ साल में दोगुनी हो जाती है। इसलिए भले ही आप शतायु होने के लिए पर्याप्त भाग्यशाली हों, हर साल आपके मरने की संभावना अधिक होगी। यह उच्च मृत्यु दर कई अन्य स्वास्थ्य समस्याओं को दर्शाती है, जैसे मांसपेशियों की हानि और सामान्य कमजोरी, संज्ञानात्मक गिरावट, दृष्टि और श्रवण की हानि और कई अन्य अपक्षयी परिवर्तन जो मानव उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को दर्शाते हैं। और मनुष्य की उम्र इतनी अधिक होने का कारण यह तथ्य हो सकता है कि हमारे पूर्वज डायनासोर के समय में विकसित हुए थे। अन्य स्तनधारियों की तुलना में मनुष्य का जीवन लंबा होता है। सभी भूमि-आधारित स्तनधारियों की तुलना में हमारा जीवनकाल सबसे लंबा है, और सभी स्तनधारियों में से केवल व्हेल ही संभवतः हमसे अधिक जीवित रहती हैं।

## ट्रेंड

### पहचान चुनने का अधिकार



वह कह रहे हैं कि भारत में प्रत्येक जाति को अपनी राष्ट्रीय पहचान चुनने का अधिकार है। कांग्रेस और यह लोग बाबासाहेब अंबेडकर और सरदार पटेल के मेहनत और सपने को ध्वस्त करने का प्रयास कर रहे हैं। देश की जनता उन्हें भारत के टुकड़े-टुकड़े नहीं करने देगी।

-किरण रिजिजू, राष्ट्रपति

### प्रचार किया जाना दुःखद



करोड़ों परिवार उजाड़ने वाली शराब का 'राजस्व वृद्धि' के लिए प्रचार किया जाना दुखद है। इसका असर शराबी से अधिक परिवार पर पड़ता है, महिलाओं व बच्चों पर पड़ता है। सरकार के पास राजस्व बढ़ाने के लिए इससे बेहतर विकल्प नहीं है?

-वरुण गांधी, भाजपा नेता

### बिना राजनीति के लोकतंत्र



राजनीति लोकतंत्र के बिना चल सकती है। सऊदी अरब में भी चलती है। पाकिस्तान में भी लंबे समय तक चली है। सब जगह राजनीति हो रही है, लेकिन क्या लोकतंत्र कहीं भी बिना राजनीति के चल सकता है?

-योगेंद्र यादव, स्वराज इंडिया संस्थापक

### बहुत प्रेम दिया



डंकी के साथ दुबई में कुछ दिन बहुत अच्छे बीते। लंदन में भी लोगों ने बहुत प्रेम दिया। हर तरफ डंकी के बारे में जानने की जिज्ञासा है। लगातार कई दिनों तक बाहर रहने के बाद अब घर वापस आ रहे हैं, थोड़ा ड्राइव भी करें, इसलिए यदि आप सभी के पास समय है तो आइए चर्चा कर लें।

-शाहरुख खान, अभिनेता

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे विधायक और कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भाजपा विधायक दल की बैठक बुधवार शाम प्रदेश भाजपा कार्यालय में हुई। बैठक के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि विधायक दल की बैठक में विकास कार्यों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए चर्चा की गई है।

पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं को प्रदेश की जनता तक पहुंचाने के संबंध में विधायकों से विकसित भारत संकल्प यात्रा को लेकर चर्चा चर्चा हुई है। विधायक एवं कार्यकर्ता इन योजनाओं को जनता तक पहुंचाने का काम करेंगे। बैठक में भाजपा पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## भाजपा विधायक दल की बैठक में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन बोले-जनता को दिलाएं योजनाओं का फायदा

## प्रदेश का एक भी व्यक्ति योजनाओं से वंचित न रहने पाए: शर्मा






### प्रदेश की जनता को योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए हुई चर्चाः सीएम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में निकाली जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा में सभी विधायकों को सहभागिता कर प्रदेश की जनता को केंद्र सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए चर्चा की गई है। बैठक में प्रदेश की जनता को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने प्रदेश सरकार की विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में महत्वपूर्ण बातचीत हुई है।

### गरीबों का जीवन बदलेगी विकसित भारत संकल्प यात्राः वीडी

*प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में गरीब कल्याण की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। प्रदेश में यह यात्रा 16 दिसंबर से प्रारंभ हुई है। इस यात्रा को लेकर भाजपा विधायक दल में चर्चा हुई है। प्रधानमंत्री की गरीब कल्याण योजनाओं से प्रदेश का हर पात्र व्यक्ति लाभान्वित हो, इसके लिए भाजपा*



*विधायकों और कार्यकर्ताओं को यात्रा में सहभागिता करने को कहा गया है। भाजपा विधायक और कार्यकर्ता विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होकर वंचितों को गरीब कल्याण और जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाने का पूरा प्रयास करेंगे। राज्य सरकार का तंत्र इस यात्रा को सफल बनाने का कार्य कर रही है, भाजपा विधायक और कार्यकर्ता भी इस यात्रा में शामिल होकर कार्य कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार की ओर से चलाई जा रहीं गरीब कल्याण योजनाएं गरीबों का जीवन बदलने का कार्य कर रही हैं। विकसित भारत संकल्प यात्रा वंचितों को जनहितैषी योजनाओं का लाभ दिलाकर उनका जीवन बदलने का कार्य करेगी।*

---

## खबर संक्षेप

### पूर्व मंत्री लखमा ने जताई सांसद बनने की इच्छा



**जगदलपुर।** कांग्रेस के वरिष्ठ आदिवासी नेता व विधायक कवासी लखमा अक्सर अपने बयानों को लेकर चर्चा में रहते हैं। इस बार उन्होंने लोकसभा में जाने की इच्छा जताते हुए बयान दिया है। स्थानीय राजीव भवन में जगदलपुर सीट में हुई कांग्रेस की हार की समीक्षा के लिए बुलाई गई बैठक में जुटे कांग्रेस नेता उनके बयान को लेकर आपस में चर्चा करते दिखाई दिए। विधानसभा के पहले सत्र में मंगलवार को भाषण देते हुए कवासी लखमा ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह और नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत को बधाई देते कहा था कि आप दोनों लोकसभा में सांसद रहे हैं। हम लोग यहीं घूम रहे हैं। अगर अवसर मिला तो वहां (लोकसभा) पहुंचने की कोशिश करूंगा।

### डोनेट फार देश अभियान पर अग्रवाल ने बोला कांग्रेस पर हमला



**रायपुर।** भाजपा के वरिष्ठ विधायक व पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के डोनेट फार देश के नाम पर क्राउड फंडिंग कैंपेन लांच किए जाने पर हमला बोलते हुए इसे कांग्रेस की लूट-नीति का अभियान बताया है। उन्होंने कहा कांग्रेस के अभियान में कार्यकर्ताओं और लोगों से चंदा लिया जाएगा। कांग्रेस नेता इसे वर्ष-1921 के तिलक स्वराज फंड से प्रेरित बता रहे हैं, जबकि तिलक स्वराज फंड के चंदे की राशि का सदुपयोग ब्रिटिश हुकुमत से लड़ने में किया गया था। देश के नाम पर पार्टी के लिए चंदा इकट्ठा करने के इस अभियान को तिलक स्वराज फंड से जोड़कर कांग्रेस ने घिनौनी राजनीतिक मानसिकता का परिचय दिया है।

---

## राज्यपाल मंगुभाई ने अपने अभिभाषण में प्रदेश सरकार की खूबियों के जरिए बताया विकास का खाका

# पांच वर्षों में ढाई लाख सरकारी नौकरियों के अवसर, सात साल में 20 लाख करोड़ के निवेश से प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल


राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने विधानसभा में अपने अभिभाषण में कहा कि संकल्प पत्र 2023 प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी भी है और विकसित मध्य प्रदेश के निर्माण का विजन डाक्यूमेंट भी है। सरकार ने संकल्प पत्र के बिंदुओं को धरातल पर उतरने का काम शुरू भी कर दिया है। तेंदूपत्ता संग्रहण की दर तीन हजार प्रति मानक बोरा से बढ़कर चार हजार कर दी गई है। मप्र के मन में बसे मोदी की हर गारंटी को पूरा करने के उद्देश्य से संकल्प पत्र के प्रत्येक बिंदु को समय सीमा में क्रियान्वित करने के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

राज्यपाल पटेल के अभिभाषण के कुछ बिंदुओं पर कांग्रेस ने आपत्ति ली। कांग्रेस सदस्यों ने कहा कि इसमें मप्र का कुछ है ही नहीं। यहां तो केंद्र की बात की जा रही है। इस पर दो सदस्यों ने आपत्ति ली। हालांकि बाद में बाद में राज्यपाल का अभिभाषण शांतिपूर्ण ढंग से हो गया। राज्यपाल ने कहा कि सरकार के लिए सुशासन केवल एक शब्द नहीं, बल्कि उसके हर अक्षर को सच्चे अर्थों में चरितार्थ करने का मंत्र है। एक जनवरी 2024 से साइबर तहसील की व्यवस्था को प्रदेश के सभी 55 जिलों में लागू करने का क्रांतिकारी निर्णय लिया गया है। संपदा 2 सॉफ्टवेयर भी प्रदेश में शीघ्र लागू किया जा रहा है, जिसके माध्यम से डिजिटल रजिस्ट्री की प्रक्रिया सरल और सुगम बनेगी। इस दौरान विपक्ष ने लाड़ली बहन योजना का उल्लेख न किए जाने पर टोकाटाकी की।

**तेंदूपत्ता संग्रहण की दर तीन हजार प्रति मानक बोरा से बढ़कर 4 हजार किया**

**वर्ष 2025 तक 61 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई विस्तार का लक्ष्य**

**एक जनवरी 2024 से साइबर तहसील की व्यवस्था को 55 जिलों में लागू किया जाएगा**





### 5 वर्षों में तीन लाख करोड़ जनजातीय कल्याण पर होंगे खर्च

*राज्यपाल ने कहा कि अगले 5 वर्षों में जनजातीय कल्याण के लिए तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक व्यय किए जाएंगे। 450 करोड़ रुपए से प्रदेश के सभी जिलों में चिन्हित महाविद्यालय को पीएम उत्कृष्टता महाविद्यालय के रूप में उन्नयन किया जाएगा। आयुष्मान भारत योजना में तीन करोड़ 76 लाख कार्ड, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत 82 लाख 38 हजार से अधिक निःशुल्क गैस कनेक्शन, 66 लाख से अधिक परिवारों को नल जल योजना का लाभ मिल रहा है।*

### 56 हजार करोड़ रुपए से अधिक पूंजीगत व्यय

राज्यपाल ने कहा कि 56 हजार करोड़ रुपए से अधिक पूंजीगत व्यय इस वर्ष किया जाएगा। वर्ष 2025 तक 61 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई के विस्तार का लक्ष्य है। केन-बेतवा लिंक परियोजना का काम प्रारंभ हो गया है। नर्मदा जल का पूर्ण उपयोग 2024 तक सुनिश्चित करने के लक्ष्य को लेकर सरकार काम कर रही है। अटल ग्रह ज्योति योजना में 103 लाख उपभोक्ताओं को सौ रुपए में सौ यूनिट बिजली दी जा रही है तो किसानों को अटल कृषि ज्योति योजना में 11 से 12 हजार करोड़ रुपए का अनुदान दिया जा रहा है। अनुसूचित जाति जनजाति के नौ लाख से अधिक किसानों को निःशुल्क को विद्युत प्रदान की जा रही है। छह एक्सप्रेस वे का निर्माण किया जाएगा। भोपाल, इंदौर की तर्ज पर जबलपुर और ग्वालियर के लिए मेट्रो रेल का मास्टर प्लान तैयार किया गया है।

### भारत में सेवक सरकार के युग का प्रारंभ हुआ हैः पटेल

राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में साढ़े नौ वर्षों में भारत में सेवक सरकार के युग का शुरू हुआ है। गरीब और वंचित, एक जमाने में जिनकी कोई पूछ-परख नहीं थी प्रधानमंत्री उन्हें पूछते भी हैं और पूजते भी हैं। देश के गरीब, किसान, नारी शक्ति और युवा ही उनकी नजरों में सबसे बड़े वीआइपी हैं। इसी से प्रेरणा लेकर मप्र सरकार ने संपूर्ण शक्ति के साथ समर्पित भाव से काम करने का प्रण लिया है। विकसित भारत संकल्प यात्रा का मप्र में 16 दिसंबर से शुभारंभ हो गया है। सरकार ने गंभीर अपराधों में लिप्त रहे आदतन अपराधियों को कठोर दंड दिलवाने तथा ऐसे अपराधियों को न्यायालय से प्राप्त जमानत के लाभ के दुरुपयोग को रोकने, अनुपयोगी और खुले बोरवेल से होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के वैधानिक प्रयोग पर नियंत्रण तथा मांस-मछली के अनियंत्रित क्रय-विक्रय को प्रतिबंधित करने के लिए अभियान के रूप में कार्रवाई प्रारंभ कर सरकार ने यह स्पष्ट संदेश देने का प्रयास किया है कि सुशासन और कानून के राज बढ़कर कोई नहीं है।

### पांच लाख से अधिक स्व-सहायता समूह से 61 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा

राज्यपाल ने अपने अभिभाषण में कहा कि प्रदेश सरकार का संकल्प है कि आगामी पांच वर्षों में ढाई लाख सरकारी नौकरियों के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे। रोजगार मेलों का नियमित आयोजन होगा। अगले सात वर्ष में प्रदेश को 45 लाख करोड़ रुपए की अर्थव्यवस्था बनने, 20 लाख करोड़ रुपए के निवेश से प्रति व्यक्ति आय को दोगुना करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तीकरण के लिए कई कदम उठाए गए। अब तक पांच लाख से अधिक स्व-सहायता समूह से 61 लाख से अधिक महिलाओं को जोड़ा गया है। विभिन्न योजनाओं के माध्यम से साढ़े तीन वर्षों में किसानों के खातों में लगभग तीन लाख करोड़ रुपए की राशि अंतरित की गई है। साढ़े चार हजार से अधिक सहकारी संस्थाओं का 145 करोड़ रुपए की लागत से कंप्यूटरीकरण किया जा रहा है।

---

### अरुण साव की जगह सौंपी जिम्मेदारी

## छत्तीसगढ़ः जगदलपुर से विधायक किरण सिंह देव बने भाजपा के नए प्रदेश अध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव के बाद भाजपा ने छत्तीसगढ़ प्रदेश संगठन के नए अध्यक्ष की घोषणा कर दी है। भाजपा ने किरण सिंह देव को छत्तीसगढ़ भाजपा का नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है। किरण सिंह देव जगदलपुर से भाजपा के विधायक हैं।

पार्टी की ओर से जारी एक पत्र में पार्टी के महासचिव अरुण सिंह ने जेपी नडडा का हवाला देते हुए किरण सिंह देव को प्रदेश नियुक्त किया है। किरण सिंह देव अरुण साव की जगह लेंगे। विधानसभा चुनाव जीतने के बाद अरुण साव उप मुख्यमंत्री बनाए गए हैं। किरण सिंह देव पहली बार विधायक निर्वाचित हुए हैं।



## सीजी विधानसभा में कर्जमाफी और महतारी वंदन योजना को लेकर विपक्ष ने किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा के शीतकालीन सत्र के आखिरी दिन की कार्यवाही शुरू हुई। सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा से पहले किसान आत्महत्या पर विपक्ष ने सरकार को घेरा। विपक्ष ने सदन में अनुपूरक बजट पर चर्चा से पहले नारायणपुर के किसान आत्महत्या मुद्दे पर चर्चा की मांग की।

पूर्व सीएम भूपेश बघेल ने सदन में कहा, विशेष परिस्थिति है, किसान ने कर्ज के बोझ से आत्महत्या की है, महत्वपूर्ण मुद्दा है, इसपर चर्चा होनी चाहिए। नेताप्रतिपक्ष डॉ चरण दास महंत, गरीब की दुख सुनने में कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए, अध्यक्ष दयालु है, दिल दरिया है, उसमें किसान या आदिवासी समा सकता है, चर्चा होनी चाहिए।



अनुपूरक बजट पर चर्चा से पहले किसान की मौत पर चर्चा को लेकर विपक्ष अड़ा रहा। इसके बाद हंगामे के बीच विपक्ष ने वाकआउट कर दिया। इसी बीच सदन में नारायणपुर में किसान आत्महत्या पर विपक्ष ने स्थगन प्रस्ताव दिया। अजय चंद्राकर ने कहा, स्थगन की सूचना नहीं है, इससे पहले व्यवस्था आनी चाहिए।

### वित्त विभाग ने जारी किया आदेश

## फिजूलखर्ची पर सरकार की रोक पूर्व में स्वीकृत कार्य नहीं होंगे

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

अपने शासनकाल में कांग्रेस सरकार के जिन कामों को शुरू नहीं कर पाई, अब वो काम शुरू ही नहीं होंगे।

प्रदेश की विष्णु देव सरकार ने यह निर्णय लिया है कि डीएमएफ (जिला खनिज न्यास निधि) की राशि से स्वीकृत होने के बाद जो काम नहीं हुए है, अब उन्हें रोक दिया जाएगा। इसके साथ ही विभागों की



फिजूलखर्ची रोकने के लिए सरकार ने समस्त विभागों को फरमान किया है। वित्त विभाग ने इस संबंध में सभी विभाग, अध्यक्ष, राजस्व मंडल, समस्त विभागाध्यक्षों को चिट्ठी जारी कर दी है।

---

## पक्ष-विपक्ष ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर की बताई खूबियां, सीएम डॉ. मोहन ने शुभकामनाएं देकर व्यक्तित्व को सराहा

# प्रशासनिक अनुभव, सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण, सबको साथ लेने की क्षमता से विधानसभा अध्यक्ष के लिए तोमर बने सर्वमान्य

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भोपाल

भाजपा के वरिष्ठ नेता, विधायक व पूर्व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर बुधवार को 16वीं विधानसभा के निर्विरोध अध्यक्ष चुन लिए गए। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने तोमर को विधानसभा अध्यक्ष पद की शपथ लेने पर शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि तोमर का नाम विधानसभा अध्यक्ष के लिए सर्वमान्य रहा।

उनके व्यक्तित्व का ही प्रभाव है कि उनके नाम को सभी दलों ने स्वीकारा और उन्हें समर्थन दिया। उनका सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव, सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पण और सबको साथ लेने की क्षमता उन्हें सर्वमान्य बनाती है। तोमर के पुरुषार्थ, परिश्रम, विनम्रता और सहज सरल स्वभाव से सदन गौरवान्वित है। निश्चित ही उनके अध्यक्षीय दायित्व निर्वहन से सदन की गरिमा में वृद्धि होगी।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रोटेम स्पीकर भार्गव का भी माना आभार



### तोमर के पास राजनैतिक अनुभव की पूंजी : शिवराज

पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि मप्र विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर पास राजनैतिक अनुभव की पूंजी है। इसका लाभ हम सभी को मिलेगा। प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा कि मेरी राजनीतिक यात्रा का महत्वपूर्ण दिन है। सदन में पहली बार चुन का आया आर आसंदी पर आपको देख रहा हूं। 40 वर्ष पहले जो काम शुरू किया था, आज उसे नई ऊंचाइयों ले जाने का सौभाग्य मिला है। राम निवास रावत ने कहा कि ग्वालियर चंबल से पहले अध्यक्ष चुने गए हैं। वे काफी प्रसन्न हैं और इसका लाभ मिलेगा। इसी तरह अन्य सदस्यों गिरीश गौतम, गोपाल भार्गव, डॉ. सीतासरन शर्मा, डॉ. राजेंद्र कुमार सिंह, कैलाश विजयवर्गीय, भूपेंद्र सिंह, अजय विश्नोई, राकेश सिंह, हेमंत कटारे, ओमकार सिंह मरकाम, विश्वास सारंग ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

### विधानसभा अध्यक्ष तोमर का यह रहा है राजनैतिक सफर

नरेंद्र सिंह तोमर पहली बार 1979 में छात्रसंघ अध्यक्ष चुने गए। 1977 में भाजयुमो के वार्ड अध्यक्ष, 1983 में नगर निगम पार्षद, 1977 में युवा मोर्चा में मंडल अध्यक्ष, 1985 में प्रांतीय मंत्री, 1988 में प्रांतीय उपाध्यक्ष, 1991 में प्रांतीय उपाध्यक्ष, प्रांतीय संयोजक, ग्वालियर के जिला मंत्री, प्रांतीय संयोजक, 1996 में पहली बार ग्वालियर से विधायक बने। 2003 में कैबिनेट मंत्री, 2005 में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, 2006 में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, 2009 में मुरैना से पहली बार सांसद बने। 2010 में राष्ट्रीय महामंत्री, 2012 में फिर से प्रदेश अध्यक्ष, 2014 में लोकसभा सदस्य, केंद्रीय कैबिनेट मंत्री, 2016 में संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार, 2017 में पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री, 2019 में मुरैना से सांसद बने। इसके बाद कृषि मंत्री बने। अब वे पहली बार मप्र विधानसभा के अध्यक्ष चुने गए।

### कटारे से भार्गव बोले-पिता व पुत्र के स्वभाव में काफी अंतर

*कांग्रेस के हेमंत कटारे ने पहले शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि दो सदस्यों ने ही विपक्ष के सर्वसम्मति के लिए धन्यवाद दिया तो भार्गव ने कहा कि हेमंत के पिता सत्यदेव कटारे ने उनके साथ काफी काम किया है। मैं मानकर चलता हूं कि सत्यदेव व उनके पुत्र के स्वभाव में काफी अंतर है। बेटा तुम कुछ सुधारों। इस पर आमोद-प्रमोद चला।*

### तोमर के ज्ञान, कौशल एवं अनुभव का लाभ मिलेगाः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

*प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह हम सबका सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश की आजादी के अमृत काल में लोकतंत्र के इस मंदिर में अध्यक्ष तोमर के ज्ञान, कौशल एवं अनुभव का लाभ प्राप्त होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रोटेम स्पीकर गोपाल भार्गव के कुशल दायित्व निर्वहन तथा शपथ ग्रहण एवं प्रतिज्ञान की कार्यवाही के सुगम संचालन के लिए आभार व्यक्त किया।*

### भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दी तोमर को बधाई

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णुदत्त शर्मा एवं प्रदेश संगठन महामंत्र हितानंद ने विधानसभा अध्यक्ष चुने जाने पर वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर को बधाई दी है।

### कोशिश रहेगी कि सदन के सभी सदस्यों की अपेक्षाओं के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करूंः विधानसभा अध्यक्ष तोमर

पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं वरिष्ठ नेता नरेंद्र सिंह तोमर ने विधानसभा अध्यक्ष का पद ग्रहण करने के बाद दिए अपने पहले संबोधन में कहा कि उनकी ईमानदार कोशिश रहेगी कि वे सदन के सभी सदस्यों की अपेक्षाओं एवं गौरवमयी इतिहास के अनुरूप दायित्वों का निर्वहन करेंगे। उन्होंने सर्वसम्मति से अपने निर्वाचन पर पक्ष एवं विपक्ष के सभी सदस्यों का हृदय से आभार प्रकट किया। अध्यक्ष तोमर ने कहा कि चाहे हम संगठन में कार्य करें या जनप्रतिनिधि के रूप में कार्य करें हम सभी का उद्देश्य एक ही होता है, जनसमस्याओं का निराकरण , राज्य का सर्वांगीण और संतुलित विकास। अध्यक्ष ने कहा कि सभी जानते है कि पक्ष और विपक्ष लोकतंत्र के दो स्तंभ हैं। इस आसंदी पर रहते हुए मेरा प्रयास यह रहेगा कि मेरी निगाह और नजर हर सदस्य पर रहे और हर सदस्य को उसका अधिकार प्राप्त हो।

### राजपूत समाज ने किया तोमर का सम्मान

*मप्र राजपूत समाज ने विधानसभा अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर नरेन्द्र सिंह तोमर का सम्मान किया। उनके निवास पर जाकर राजपूत समाज का प्रतिनिधि मंडल तोमर से मिला। समाज के पदाधिकारियों ने 51 किलो की गुलाबों की माला तोमर को पहनाई। आतिशबाजी भी की। इस मौके पर समाज महासचिव दीपक चौहान, डीएस भदौरिया, जीपीएस चौहान, आरएस भदौरिया, चंदन सिंह सूरमा शामिल हुए।*



# सनी देओल के सफर में सलमान करेंगे कैमियो

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता सलमान खान, सनी देओल की आने वाली फिल्म सफर में कैमियो करते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि सनी देओल जनवरी में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे। सफर एक बेहद दिल छू लेने वाली फिल्म होने वाली है, जो सनी देओल और एक चाइल्ड आर्टिस्ट की अलग-अलग मुश्किलों से भरे सफर की कहानी होगी। सनी देओल चाहते थे कि सलमान फिल्म में कैमियो करें। इसके लिए उन्होंने खुद कॉल कर उनसे कैमियो की रिक्वेस्ट की थी। सलमान खान कॉल पर ही फिल्म के लिए राजी हो गए। सलमान खान जनवरी 2024 में फिल्म सफर की शूटिंग करेंगे।

लाइफ Style



# कनिका

## फिर आई हसीन दिलरुबा

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तापसी पन्नू, विक्रांत मैसी और सनी कौशल स्टारर फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की शूटिंग पूरी हो गई है। आनंद एल राय और भूषण कुमार द्वारा प्रस्तुत फिर आई हसीन दिलरुबा कनिका ढिल्लन द्वारा लिखी गई है और जयप्रद देसाई द्वारा निर्देशित है।

फिर आई हसीन दिलरुबा की शूटिंग पूरी हो गई है। यह फिल्म वर्ष 2021 में प्रदर्शित फिल्म हसीन दिलरुबा की सीक्वल है। कनिका ढिल्लों ने सोशल मीडिया पर फिल्म फिर आई हसीन दिलरुबा की रैप-अप पार्टी की कई तस्वीरें साझा की हैं। तस्वीरों में मुख्य कलाकार तापसी पन्नू, सनी कौशल और विक्रांत मैसी के साथ-साथ जिमी शेरगिल, आनंद एल राय, जयप्रद देसाई शामिल हैं। पोस्ट को साझा करते हुए, उन्होंने कलाकारों के साथ फिल्म के पूरा होने पर अपनी खुशी व्यक्त की। उन्होंने फिल्म निर्माता आनंद एल राय और टी-सीरीज़ के प्रबंध निदेशक भूषण कुमार को उनके सहयोग के लिए हार्दिक आभार व्यक्त किया। बता दें कि कनिका ढिल्लों और रणविजय सिंह की आगामी वेब सीरीज 'मॉम एट वर्कः फ्रॉम डायपर्स टू डेडलान' का फर्स्ट लुक पोस्टर बुधवार को जारी हो गया है। इसमें कनिका और रणविजय लीड रोल में नजर आएंगे। इस सीरीज में कनिका आधुनिक कामकाजी महिलाओं की चुनौनियों को पेश करेंगी। कामकाजी महिलाएं मातृत्व की जिम्मेंदारियों को निभाते हुए और पेशेवर जिंदगी में किस तरह तालमेल बनाती चलती हैं, यह पहलू फिल्म में देखने को मिलेगा और पोस्टर में भी इसकी झलक नजर आ रही है।

हॉलीवुड मसाला




# 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी

**लॉस एंजिलस।** प्राइम वीडियो ने हाल ही में 'एक्सपैट्स' का ट्रेलर जारी किया है। इसे लुलु वांग ने निर्देशित किया है। यह छह-भाग की सीरीज है। बता दें कि यह जेनिस वाई.के. ली के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सबसे ज्यादा बिकने वाले उपन्यास द एक्सपेट्रिएट्स पर आधारित है। सीरीज का प्रीमियर 26 जनवरी, 2024 को दो एपिसोड के साथ होगा, जिसमें 23 फरवरी तक नए एपिसोड लॉन्च होंगे। ट्रेलर के रिलीज होते ही यह सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है।





# 'रिबेल मून' बनाने के लिए कहां से मिली प्रेरणा?

**लॉस एंजिलस।** 'रिबेल मून पार्ट 1: ए चाइल्ड ऑफ फायर' अपनी रिलीज के लिए तैयार है। जैक स्नाइडर की यह मूवी 15 दिसंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इसके बाद यह आज 22 दिसंबर को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम होगी। हाल ही में इसका ट्रेलर लॉन्च हुआ, जिसे दर्शकों का बेशुमार प्यार मिला। वहीं, अब जैक स्नाइडर 'रिबेल मून' के पीछे अपनी प्रेरणा और इसे जीवन में लाने की प्रक्रिया के बारे में बात करते देखे गए हैं। 'रिबेल मून' एक साई -फाई फिल्म है। फिल्म की कहानी आकाशगंगा के किनारे रहने वाले लोगों के जीवन पर आधारित है। वहीं, इसका सीक्वल 'रिबेल मून पार्ट 2: द स्कारगिवर' 19 अप्रैल, 2024 को सिनेमाघरों में दस्तक देगी।



# विद्युत व नोरा की 'क्रैक' की शूटिंग पूरी...

**मुंबई।** विद्युत जामवाल और नोरा फतेही स्टारर फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म क्रैक को लेकर चर्चा में हैं। फिल्म में वह अभिनेता विद्युत जामवाल के साथ नजर आयेंगी। फिल्म क्रैक की शूटिंग पूरी हो गई है। नोरा फतेही ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर रैप-अप शूट की कई तस्वीरें शेयर की हैं। सेट पर नोरा बॉडीकॉन ड्रेस और डेनिम जैकेट में हाथ में क्लिप बोर्ड लेकर पोज दे रही हैं। एक तस्वीर में वह हाथों में गुलदस्ता लिए पोज रही हैं। फोटोज शेयर करते हुए नोरा फतेही ने कैप्शन में लिखा कि क्रैक की शूटिंग खत्म। पूरी टीम के साथ मेरा अनुभव बहुत ही खास रहा। मुझे एक लीड के रूप में लेने के लिए आदित्य दत्त, विद्युत जामवाल और पूरी टीम को शुक्रिया। मैंने सेट पर बहुत कुछ सीखा है।



# अरबाज 24 को शूरा संग करेंगे शादी...

**मुंबई।** अरबाज खान इन दिनों अपनी निजी जिंदगी को लेकर चर्चा में हैं। हाल ही में अभिनेता का उनकी प्रेमिका जॉर्जिया एंड्रियानी संग ब्रेकअप हुआ है। अब अरबाज को नया प्यार मिल गया है। चर्चा है कि अरबाज मेकअप आर्टिस्ट शूरा खान को डेट कर रहे हैं और दोनों शादी के बंधन में बंधने वाले हैं। रिपोर्ट के मुताबिक वह 24 दिसंबर को शूरा के साथ शादी करने वाले हैं। दोनों अपने परिवार के सदस्यों की मौजूदगी और करीबी दोस्तों के बीच शादी करेंगे। अरबाज और शूरा की शादी मुंबई में होगी। शूरा पेशे से एक मेकअप आर्टिस्ट हैं। वह अभिनेत्री रवीना टंडन और उनकी बेटी राशा थडानी के लिए मेकअप आर्टिस्ट के रूम में काम कर चुकी हैं। अरबाज और शूरा की पहली मुलाकात अभिनेता की आने वाली फिल्म 'पटना शुक्ला' के सेट पर हुई थी।

टीवी मसाला



# 'गुम है किसी के प्यार में' शो में होगी पुनित की एंट्री..!

**मुंबई।** रियलिटी शो में अपने अभिनय से प्रसिद्धि पाने वाले पुनित पाठक अब स्टार प्लस के धारावाहिक गुम है किसी के प्यार में का हिस्सा बनने जा रहे हैं। शो के सेट पर पुनित को देखे जाने के बाद इस बारे में अटकलें तेज हो गईं। 'गुम है किसी के प्यार में' भाविका शर्मा, शक्ति अरोड़ा और सुमित सिंह मुख्य भूमिका में हैं। ऐसा माना जा रहा है कि पुनीत कुछ खास के लिए शो की लीड एक्ट्रेस भाविका शर्मा के साथ मिलकर काम करेंगे। हालांकि डांसर 'गुम है किसी के प्यार में' में नजर आएंगे या भाविका डांस प्लस प्रो में उनके साथ स्पेशल परफॉर्मेंस करने वाली हैं, ये अभी भी एक रहस्य है। डांस प्लस प्रो की बात करें तो ये डांस प्लस का सातवां सीजन है। ये शो रेमो डिसूजा और कप्तानों शक्ति मोहन, पुनित पाठक और राहुल शेट्टी के साथ शुरू होने के लिए पूरी तरह तैयार है। 'गुम है किसी के प्यार में' सीरियल में पहले नील भट्ट, आयशा सिंह और ऐश्वर्या शर्मा मुख्य भूमिका में थे। फिलहाल ये शो अब दूसरी पीढ़ी की कहानी दिखा रहा है जिसमें भाविका शर्मा, शक्ति अरोड़ा और सुमित सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

## नए स्टार्स के साथ जल्द आ रहा 'दीया और बाती हम' का दूसरा सीजन...

**मुंबई।** ऐसा कहा जा रहा है कि 'दीया और बाती हम' का दूसरा सीजन लॉन्च होने जा रहा है। टीवी शो 'जो आशिकाना' और 'नागिन' फेम खुशी दुबे इस शो के दूसरे सीजन में दीपिका सिंह की जगह ले सकती हैं। टीवी सीरियल 'दीया और बाती हम' पॉपुलर शो में से एक था। इस सीरियल में दीपिका सिंह और अनस रशीद लीड रोल में थे। रिपोर्ट के मुताबिक, शशि और सुमीत एक नए शो के लॉन्च की तैयारी कर रहे हैं जो एक आईएएस अधिकारी के इर्द-गिर्द घूमेगा। ऐसी अफवाह है कि नवनीत मलिक और आशीष दीक्षित दीया और बाती हम सीजन 2 में मुख्य भूमिका में ख़ुशी के साथ शामिल होंगे।



# उभरते सितारे : बाबिल, भुवन, ताहा शाह जैसे युवा अभिनेताओं ने ओटीटी में दर्शकों को कर दिया मंत्रमुग्ध

मुंबई। डिजिटल मनोरंजन की गतिशील दुनिया में, युवा कलाकार विभिन्न ओटीटी प्लेटफार्मों पर अपने असाधारण प्रदर्शन से धूम मचा रहे हैं। इस वर्ष प्रतिभा में वृद्धि देखी गई है, और उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों में ऐसे नाम भी शामिल हैं जो तेजी से प्रतिभा का पर्याय बनते जा रहे हैं।

**बाबिल खान - द रेलवे मेन :** नेटफ्लिक्स के ₹द रेलवे मेन₹ में अपनी भूमिका के लिए सुर्खियों में आए बाबिल खान एक आकर्षक शक्ति के रूप में उभरे हैं। उनके निरंतर और सूक्ष्म प्रदर्शन ने, एक मजबूत स्क्रीन उपस्थिति के साथ, प्रशंसा अर्जित की है। दर्शकों ने बाबिल खान को एक अद्भुत अभिनेता के रूप में तुरंत पहचान लिया है, जो एक उल्लेखनीय करियर की शुरुआत का प्रतीक है।

**ताहा शाह बदुश्शा - ताज: डिवाइडेड बाई ब्लड :** नसीरुद्दीन शाह के दूसरे बेटे के रूप में वेब श्रृंखला ₹ताजः डिवाइडेड बाई ब्लड₹ में कदम रखते हुए, ताहा शाह बदुश्शा ने मनमौजी और क्रूर राजकुमार मुराद का शानदार चित्रण किया, जो इस बहुचर्चित ऐतिहासिक श्रृंखला में एक असाधारण कलाकार थे। चरित्र की जटिलताओं को मूर्त




रूप देने और एक्शन दृश्य करने की उनकी क्षमता ने एक ऐसी प्रतिभा का प्रदर्शन किया जिसने उन्हें अलग खड़ा किया, दर्शकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ा और एक ऐसे कलाकार के रूप में जो निकट भविष्य में दांव बढ़ाएगा।

**भुवन अरोरा-फर्जी :** फर्जी में शाहिद कपूर के साथ स्क्रीन साझा करते हुए, भुवन अरोड़ा ने अपनी समानांतर मुख्य भूमिका के साथ एक महत्वपूर्ण प्रभाव डाला। तेज-तर्रार जीवनशैली से परिभाषित दुनिया में, अरोड़ा का प्रदर्शन गूंज उठा, जिससे वह एक घरेलू नाम बन गए। ₹फर्जी₹ की सफलता ने भुवन अरोड़ा को सुर्खियों में ला दिया है, जिससे एक उभरते सितारे के रूप में उनकी स्थिति मजबूत हो गई है।

**सिद्धांत गुप्ता - जुबली :** सिद्धांत गुप्ता ₹जुबली₹ में अपनी भूमिका में एक आकर्षक आकर्षण लाते हैं। शुगर-लेपित आवाज, शानदार लुक और शुरुआती अभिनय करियर में शायद ही कभी देखे गए करिश्मा के साथ, गुप्ता श्रृंखला में एक चुंबकीय गुणवत्ता जोड़ते हैं। डांस स्टेप्स, प्यार के क्षणों और गुस्से के विस्फोटों से भरा उनका चित्रण न केवल ₹जुबली₹ की देखने योग्य क्षमता को बढ़ाता है बल्कि उनकी होनहार प्रतिभा को भी रेखांकित करता है।

जैसे-जैसे ये युवा कलाकार ओटीटी क्षेत्र में अपनी राह बनाते जा रहे हैं, उनका प्रदर्शन डिजिटल मनोरंजन के विकसित परिदृश्य के लिए एक प्रमाण के रूप में काम करता है। प्रतिभा, समर्पण और दर्शकों से जुड़ने की क्षमता के संयोजन के साथ, ये उभरते सितारे निस्संदेह ऑन-डिमांड स्ट्रीमिंग की दुनिया में अधिक ऊंचाइयों के लिए तैयार हैं। इन नामों पर नजर रखें, क्योंकि ये मनोरंजन उद्योग के भविष्य को आकार देने वाले हैं।

# पंकज की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज ...




*मुंबई। जाने-माने एक्टर पंकज त्रिपाठी की फिल्म 'मैं अटल हूं' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में पंकज देश के पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी की भूमिका में नज़र आएंगे। आज मुम्बई में पंकज त्रिपाठी, फिल्म के निर्देशक रवि जाधव, निर्माता विनोद भानुशाली और निर्माता संदीप सिंह की मौजूदगी में फिल्म का ट्रेलर जारी किया गया। यह फिल्म 19 जनवरी, 2023 को देशभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। ट्रेलर लॉन्च के दौरान पंकज ने कहा कि उनके लिए अटल बिहारी वाजपेयी के किरदार को निभाना आसान काम नहीं था फिर भी मैंने अटलजी के किरदार को अच्छे ढंग से निभाने में कोई कसर नहीं छोड़ी है।*

## करण जौहर के शो में अजय देवगन ने पिता को लेकर किया चौंकाने वाला खुलासा

# एक्शन डायरेक्टर बनने से पहले गैंगस्टर थे मेरे पिता वीरू देवगन

*मुंबई। अजय देवगन बॉलीवुड के बेहद टैलेंटेड एक्टर्स में से एक हैं। अजय देवगन का हिंदी सिनेमा इंडस्ट्री में 30 साल से ज्यादा का करियर बेहद शानदार रहा है। उन्होंने इस दौरान 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया और कई ब्लॉकबस्टर फिल्में भी दीं। हाल ही में अजय देवगन करण जौहर के टॉक शो 'कॉफी विद करण 8' में पहुंचे थे। इस दौरान अजय ने अपने पिता की बॉलीवुड में शुरुआत पर बात की साथ ही उनसे जुड़े कई चौंकाने वाले खुलासे भी किए।*

### घर से भागकर मुंबई पहुंचे थे वीरू देवगन

अजय देवगन ने करण जौहर के शो में बताया कि जब वह 13 साल के थे तो उनके पिता वीरू देवगन पुराने पंजाब स्थित अपने घर से भाग गए थे। वह बिना रेल टिकट के बंबई आये और उन्हें जेल में डाल दिया गया था। उनके पास कोई काम नहीं था और इसलिए वे दो रोटी का जुगाड़ भी नहीं कर पा रहे थे। अजय ने बताया कि एक दिन किसी ने वीरू की मदद करते हुए उनसे कहा कि अगर वह उसकी कैब को रोजाना साफ करेंगे तो वे उसमें सो सकते हैं।



### गैंगवारी के दौरान रवि खन्ना ने देखा लड़ते हुए

अजय ने कहा,"उनके पिता ने वहां से शुरुआत की और एक कारपेंटर बन गये। फिर वह सायन-कोलीवाड़ा इलाके के गैंगस्टरों में से एक बन गये। वे कारपेंटर भी थे और गैंगवार भी होती रहती थी। एक दिन एक बहुत सीनियर एक्शन डायरेक्टर रवि खन्ना वहां से गुजर रहे थे। बीच सड़क पर दो गैंग के गुंडों के बीच गैंगवार चल रहा था। श्री खन्ना ने कार रोकी और काफी देर तक लड़ाई देखते रहे। लड़ाई के बाद मेरे पिताजी को बुलाया और पूछा, 'आप क्या करते हैं?' और उन्होंने कहा, 'मैं एक कारपेंटर हूं तो उन्होंने एक बहुत अच्छी लाइन कही, 'तू लड़ता अच्छा है, कल आकर मुझसे मिलना' और उन्हें एक फाइटर बना दिया और वहीं से उन्होंने फिल्मी कॅरियर की शुरूआत की।

### वीरू ने 200 से ज्यादा फिल्मों को किया डायरेक्ट

बता दें कि वीरू देवगन ने 200 से ज्यादा फिल्मों के एक्शन सीक्वेंस को कोरियोग्राफ किया था। इनमें रोटी कपड़ा और मकान, मिस्टर नटवरलाल, फूल और कांटे और राम तेरी गंगा मैली सहित कई फिल्में ब्लाकबस्टर रहीं।

### अजय देवगन को सिंघम अगेन का इंतजार

अजय देवगन फिलहाल अपनी अगली फिल्म 'सिंघम अगेन' की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं। फिल्म का निर्देशन अभिनेता के कॉफ़ी पार्टनर रोहित शेट्टी ने किया है । इसमें टाइगर श्रॉफ, करीना कपूर खान, रणवीर सिंह, दीपिका पादुकोण और अक्षय कुमार भी होंगे।सिंघम फ्रेंचाइजी की शुरुआत 2011 में हुई थी, जिसमें अजय देवगन ने लीड रोल प्ले किया था।



## एमएसएमई सेक्टर में पतंजलि की अहम भूमिकाः आचार्य बालकृष्ण

**हरिद्वार।** ग्रामीण एवं एम.एस.एम.ई. के विकास में पतंजलि द्वारा किए जाने वाले योगदान एवं सरकारी योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने के संदर्भ में आचार्य बालकृष्ण जी महाराज ने नई दिल्ली में कैबिनेट मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार माननीय नारायण तातू राणे जी व राज्य मंत्री, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय, भारत सरकार भानु प्रताप सिंह वर्मा जी के साथ विस्तृत चर्चा की। वार्ता के दौरान माननीय मंत्री राणे जी ने पूज्य स्वामी जी के नेतृत्व में पतंजलि द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि गांव के विकास के लिए पतंजलि के द्वारा और बड़ी भूमिका का निर्वहन करने की आवश्यकता है। पतंजलि देश के विकास के लिए एवं गांव के विकास के लिए कृत संकल्पित है। इस अवसर पर आचार्य बालकृष्ण जी ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहे जाने वाले एम.एस.एम.ई. सेक्टर में पतंजलि की अहम भूमिका है। उन्होंने कहा कि हमें गर्व है कि पतंजलि की सेवाओं का विस्तार उत्तराखण्ड के दुर्गम पहाड़ों से लेकर उत्तर पूर्व के गांवों तक फैला है। हमने दुर्गम व पिछड़े क्षेत्रों में रोजगार के अवसर सृजित कर समृद्धि के द्वार खोले हैं तथा गांवों से पलायन रोका है। आचार्य जी ने कहा कि देश के विकास की राह गांव से होकर ही गुजरती है, अतः हमें अपने गांवों को समृद्ध करना होगा।

### उच्च न्यायालय ने पीपीएल इंडिया के लिए जीत का फैसला सुनाया

## संस्थाएं आवश्यक लाइसेंस के बिना पीपीएल नियंत्रित कॉपीराईट गीतों को नहीं बजा सकती

**नई दिल्ली।** क्रिसमस के जश्न एवं नव वर्ष की पूर्व संध्या पर फोनोग्राफिक परफोर्मेन्स लिमिटेड (पीपीएल इंडिया) अपने 70 लाख गीतों की व्यापक कैटलॉग को सुरक्षित करने के लिए तैयार है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने कॉपीराईट उल्लंघन के खिलाफ़ फैसला सुनाया है, जिसके तहत संस्थाएं आवश्यक लाइसेंस के बिना पीपीएल द्वारा नियन्त्रित कॉपीराईट गीतों को नहीं बजा सकतीं। सार्वजनिक अधिकारों की देखरेख करने वाले 80 साल पुराने पावरहाउस के रूप में पीपीएल इंडिया 400 से अधिक म्युज़कि लेबल्स की ओर से गीतों की व्यापक रेंज का प्रबन्धन करती है। इसमें उद्योग जगत के दिग्गजों जैसे टी-सीरीज़, सारेगामा, सोनी म्युज़कि, युनिवर्सल म्युजिक, वार्नर म्युज़कि, टाइम्स म्युज़कि, स्पीड रिकॉर्ड्स आदि के गीत शामिल हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा हाल ही में सुनाया गया फैसला पीपीएल इंडिया के लिए प्रेरणास्रोत के रूप में काम करता है, यह भारत के कई जाने-माने संगठनों जैसे वन 8 कम्यून (विराट कोहली के स्वामित्व में), टिम होर्टन्स, एप्ट्रोनिक्स, युनिकॉर्न, गोला सिज़लर, स्टर8अप हॉस्पिटेलिटी (ब्राण्ड जैसे ड्यूटी फ्री, सैस्सी ऑस्कर, टू इंडियन आदि) द्वारा कॉपीराईट साउण्ड रिकॉर्डिंग के अनधिकृत इस्तेमाल के मुद्दे को हल करता है। पिछले सालों के दौरान भारत की कई अदालतों ने इस तरह के उल्लंघन के खिलाफ़ फैसले जारी कर पीपीएल को समर्थन दिया है। ऐसे ही एक लीगल विकास के तहत दिल्ली उच्च न्यायालय ने डीजे एसोसिएशन चंडीगढ़ जैसे संगठनों द्वारा शुरू किए गए गुमराह करने वाले कैंपेन्स का संज्ञान गंभीरता से लिया। ये कैंपेन संगीत बजाने के लिए पीपीएल से लाइसेंस लेने के मामले में भ्रमित करते हैं। अदालत ने व्यापक संगीत प्रदर्शनों की सूची के वैद्य उपयोग के लिए लाइसेंस जारी करने के पीपीएल के अधिकार की पुष्टि करते हुए ऐसे संगठनों पर स्पष्ट प्रतिबंध लगा दिया है। कंपनी से संपर्क करने पर पीपीएल इंडिया ने कॉपीराईट धारकों के अधिकारों को बनाए रखने तथा निर्माताओं के लिए पारदर्शी मुआवज़ा सुनिश्चित करने के समर्थन हेतु दिल्ली उच्च न्यायाल के प्रति आभार व्यक्त किया। यह ऐतिहासिक फैसला संगीत उद्योग में बौद्धिक संपदा अधिकारों के सम्मान के महत्व की पुष्टि करता है।

### कॉपीराईट उल्लंघन

## 101 सेकेंड में अंतरिक्ष से धरती पर पहुंचा बिल्ली का क्यूट वीडियो

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

नासा ने सोमवार को अपने अंतरिक्ष यान से धरती पर बिल्ली का एचडी यानी एक हाई-डेफिनिशन वीडियो भेजा है। इसे पृथ्वी तक पहुंचने में केवल 101 सेकंड लगे हैं। इसको भेजने के लिए अत्याधुनिक लेजर संचार प्रणाली का उपयोग किया गया। नासा के मुताबिक धरती तक पहुंचने में इसने 3.10 करोड़ किमी दूरी तय की। यानी पृथ्वी-चंद्रमा की दूरी से लगभग 80 गुना ज्यादा। माना जा रहा है कि इस तकनीक का इस्तेमाल इंसानों को मंगल ग्रह पर पहुंचाने में भी किया जा सकेगा। 15 सेकंड के वीडियो में टेटर्स नाम की एक बिल्ली को दिखाया गया है। यह वह वीडियो है जिसे डीप स्पेस से स्ट्रीम किया गया है और इससे पता चलता है कि यहां से उच्च-डेटा-दर से संचारित करना संभव है जो मंगल ग्रह पर मनुष्यों को भेजने जैसे जटिल मिशनों का समर्थन करने के लिए आवश्यक है। वीडियो को एक लेजर ट्रांसीवर का उपयोग करके पृथ्वी पर भेजा गया, जो नासा के सायचे मिशन के साथ 13 अक्टूबर को लॉन्च किया गया था। जब वीडियो भेजा गया तो अंतरिक्ष यान चंद्रमा और पृथ्वी के बीच की दूरी से 80 गुना अधिक दूरी पर था। जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला (जेपीएल) में टेक डेमो के प्रोजेक्ट मैनेजर बिल क्लिपस्टीन ने कहा, "इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम को और अधिक यादगार बनाने के लिए, हमने एक मजेदार वीडियो बनाने के लिए जेपीएल में डिजाइनरों के साथ काम करने का फैसला किया, जो साइकी मिशन के हिस्से के रूप में डेमो के सार को दर्शाता है।" परंपरागत रूप से, अंतरिक्ष मिशन डेटा भेजने और प्राप्त करने के लिए रेडियो तरंगों पर निर्भर रहे हैं, हालांकि, लेजर के साथ काम करने से डेटा दर 10 से 100 गुना तक बढ़ने की संभावना है।



### बिल्ली का ही वीडियो क्यों स्ट्रीम किया?

यह बताते हुए जेपीएल ने कहा कि इसका एक ऐतिहासिक संबंध है। 1920 के दशक में जब अमेरिकियों की रुचि टेलीविजन में बढ़ने लगी तो उन्होंने फेलिक्स द कैट की एक मूर्ति को प्रसारित किया। इसके अलावा, वायरल इंटरनेट वीडियो और मीम कल्चर की दुनिया में बिल्लियां नंबर एक स्थान पर बनी हुई हैं।

## बजरंगबली हैं कॉलेज के चेयरमैन, उनके नाम केबिन और कार, वही लेते हैं हर फैसला

### लखनऊ में एक कॉलेज संचालक ने अपना चेयरमैन बना रखा है बजरंगबली को

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

बजरंग बली की राम भक्ति के किस्से हम सब जानते हैं। जैसे वो रामभक्त थे वैसे ही उनके भी भक्त हैं जो अजब गजब तरीके से हनुमान भक्ति करते हैं। लखनऊ में तो एक कॉलेज संचालक ने अपना चेयरमैन बजरंगबली को बना रखा है। कॉलेज का हर काम बजरंग बली की इजाज़त से होता है। लखनऊ के भगत सिंह कॉलेज में हर काम बजरंग बजी की इजाजत से होता है। वो इस कॉलेज के चेयरमैन हैं। एक ऐसा कॉलेज जिसके चेयरमैन कोई इंसान नहीं बल्कि राम भक्त महाप्रभु हनुमान हैं। इस कॉलेज में हनुमान जी का केबिन भी है, जहां पर लोग उनकी आज्ञा लेकर अंदर जाते हैं। यही नहीं बजरंगबली के लिए यहां पर नैनो कार भी है जो उन्हें हर मंगलवार को राम मंदिर के दर्शन कराने के लिए लेकर जाती है। इस कार में ड्राइवर और बजरंगबली के अलावा कोई और नहीं बैठता।

### चेयरमैन की गद्दी पर हनुमान जी ही विराजमान

इस कॉलेज में कॉन्फ्रेंस रूम भी है जहां पर चेयरमैन की गद्दी पर हनुमान जी ही विराजमान हैं और उनकी नेम प्लेट भी सभी जगहों पर लगी हुई है। यह कॉलेज उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के मोहन रोड पर स्थित है। इसका नाम सरदार भगत सिंह कॉलेज है। वर्तमान में इसमें हजारों की संख्या में छात्र-छात्राएं पढ़ रहे हैं। कॉलेज में हनुमान जी सुबह 8:00 बजे आते हैं। इससे पहले उनके केबिन की साफ सफाई कर दी जाती है। उनके केबिन में धार्मिक किताबें रखी हैं और भगवान हनुमान जहां विराजमान हैं उनकी नेम प्लेट भी वहीं पर लगी है। इसी केबिन में राम दरबार भी है। केबिन में आने के बाद हनुमान जी के साथ लगभग सुबह 10 से 11:00 के बीच कॉन्फ्रेंस हॉल में सभी लोग मीटिंग करते हैं।



### लंच भी दिया जाता है

कॉन्फ्रेंस हॉल में भी चेयरमैन की गद्दी पर हनुमान जी की प्रतिमा रखी हुई है और नेम प्लेट रखी है। मीटिंग खत्म होने के बाद हनुमान जी को परिसर में बने मंदिर में दर्शन कराया जाता है, जहां पर वह स्वयं विराजमान हैं। इसके बाद दोपहर में एक बजे लंच ब्रेक में उनका पसंदीदा बेसन का लड्डू उनके केबिन में पहुंचा दिया जाता है।

### ये हैं कॉलेज संचालक

इस कॉलेज की नींव रखने वाले पूर्व प्रेजिडेंट विवेक तांगड़ी और सचिव पंकज सिंह भदौरिया ने बताया कि वर्ष 2007 में दोनों मित्रों ने मिलकर इस कॉलेज की नींव रखी थी। उस वक्त दोनों ही मित्र इस कॉलेज के चेयरमैन नहीं बनना चाहते थे। तमाम मंथनों के बाद क्योंकि दोनों राम भक्त हनुमान के परम भक्त हैं इसीलिए फैसला लिया गया कि बजरंगबली को यहां का चेयरमैन बनाया जाए।

### भगवान के लिए नैनो कार

इस कॉलेज में चेयरमैन हनुमान जी के लिए एक नैनो कार है जिससे वह हर मंगलवार को राम मंदिर के दर्शन करने के लिए जाते हैं। वहां पर हनुमान जी पहुंचकर प्रसाद और फूल चढ़ाते हैं। फिर वापस कॉलेज आते हैं और इसके बाद शाम को जब सब निकलते हैं तो उनका केबिन भी बंद कर दिया जाता है। यही नहीं पूरी विधि विधान के साथ हर एक बात का ध्यान रखा जाता है। और तो और जो नियम कानून चेयरमैन के पद के होते हैं उन सभी को फॉलो किया जाता है।

### ऐसे मिली मान्यता





पूर्व सचिव पंकज सिंह भदौरिया ने बताया कि उत्तर प्रदेश टेक्निकल यूनिवर्सिटी जो अब डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम टेक्निकल विश्वविद्यालय है इसने उस वक्त मान्यता देने से इस कॉलेज को मना कर दिया था। दरअसल उनका तर्क था कि चेयरमैन एक जीवित व्यक्ति ही होता है। ऐसे में जब तमाम ब्राह्मणों द्वारा यह तर्क दिया गया कि राम भक्त हनुमान को अमर होने के साथ ही चिरंजीवी होने का वरदान प्राप्त है और इस युग के एकमात्र जागृत देवता वहीं हैं। इसके बाद यह मामला राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहुंच गया था फिर इसे मान्यता मिल गई थी।

## नासा द्वारा अंतरिक्ष में खींची गई 'क्रिसमस ट्री' हो रही है वायरल

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

क्रिसमस का त्योहार नजदीक आ गया है। 25 दिसंबर को दुनियाभर में यह त्योहार मनाया जाना है। इसे लेकर तैयारियां जोरों पर हैं। भारत समेत पूरी दुनिया में यह त्योहार बेहद खास तरीके से मनाया जाता है। खासकर ईसाई समुदाय के लोग इस पर्व को धूमधाम से मनाते हैं और खुशियां बांटते हैं। इस बीच अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने अंतरिक्ष में खिंची गई क्रिसमस ट्री की तस्वीर को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर शेयर किया है जो कि वायरल हो रही है। नासा ने जो तस्वीर शेयर की है वह अंतरिक्ष में तारों और गैस से बनी हुई है। यह बिल्कुल रंग बिरंगी क्रिसमस ट्री जैसी दिखाई दे रही है। इसे काफी संख्या में लोग शेयर कर रहे हैं। तस्वीर इतनी खूबसूरत लग रही है कि किसी का भी मन मोह लेगी।



### नासा ने लिखा

तस्वीर के साथ नासा ने लिखा है कि यह काफी हद तक ब्रह्मांड जैसा दिखने लगा है। हमारी चंद्रा वेधशाला ने हाल ही में नीली और सफेद रोशनी देखी जो "क्रिसमस ट्री क्लस्टर" जैसी दिखती है। यह पृथ्वी से लगभग 2,500 प्रकाश वर्ष दूर तारों और गैस का एक झुंड है। क्रिसमस डे के दिन क्रिसमस ट्री का खास महत्व है। इसे तरह-तरह से सजाया जाता है। लोग अपने घर में क्रिसमस ट्री लाते हैं और उसे अलग तरह से दिखाने की कोशिश करते हैं। क्रिसमस ट्री से क्रिसमस डे का सेलिब्रेशन और भी बेहतरीन बन जाता है। क्रिसमस डे के दिन लोग चर्च में जाकर प्रार्थना करते हैं और कैंडल जलाते हैं। गिरिजाघरों में जीसस क्राइस्ट के बारे में बताया जाता है। क्रिसमस को लेकर बाजार अभी से सजाए जा रहे हैं।

## राशिफल

**मेष** परिवार में सुख-शान्ति रहेगी। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। भवन के रख-रखाव एवं साज-सज्जा के कार्यों पर खर्च बढ़ेंगे। माता का सानिध्य

**वृष** आत्मविश्वास में कमी रहेगी। परिवार के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों से आय हो सकती

**मिथुन** मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु फिर भी आत्मसंयत रहें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। स्वाथ्य का ध्यान रखें।

**कर्क** फिर भी व्यर्थ के झगड़े एवं विवादों से बचें। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाग-दौड़ बढ़ेगी। कारोबार के लिए विदेश यात्रा के योग बन रहे हैं।

**सिंह** व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलित रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। शैक्षिक कार्यों पर ध्यान दें। व्यवधान आ सकते हैं। आय में कमी आ सकती है।

**कन्या** संयत रहें। अपनी भावनाओं को वश में रखें। नौकरी के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। शासन-सत्ता का सहयोग मिलेगा।

**तुला** पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं। परिश्रम अधिक रहेगा। खर्चों में वृद्धि होगी।

**वृश्चिक** संयत रहें। व्यर्थ के क्रोध से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। घर-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं।

**धनु** मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। संयत रहें। व्यर्थ के वाद-विवाद से बचें। शैक्षिक कार्यों के सुखद-परिणाम मिलेंगे। पिता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**मकर** मन परेशान रहेगा। आत्मसंयत रहें। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी और आय के साधन भी बनेंगे। खर्च

**कुंभ** फिर भी धैयशीलता बनाये रखने का प्रयास करें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्चों की अधिकता रहेगी। धार्मिक संगीत के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**मीन** वाणी में मधुरता भी रहेगी। परिवार में शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। परिवार का साथ मिलेगा।

## लंदन में शाहरुख की हीरोइन को समझा 'भिखारी', फेंकने लगे चिल्लर

**लंदन।** तापसी पन्नू साउथ सिनेमा ही नहीं, बॉलीवुड दर्शकों के बीच भी अपनी छाप छोड़ने में कामयाब रही हैं। पिछले कुछ सालों में उन्होंने बैक टू बैक बेहतरीन फिल्मों में काम किया और अपने काम से लोगों को अपना फैन बनाया। तापसी अब शाहरुख खान, विक्की कौशल स्टारर 'डंकी' में नजर आने वाली हैं। फिल्म में तापसी एक पंजाबी लड़की का किरदार निभाती नजर आएंगी, जिसे कुश्ती के दांव-पेंच भी आते हैं। अब एक्ट्रेस ने हाल ही में फिल्म में अपने रोल को खुलकर बात की और इसके साथ ही उन्होंने फिल्म से जुड़े अपने एक्सपीरियंस शेयर किए। इसके अलावा तापसी ने खुद से जुड़ा एक मजेदार किस्सा भी बताया। फिल्म के प्रमोशनल इवेंट के दौरान तापसी की एक तस्वीर दिखाई जाती है। इस तस्वीर में तापसी पन्नू लंदन की सड़कों पर स्टेच्यू बनकर खड़ी हैं। फोटो देखते ही तापसी को इससे जुड़ी एक मजेदार कहानी याद आ जाती है, जिसे उन्होंने शेयर किया। तापसी बताती हैं कि इस तस्वीर से जुड़ा एक बेहद यादगार पल है। जिसके बारे में वह बताना चाहती हैं और इतना कहते ही अभिनेत्री ने इस तस्वीर से जुड़ा एक मजेदार किस्सा सुनाना शुरू कर दिया। फिर अभिनेत्री ने कहा- 'मैं बता दूं कि इस फोटो में जो स्टेच्यू बनी नजर आ रही है, वो मैं ही हूं. वहां के सर्किट में मुझे तैयार करके खड़ा करवा दिया गया था। फोटो में मैं एक पेटी के ऊपर खड़ी हूं और इस दौरान उस पेटी खोलकर रखा गया था, ताकि मुझे पैसे मिलते रहें। मैं वहां लिविंग स्टेच्यू बनकर खड़ी थी। कैमरा रोल हो रहा था, लेकिन वहां से गुजर रहे लोगों को पता नहीं था कि यहां शूटिंग चल रही है। लोगों को लगा मैं भिखारी हूं और उन्होंने सच में आकर पैसे डालना शुरू कर दिया।'



### कमा लिए कुछ पाउंड


तापसी ने आगे कहा- 'क्योंकि, हम सब इस बात को लेकर डरे हुए थे कि अगर लोगों को पता चला कि यहां शूटिंग चल रही है तो वह डर सकते हैं या फिर भीड़ इकट्ठा हो सकती है। तो किसी को इसके बारे में नहीं बताया गया। यानी किसी को कानों कान इसकी खबर नहीं लगी कि यहां शूटिंग हो रही है। मुझे लगता है उस दिन कुछ पाउंड तो मैंने कमा ही लिए थे।' इस पर शाहरुख खान भी मजेदार जवाब देते हैं और कहते हैं- 'बेशक, इससे प्रोड्यूसर भी काफी खुश हुए होंगे। हमारा लंदन शेड्यूल ही उन्हीं पैसों से निकला है।'

## आवश्यकता

आवश्यकता है - !!! नववर्ष नौकरी सुनहरा अवसर !!! आयुवेदिक कंपनी में शिक्षित/बेरोजगार जरूरतमंद लड़के-लड़कियाँ हाउसवाइफ पार्टटाइम/फुलटाइम घर बैठे दवाई पैकिंग करके 30,500/- से 35,500/- महीना कमाएं अपना रोजगार बढ़ाए (जरूरतमंद लोग ही कॉल/WHATSAPP करें) NOC - 2150/- +91 85830 47417 (भोपाल /27 /दिस. 23)

सूचना - पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार पत्र में प्रकाशित सभी प्रकार के विज्ञापनों (डिस्प्ले एवं रनिंग क्लासीफाईड में दिए गए तथ्यों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें। हरिभूमि समूह की विज्ञापनों के तथ्यों से संबंधित कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

## शब्द पहेली - 5371



**बाएँ से दाए**
1.बलगम-2
3.जाप,मंत्र पाठ-2
5.काया,बदन-2
7.ठाठ-बाट-2
9.गिरावट,अवनति-3
11.बुरी आदत-2
13.सदं,अच्छा-2
15.बंदर-3
17.अपशिष्ट पदार्थ-2
19.थोड़ा-2
22.दबाना,कुचलना-3
24.शारीरिक ऊंचाई-2
26.आम जनता-2
28.पिता के पिता-2
30.पक्षाघात,फालिज-3
32.मनमौजी,अलमस्त-2
34.नवीन-2
36.लोच-3
38.गाड़ी,घोड़ागाड़ी-2
41.बीता हुआ दिन-2
43.लेखनी,पेन-3
45.अधर-2
47.रांझा की प्रेमिका-2
49.अप्सरा,परी-2
51.गर्भ,कोख-3
53.दंड,शिक्षा -2
55.पाश,फंदा-2
57.परखना-3
60.वोट,अभिप्राय-2
62.हत्या-2
64.तिरस्कृत-3
66.शराब-2
67.उद्देश्य-2
68.टूंटी,नलका-2
69.आनंद-2

**ऊपर से नीचे**
1.प्याला-2
2.धर्म आदेश-3
4.क्षण,लमहा-2
6.गगन,आकाश-2
8.सरुर,खुमार-2
10.पति की बहन-3
12.अंधकार-2
14.शर्म,लज्जा-2
16.पासों से भविष्य जानने की विद्या-3
18.भाग्य (अंग्रेजी-2)
20.रहस्य-2
21.कुर्बान-2
23.अनुकृति-3
25.जोर,बल-2
27.नाखून-2
29.दक्षिणा-2
31.पढ़ने वाला-3
33.परत-2
35.भैंस जैसा एक प्राणी-2
37.झगड़ा-3
39.भूमि,धरा -2
40.राहगीर-2
42.रक्त-2
44.मां का प्रेम-3
46.दम-2
48.आनंद-2
50.छुट्टी-2
52.झगड़ना-3
54.प्याला-2
56.प्यार-2
58.असफल-3
59.यमराज-2
61.पैंदा-2
63.संपत्ति-2
65.सम्राट-2

### शब्द पहेली - 5370 का हल



## सूडोकु नवताल - 5381

✱ ✲ ✲ ✲ ✲ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 4 | | 7 | | 1 | | | 3 |
| 3 | | 5 | | 4 | | 1 | | |
| | 2 | | | | 8 | | | |
| 4 | | 3 | | | | | | |
| | 8 | | | 2 | | | 1 | |
| | | | | | | 8 | | 6 |
| | | | 2 | | | | 3 | |
| | | 9 | | 8 | | 2 | | 4 |
| 1 | | | 4 | | 6 | | 9 | |

© MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

### सूडोकु नवताल - 5380 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 2 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 9 | 4 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 8 | 7 | 1 | 5 | 9 | 6 | 2 |
| 8 | 3 | 4 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 6 |
| 7 | 6 | 5 | 8 | 4 | 2 | 3 | 1 | 9 |
| 1 | 9 | 2 | 6 | 3 | 7 | 8 | 5 | 4 |
| 6 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 | 1 | 4 | 5 |
| 2 | 8 | 1 | 5 | 7 | 4 | 6 | 9 | 3 |
| 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 3 | 7 | 2 | 8 |

रोचक / शिखर चंद जैन

क्रिसमस पर अपने घरों में क्रिसमस-ट्री सजाने की परंपरा है। सिर्फ घरों में ही नहीं, बाहर भी बहुत ही भव्य रूप से क्रिसमस-ट्री सजाए जाते हैं, जो सबके आकर्षण का केंद्र होते हैं। यहां हम दुनिया के कुछ देशों में सजाए जाने वाले उन क्रिसमस-ट्री के बारे में बता रहे हैं, जो बहुत ही अजब-अनूठे हैं।

# अजब-अनूठे क्रिसमस ट्री



## लीगो ब्रिक्स क्रिसमस ट्री, ऑस्ट्रेलिया

**बच्चों, लीगो** के ब्लॉक यानी टुकड़ों को जोड़कर घर, ब्रिज, गाड़ियां या अन्य कई आकृतियां बनाई जाती हैं। तुमने भी कभी ना कभी लीगो के ब्लॉक जोड़कर तरह-तरह की आकृतियां बनाई होंगी। बच्चों, लीगो कंपनी भी हर साल इन्हीं ब्लॉक्स को जोड़कर विशाल आकार का एक क्रिसमस-ट्री बनाती है। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न शहर में कंपनी लगभग 13,000 लीगो ब्लॉक्स को जोड़कर 32 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाती है। इस ट्री को 35,000 रंग-बिरंगी एलईडी लाइटों से सजाया जाता है, जो देखने में बहुत ही मनमोहक लगता है। *

## मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस ट्री, अमेरिका



**अमेरिका में** मोना शोर्स सिंगिंग क्रिसमस-ट्री लंबे समय से तैयार किया जा रहा है। यह क्रिसमस-ट्री 67 फीट ऊंचा होता है। इसे मिशिगन राज्य के मस्कीगॉन में स्थित फ्रैंथल सेंटर में तैयार किया जाता है। इस क्रिसमस-ट्री की विशेषता यह है कि 15 तलों पर 275 वास्तविक गायक खड़े होकर 'डिंग डांग मेरीली ऑन हाई', 'आई हर्ड बेल्स ऑन क्रिसमस डे' जैसे मधुर गीत अपनी सुरीली आवाज में गाते हैं। इस क्रिसमस-ट्री को 25,000 रंग-बिरंगे मिनी बल्बों से भी सजाया जाता है। इसे देखना वाकई एक अनूठा अनुभव होता है। *

## पैकमैन क्रिसमस-ट्री, स्पेन



**स्पेन के** मैड्रिड शहर में एक अनूठा क्रिसमस-ट्री बनाया जाता है, जो दुनिया भर में चर्चित है। वीडियो गेम पसंद करने वाले बच्चे तो इसके दीवाने हैं, क्योंकि इस क्रिसमस-ट्री की बनावट जापान में 80 के दशक के लोकप्रिय आर्केड वीडियो गेम को समर्पित है, जिसे बाद में पैकमैन के नाम से जाना गया। पैकमैन क्रिसमस-ट्री का आकार एक विशाल त्रिभुज का होता है। मजे की बात पैकमैन क्रिसमस-ट्री के पास जाकर बच्चे पैकमैन वीडियो गेम को खेल भी सकते हैं। *

## लॉबस्टर ट्रैप क्रिसमस-ट्री, कनाडा



**कनाडा के** पूर्वी तटीय टाउन स्टॉनिंगटन में कुछ वर्षों से अनूठा क्रिसमस-ट्री तैयार किया जा रहा है। यहां क्रिसमस-ट्री लॉबस्टर्स (झींगा) के पिंजरानुमा ट्रैप्स से बनाया जाता है। फिर इस क्रिसमस-ट्री को रंग-बिरंगी सजावटी सामग्री, रिबन और मिनी बल्बों से सजाया जाता है। इस विशालकाय क्रिसमस ट्री को देखकर लोग हैरान रह जाते हैं। अब इसकी नकल करके कनाडा में कई स्थानों पर ऐसे ही क्रिसमस ट्री बनाए जाने लगे हैं। *


## ड्रम क्रिसमस ट्री, अमेरिका






**अमेरिका के** न्यूयॉर्क सिटी के रोचेस्टर में एक कंपनी पिछले 10 वर्षों से 27 से 28 फीट ऊंचा शानदार क्रिसमस-ट्री का निर्माण करती है। कंपनी द्वारा निर्मित क्रिसमस-ट्री बहुत अनोखा होता है, क्योंकि यह ट्री खाली हो चुके ड्रमों से बनाया जाता है। ड्रमों से बना 12 तल्लों का यह ट्री पूरे न्यूयॉर्क शहर में सबसे अनूठा क्रिसमस-ट्री होता है। इस विशाल क्रिसमस-ट्री के निर्माण में करीब 550 ड्रमों का इस्तेमाल होता है। इस अनूठे क्रिसमस-ट्री को तरह-तरह के डेकोरेटिव आइटम और कलरफुल लाइट्स से सजाया भी जाता है। *

## साइकिल से बने क्रिसमस-ट्री





**न्यूजीलैंड** के रोटोरुआ शहर में साइकिल से बनाया जाने वाला क्रिसमस-ट्री देखकर हर कोई दंग रह जाता है। यह ट्री लगभग 150 पुरानी साइकिलों को जोड़कर बनाया जाता है। साइकिल प्रेमी इसे विशेष रूप से पसंद करते हैं। न्यूजीलैंड की देखा-देखी चीन की राजधानी शेनयांग में भी एक शॉपिंग मॉल में एक बार 230 साइकिलों को जोड़कर 39 फीट ऊंचा क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। इसी तरह वर्ष 2014 में ऑस्ट्रेलिया के न्यू साउथ वेल्स राज्य के लिसमोर शहर में भी 90 पुरानी साइकिलों के पार्ट्स से क्रिसमस-ट्री बनाया गया था। साथ ही रंग-बिरंगी सामग्री से सजाया भी गया था। *

## फ्लोटिंग क्रिसमस ट्री, ब्राजील



**ब्राजील की** राजधानी रियो डि जेनेरो में रोड्रिगो डी फ्रीटास नामक झील है। इस झील में क्रिसमस के मौके पर एक विशाल क्रिसमस-ट्री पानी के ऊपर तैरता दिखता है, जिसे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री कहते हैं। इस ट्री की ऊंचाई 280 फीट होती है। इस क्रिसमस ट्री का नाम दुनिया के सबसे ऊंचे फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के रूप में गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स में भी दर्ज है। इस ट्री में बहुत ही शानदार लाइटिंग की जाती है, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से लोग आते हैं। फ्लोटिंग क्रिसमस की पूर्व संध्या पर फ्लोटिंग क्रिसमस-ट्री के पीछे शानदार आतिशबाजी की जाती है। *

कहानी / डॉ. अलका जैन 'आराधना'

हर साल अन्वय के दादा जी सांता क्लॉज बनकर कॉलोनी के बच्चों को उनके पसंद के उपहार चुपचाप बांट आते थे। इस बार जब दादा-दादी के साथ अन्वय नहीं था। वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया था तो बच्चों ने अकेले रह रहे दादा-दादी को सांता क्लॉज की तरह बहुत ही प्यारा और यादगार उपहार दिया। क्या था यह उपहार?

# सबसे प्यारा उपहार



उस दिन चिंटू, रॉबिन, माधव और रानी चारों क्रिसमस सेलिब्रेशन की प्लानिंग के लिए पार्क में इकट्ठे हुए। बात सांता क्लॉज पर होने लगी। बच्चे इस बात पर आश्चर्यचकित थे कि हर साल सांता ना जाने कैसे उनकी पसंद का उपहार रख जाता है। चिंटू अपनी आंखों की पुतलियां चारों ओर घुमाते हुए बोला, 'हमारी टीचर कहती हैं सांता क्लॉज कोई और नहीं, हम लोगों के आस-पास का कोई इंसान होता है, जो हर उस नेक इंसान के पास जाता है, जिसे मदद की जरूरत होती है। बच्चों को उसे खासतौर पर लगाव होता है, इसलिए उन्हें उपहार बांटता है।'

उसी समय बच्चों की नजर पार्क के सामने वाले घर पर पड़ी। उन्होंने देखा कि उनके फ्रेंड अन्वय के दादा-दादी बैठे हुए हैं। माधव ने कहा, 'जब अन्वय हमारे साथ था तो कितना अच्छा लगता था, लेकिन जब से वह अपने मम्मी-पापा के साथ अमेरिका चला गया है, उनका घर तो सूना ही हो गया है। दादा-दादी जी कितने उदास नजर आते हैं। क्या उनके लिए भी कोई सांता क्लॉज हो सकता है? उनकी उदासी दूर कर सकता है?' माधव की बात सुनकर रॉबिन बोला, 'क्यों ना इस बार हम अन्वय के दादा-दादी जी के लिए सांता क्लॉज बनें। बच्चे भी तो सांता क्लॉज हो सकते हैं।' 'आखिर हम क्या कर सकते हैं...?' माधव ने आश्चर्य से पूछा।

'अन्वय के पापा मेरे पापा के बहुत अच्छे दोस्त हैं... कई बार उनकी आपस में बात होती है... क्यों ना हम उन्हें कहें कि वे इस बार क्रिसमस और नया साल यहीं अपने देश में मनाएं।' रॉबिन ने कहा।

यह सुनकर रानी हंसते हुए बोली, 'मेरे दादा जी कहते हैं कि जो एक बार विदेश चला जाता है, वह आसानी से अपने देश में लौटता नहीं, बहुत कम अपनों से मिलने आता है।' रानी की बात सुनकर चिंटू बोला, 'नहीं... ऐसा नहीं है।' फिर वह रॉबिन की ओर देखकर बोला, 'तुम अपने पापा से कहना कि अन्वय के पापा से बात करें कि क्रिसमस पर वह भारत आएं। फिर कल हमें बताना।' अगले दिन जब बच्चे पार्क में इकट्ठे हुए तो रॉबिन ने चहकते हुए बताया, 'कल मेरे पापा की अन्वय के पापा से बात हुई थी। उन्होंने बताया कि उनका प्लान है कि वे जनवरी में मकर संक्रांति के आस-पास आएंगे, लेकिन मेरे पापा ने उन्हें क्रिसमस पर आकर दादा-दादी जी को सरप्राइज देने के लिए मना लिया है। शायद वे आज ही फ्लाइट की टिकट्स भी बुक करा लेंगे।' यह सुनकर सब बच्चे खुशी से चहक उठे। सबने प्लान कर लिया था कि इस बार भी क्रिसमस पर पार्क और सामने वाले घर को बहुत अच्छी तरह से सजाएंगे। क्रिसमस की पार्टी यहीं होगी।

जब क्रिसमस में कुछ ही दिन बचे थे तो बच्चों ने दादा-दादी जी के पास जाकर कहा, 'हम लोग क्रिसमस के लिए पार्क को सजा रहे हैं। हम चाहते हैं आपका घर भी सजाएं, अच्छा लगेगा।' दादा जी मुस्कुराते हुए बोल, 'ठीक है बच्चों...!'

बच्चे चाहते थे कि दादा-दादी जी को सरप्राइज मिले। अपने बेटे-बहू और पोते को देखने के बाद उनके चेहरे की खुशी से खिल उठेंगे। बच्चे रोज दादा-दादी के घर की थोड़ी-थोड़ी सजावट कर रहे थे। एक शाम दादी जी ने दादा जी से कहा, 'हर साल तो आपको अन्वय, अपनी और दोस्तों की ख्वाहिश बता देता था। आप हर रात सांता बनकर बच्चों का मनपसंद उपहार उनके घर के बाहर रख आते थे। इस बार अन्वय हमारे साथ नहीं है, अब आप बच्चों की इच्छा कैसे जानेंगे?'

दादा जी कुछ सोचते हुए बोले, 'बात तो तुम्हारी सही है, सोच रहा हूं कि सब बच्चों के लिए कोई ना कोई आउटडोर गेम ले आऊं।' यह कहकर दादाजी बाजार चले गए। क्रिसमस वाले दिन बच्चों ने पार्क में बहुत अच्छा सेलिब्रेशन किया। दादा-दादीजी भी बच्चों को खुश देखकर कुछ पल के लिए अपनी उदासी भूल गए थे। पार्टी के बाद सब बच्चे अपने घरों को लौट गए। कुछ देर बाद दादा जी सांता का रूप लेकर बच्चों के उपहार उनके दरवाजे के बाहर रखने के लिए अपने घर से बाहर निकले ही थे कि सामने सांता के वेश में पोते अन्वय को देखकर वह चौंके। बेटे-बहू और पोते अन्वय के साथ कॉलोनी के सारे बच्चे भी थे। दादा-दादी जी खुशी से झूम उठे। उन्होंने सब बच्चों को उपहार दिए, लेकिन क्रिसमस का सबसे प्यारा उपहार तो दादा-दादी जी को मिला था। उनकी खुशी कई गुना बढ़ गई, जब अन्वय ने बताया कि वह और मम्मी-पापा अब हमेशा दादा-दादी जी के साथ भारत में ही रहेंगे। इस बार का क्रिसमस सचमुच सबके लिए यादगार बन गया था। *

छोटी कहानी / विनीता

# हैप्पी क्रिसमस



सिक्स्थ क्लास में पढ़ने वाली ऐनी बहुत ही खुशमिजाज लड़की है। पड़ोस में रहने वाले सभी लोग उसे बहुत प्यार करते हैं। किसी शाम वह खेलने के लिए पार्क में नहीं आती तो उसे ढूंढ़ते हुए सारे दोस्त उसके घर पहुंच जाते। दो दिनों के बाद ही क्रिसमस है, ना तो अभी तक कोई तैयारी शुरू हुई है और ना ही वह खेलने के लिए पार्क में आई। इसीलिए सारे दोस्त ऐनी का हाल जानने के लिए उसके घर चले गए। दरवाजे पर ही ऐनी की मम्मी मिल गईं। रीमा ने उन्हें नमस्ते करते हुए पूछा, 'आंटी ऐनी की तबीयत तो ठीक है न? वह दो दिनों से खेलने नहीं आ रही।' 'बीमार तो नहीं, लेकिन बहुत सुस्त रहने लगी है आजकल। आज सजावट के लिए उसे साथ लेकर शॉपिंग पर जाना है, लेकिन वह जाने से मना कर रही है। हर साल अब तक मेरे साथ मिलकर वह पूरे घर की डेकोरेशन कंप्लीट करवा देती थी, लेकिन इस बार अभी तक हमारी तैयारी शुरू भी नहीं हुई।'

मम्मी ने चिंतित स्वर में कहा। बच्चे तुरंत ऐनी के कमरे में पहुंचे। वह अकेले गुमसुम सी बैठी थी। बहुत पूछने पर वह बोली, 'हमारे घर पर सफाई के लिए जो सुनीता आंटी आती हैं, उनकी बेटी मीनू के पैर में फ्रैक्चर हो गया है। हर साल क्रिसमस पर वह भी मेरे साथ होती थी, लेकिन इस बार वह बहुत तकलीफ में है। आंटी बता रही थीं कि उसके पैर का ऑपरेशन करवाना होगा, जिसमें काफी खर्च होगा। उनके घर में पैसों की बहुत तंगी है। आंटी हमारे लिए फैमिली मेंबर की तरह हैं, जब हमारा कोई अपना उदास हो तो ऐसे में उसे छोड़कर हम अकेले फेस्टिवल कैसे सेलिब्रेट कर सकते हैं?' कहते हुए ऐनी की आंखें भर आईं।

'हां, सचमुच यह तो बड़े दुख की बात है। हमें सुनीता आंटी की मदद करनी चाहिए।' रोहन बोला। ऐनी भी बोली, 'हां, मैं भी यही सोच रही थी किस तरह उनकी मदद करूं। मम्मी मुझे जो पॉकेटमनी देती हैं, उसे मैं अपनी पिगीबैंक में संभाल कर रखती हूं। उन पैसों से मीनू के लिए कुछ अच्छा-सा गिफ्ट खरीद लेती हूं। मम्मी से कहूंगी कि इस बार मुझे क्रिसमस गिफ्ट दिलाने के बजाए वे मीनू के इलाज के लिए सुनीता आंटी को कुछ पैसे दे दें।' 'मैं भी अपने पापा से बात करता हूं, वह हड्डियों के स्पेशलिस्ट डॉक्टर हैं। वह खुद मीनू का ट्रीटमेंट करेंगे, तो फीस के पैसे भी नहीं लगेंगे।' रोहन ने कहा। 'अपनी पॉकेटमनी मीनू को देने के लिए तैयार हूं, मैं और मैं भी...।' सभी बच्चों ने एक स्वर में ऐनी की बातों का समर्थन किया। तभी ऐनी की मम्मी भी कमरे में आ गईं। वह बोलीं, 'यह तो बहुत अच्छा आइडिया है। क्यों ना, इस बार हम मीनू की मदद करके उसके साथ अपनी खुशियां बांटते हुए यह त्योहार मनाएं, तभी तो हम सभी के लिए इस बार 25 दिसंबर वाकई हैप्पी क्रिसमस बन जाएगा।' इस बात पर सभी बच्चे मिलकर क्लैपिंग करने लगे। वे बहुत ही खुश थे। *



कविता / प्रकाश मनु

# क्रिसमस की ये शाम

हंसता झिलमिल क्रिसमस ट्री ये,
हंसती-गाती शाम,
याद रहेगा क्रिसमस मुझको
याद रहेगी शाम।
दीदी के संग खूब सजाया
क्रिसमस ट्री यह मैंने,
इसकी झलर-मलर तो देखो
सपनों के ये डैने।

काश, इसी में जादू वाले
भर दूं मन के रंग,
देखें दोस्त चकित होकर के
नया-नया यह ढंग।
पापा खुश हैं, मम्मी खुश हैं
खुशियों वाली शाम,
आज मनाएंगे हम क्रिसमस
छोड़ो सारे काम!

कहते हैं, जो भोले बच्चे
मन के होते सच्चे,
मिलते हैं उपहार उन्हीं को
सचमुच अच्छे-अच्छे।
सोच रहा हूं, कब आएगा
बूढ़ा सांता क्लॉज
क्या जाने अपने हाथों से
पहना दे वह ताज!
बनकर राजा बेटा नाचूं
देखें लोग तमाम,
याद रहेगा क्रिसमस सबको
और मेरा ही नाम!

## रंग भरो-140

**रंग भरो-140** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





लक्ष्य, रायपुर



रेयांश, बिलासपुर



सत्यम, रायपुर



सौम्या, दुर्ग



प्रेहन, कोरबा



निरीक्षा, बिलासपुर

### इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय

प्रगति-बिलासपुर, सार्थक-रायपुर, प्रियंका-दिल्ली, दिनेश-भोपाल, लोकिता-नया रायपुर, समृद्धि-शहडोल, सुयश-बिलासपुर, उमेश-महेंद्रगढ़, पायल-रोहतक, अंकिता-जबलपुर, कपिल-दिल्ली, मुकेश-राजनांदगांव, हितेश-जबलपुर, रमेश-रायपुर, यश-दिल्ली

## रंग भरो 141

बच्चों, यहां पर क्रिसमस से जुड़ा एक सुंदर-सा चित्र दिया गया है, जिसमें सांता क्लॉज दो बच्चों को क्रिसमस गिफ्ट दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा होगा, उसे हम **बालभूमि** में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो-संपादक फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129 ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग,पश्चिम दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर भेजो।



## सही परछाई पहचानो

बच्चों, यहां पर क्रिसमस के गिफ्ट्स लिए चार बच्चों के चित्र और नीचे उनकी परछाई दी गई हैं। तुम्हें बच्चों के चित्रों की सही परछाई को पहचानकर इनका मिलान करना है।




उत्तर: 1-c, 2-d, 3-b, 4-a

## खबर संक्षेप



### प्रणवी ने हासिल किया पूर्ण एलईटी कार्ड

**मराकेश।** भारतीय महिला गोल्फर प्रणवी उर्स ने क्वालीफाइंग स्कूल गोल्फ टूर्नामेंट के अंतिम चरण में संयुक्त 31वें स्थान पर रहकर 2024 के लिए लेडीज यूरोपीय टूर का पूर्ण कार्ड हासिल किया। प्रणवी ने फ्रंट नाइन पर शानदार प्रदर्शन किया और बैक नाइन पर कुछ परेशानियों से जूझते हुए वह अंतिम दौर में तीन अंडर 70 का कार्ड खेलने में सफल रहीं जिससे उनका कुल स्कोर 12 अंडर 351 रहा। प्रणवी इस तरह एलईटी टूर पर हमवतन गोल्फर दीक्षा डागर और अदिति अशोक के साथ शामिल हो गईं जो टूर की पहले ही पूर्ण सदस्य हैं।

### स्टोक्स, आर्चर के लिए टीम में रहेगी जगह

**तारोबा।** इंग्लैंड के कोच मैथ्यू मोट ने कहा कि स्टार आल राउंडर बेन स्टोक्स और तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की मैच जिताने की काबिलियत को देखते हुए उनका 2024 टी20 विश्व कप के लिए टीम में होना निहायत जरूरी है। इसलिए चोट से जूझ रहे इन दोनों खिलाड़ियों के लिए टीम में जगह बनी रहेगी। स्टोक्स के घुटने का नवंबर में ऑपरेशन हुआ था और उनके अगले साल जनवरी से मार्च तक भारत में होने वाली टेस्ट श्रृंखला के लिए इंग्लैंड की कप्तानी के लिए फिट होने की उम्मीद है। वहीं आर्चर कोहनी की चोट के कारण मार्च से इंग्लैंड के लिए नहीं खेले हैं।

### चोटिल शहजाद टेस्ट श्रृंखला से बाहर

**कराची।** पाकिस्तान को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मंगलवार से मेलबर्न में होने वाले दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच से पहले तब करारा झटका लगा जब उसके तेज गेंदबाज खुर्रम शहजाद पसली में फ्रैक्चर और पेट की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण टेस्ट श्रृंखला से बाहर हो गए। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने पुष्टि की खुर्रम शहजाद की बायीं पसली में फ्रैक्चर है तथा विशेषज्ञों से सलाह मशविरा करने के बाद यह फैसला किया गया कि वह मेलबर्न में 26 दिसंबर से और सिडनी में 3 जनवरी से शुरू होने वाले दूसरे और तीसरे टेस्ट मैच में खेलने के लिए उपलब्ध नहीं रहेंगे। सूत्रों ने कहा, 'पीसीबी भी इससे खुश है कि अजहर ने इस पद में दिलचस्पी दिखाई है क्योंकि उनकी क्रिकेट और शैक्षिक पृष्ठभूमि अच्छी है।'

## क्रिकेट : भारत ने पहली पारी में एक विकेट पर बनाए 98 रन

# पूजा ने चौंकाया, स्नेह को तीन विकेट ऑस्ट्रेलिया 219 रन पर ऑलआउट

एजेंसी ▶▶ मुंबई

तेज गेंदबाज पूजा वस्त्रकार और ऑफ स्पिनर स्नेह राणा ने गुरुवार को यहां एकमात्र महिला क्रिकेट टेस्ट के पहले दिन पिच से मिल रही असमान उछाल का पूरा फायदा उठाया। इससे भारत ने ऑस्ट्रेलिया को पहली पारी में 219 रन पर ढेर कर दिया। भारत ने इसके जवाब में दिन का खेल खत्म होने तक एक विकेट पर 98 रन बना लिए हैं। सलामी बल्लेबाजों स्मृति मंधाना (नाबाद 43) और शेफाली वर्मा (40 रन) ने पहले विकेट के लिए 90 रन जोड़कर भारत को अच्छी शुरुआत दिलाई। भारत अब ऑस्ट्रेलिया से 121 रन पीछे है जबकि उसके नौ विकेट शेष हैं।

दिन के खेल के दौरान भारत के दबदबे की शुरुआत पूजा (चार विकेट) ने की जिन्होंने स्नेह (तीन विकेट) और दीप्ति शर्मा (दो विकेट) के साथ मिलकर ताहलिया मैकग्रा (50 रन) के अर्धशतक के बावजूद ऑस्ट्रेलिया की पारी में 77.4 ओवर में समेट दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे ऑस्ट्रेलिया की शुरुआत खराब रही और टीम ने पहले ओवर में ही सलामी बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड (00) का विकेट गंवा दिया जो बेथ मूनी के साथ गलतफहमी का शिकार होकर रन आउट हुईं। चार गेंद बाद पूजा की शानदार गेंद पर एलिस पैरी (04) बोल्ड हो गईं जिससे ऑस्ट्रेलिया का स्कोर दो ओवर में सात रन पर दो विकेट हो गया।



### पूजा का चौथा शिकार बनी गार्डनर

कप्तान एलिसा हीली (38) और अनाबेल सदरलैंड (16) ने 40 रन की साझेदारी के दौरान अच्छे फुटवर्क का नजारा पेश किया लेकिन एलिसा, दीप्ति की नीची रहती गेंद पर बोल्ड हो गईं। पूजा ने इसके बाद अनाबेल को पगबाधा करके अपना तीसरा विकेट हासिल किया। एशले गार्डनर (11) पूजा का चौथा शिकार बनीं जिन्होंने ऑफ साइड के बाहर की गेंद से छेड़छाड़ करने की कोशिश में विकेटकीपर को कैच थमाया। ऑस्ट्रेलिया की निचले क्रम की बल्लेबाजों ने हालांकि टीम का स्कोर 200 रन के पार पहुंचाया। जेस योनासेन (19) और किम गार्थ (नाबाद 28) ने नौवें विकेट के लिए 93 गेंद में 30 रन की साझेदारी की। योनासेन के आउट होने के बाद लॉरेन चीटल (06) ने किम का अच्छा साथ निभाया जिससे ऑस्ट्रेलिया की टीम सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचने में सफल रही।

## राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में खिताब बचाने उतरेंगी स्वीटी

एजेंसी ▶▶ ग्रेटर नोएडा



गत विश्व चैंपियन मुक्केबाज स्वीटी बूरा गुरुवार से यहां शुरू हो रही महिला राष्ट्रीय मुक्केबाजी चैंपियनशिप में आकर्षण का केंद्र होंगी जहां वह 81 किग्रा वर्ग में अपने खिताब की रक्षा करने के इरादे से उतरेंगी। प्रतियोगिता में 300 से अधिक मुक्केबाज 12 वजन वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगे।

विश्व चैंपियनशिप 2014 में लाइट हैवीवेट वर्ग की रजत पदक विजेता हरियाणा की स्वीटी ने एशियाई चैंपियनशिप में स्वर्ण (2022), रजत (2015) और कांस्य (2021) पदक भी जीते हैं। एलीट महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप के सातवें सत्र में तोक्यो ओलंपियन पूजा रानी 75 किग्रा वर्ग जबकि हरियाणा की 2022 विश्व चैंपियनशिप की कांस्य पदक विजेता मनीषा मौन 60 किग्रा वर्ग में चुनौती पेश करेंगी। मनीषा को सेना खेल नियंत्रण बोर्ड की राष्ट्रमंडल खेलों की कांस्य पदक विजेता जैस्मिन से कड़ी टक्कर मिलेगी|दो युवा विश्व चैंपियन एसएससीबी की अरुणधति और असम की अंकुशिता बोरो 66 किग्रा वर्ग में खिताब के लिए चुनौती पेश करेंगी। पिछले सत्र में रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड ने 10 पदक जीते थे और इस बार भी वह इस सफलता को दोहराना चाहेगा।

### अफ्रीका टी20 लीग में शास्त्री करेंगे कमेंट्री

*नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच और मशहूर कमेंटेटर रवि शास्त्री को 10 जनवरी से शुरू होने वाले दक्षिण अफ्रीका टी20 लीग के लिए कमेंट्री पैनल में शामिल किया गया है। आयोजकों की विज्ञप्ति के अनुसार शास्त्री के अलावा इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर स्टुअर्ट ब्रॉड, केविन पीटरसन और मार्क बूचर, दक्षिण अफ्रीका के एबी डी विलियर्स, शॉन पोलाक और क्रिस मॉरिस भी कमेंट्री पैनल का हिस्सा हैं।*

**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर**
क्रमांक– अधी.यंत्री/कालोनी सेल/2023–24/622 दिनांक– 21/12/2023
**सार्वजनिक सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा/ग्राम कटियाघाट, खसरा नं. 12/2, 12/4, 15 कुल रकबा 1.053 हेक्टेयर में से 0.525 हेक्टेयर (यानि 5250 वर्गमीटर) भूमि पर (दत्त हाईट्स) विकासकर्ता/कालोनाईजर मेसर्स दत्त रियल इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड द्वारा डायरेक्टर श्री सुधीर दत्त पिता स्व. श्री ए.सी. दत्त, श्री विशाल दत्त पिता श्री सुधीर दत्त 1148/A नेपियर टाउन जबलपुर द्वारा आवासीय बहुमंजिला प्रकोष्ठ भवन विकास अनुमति प्राप्त करने के लिए निष्पादित विकास अनुबंध अनुसार विकास कार्यों के एवज में फ्लैट क्रमांक– 205 से 1205 तक (द्वितीय तल से बारहवें तल तक प्रत्येक तल पर एक फ्लैट) प्रत्येक फ्लैट 73 sqmt. कुल 11 फ्लैट क्षेत्रफल 803 वर्गमीटर नगर निगम जबलपुर में बंधक रखे गए हैं।
अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त दर्शित संपत्ति/ भूखंडों का क्रय विक्रय कालोनी विकासकर्ता द्वारा नगर निगम से विकास कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के पूर्व न किया जावे उपरोक्त संबंध में विस्तृत जानकारी एवं विवरण तथा अभिन्यास का अवलोकन कार्यालयीन कार्य दिवस में नगर पालिक निगम जबलपुर कालोनी सेल कक्ष क्रमांक 5 में किया जा सकता है।
**अधीक्षण यंत्री, कालोनी सेल, नगर निगम, जबलपुर**
NARMADA

## लक्ष्य, आकर्षी ने तीसरे दौर में बनाई जगह

एजेंसी ▶▶ गुवाहाटी

राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता और शीर्ष वरीय लक्ष्य सेन ने गुरुवार को यहां 85वीं सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग के तीसरे दौर में जगह बनाई। महिला वर्ग में शीर्ष वरीयता प्राप्त आकर्षी कश्यप भी दूसरे दौर की चुनौती पार करने में सफल रहीं। सेन ने टी सिद्धार्थ को 25 मिनट में आसानी से 21-8, 21-5 से पराजित किया।

आकर्षी को हालांकि रितुपर्णा दास से चुनौती मिली लेकिन वह 32 मिनट में 21-18, 21-11 की जीत से तीसरे दौर में पहुंची। बीडब्लूएफ 2023 विश्व जूनियर चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता आयुष शेट्टी को नीर नेहवाल से मुश्किल का सामना करना पड़ा लेकिन वह 23-25, 21-18, 21-12 से जीत हासिल करने में सफल रहे। दूसरी वरीयता प्राप्त अश्मिता चालिहा ने सुजेन बुरहागोहेन को 21-13, 21-10 से शिकस्त। अबुधाबी मास्टर्स 2023 चैम्पियन उन्नति हुड्डा ने झारखंड की मनीषा रानी टिर्की को 21-11, 21-17 से पराजित किया।




### आस्ट्रेलियन की परेशानी बढ़ाने की रणनीति थी

**मुंबई।** आस्ट्रेलिया के खिलाफ एकमात्र टेस्ट में पहली पारी में चार विकेट लेने वाली भारतीय तेज गेंदबाज पूजा वस्त्राकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय महिला टीम की रणनीति सीम लेकर भीतर की ओर आती गेंदों पर आस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों की कमजोरी का फायदा उठाने की थी। वस्त्राकर ने 53 रन देकर चार विकेट लिये जिसकी मदद से भारत ने पहली पारी में आस्ट्रेलिया को 219 रन पर आउट कर दिया। वस्त्राकर ने पहले दिन के खेल के बाद कहा, 'मेरे पास आउटस्विंग है लेकिन मैने आस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के बल्लेबाजों के वीडियो देखे हैं जिन्हें इनस्विंगर खेलने में दिक्कत आती है। हमने अभ्यास के दौरान इस पर मेहनत की।

### अली ने निदेशक पद के लिए किया आवेदन

**कराची।** पाकिस्तान के पूर्व टेस्ट और एकदिवसीय कप्तान अजहर अली ने लाहौर स्थित राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) के निदेशक पद के लिए आवेदन किया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने एनसीए के निदेशक पद के लिए आवेदन आमंत्रित किए थे ।

**भारतीय स्टेट बैंक**
शाखा - बरघाट ( 02828 ), सिवनी-बालाघाट मेन रोड
तहसील बरघाट, जिला सिवनी, म.प्र.- 480667
Ph.- 6380061144, Email Id:- sbi.02828@sbi.co.in

**आधिपत्य (कब्जा) की सूचना (अचल संपत्ति के लिये)**

अधोहस्ताक्षरकर्ता के द्वारा भारतीय स्टेटबैंक का प्राधिकृत अधिकारी होते हुए वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम,2002 की धारा 13(2) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम के साथ प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये निम्नलिखित ऋणधारी/जमानतदार को ब्याज राशि सहित नोटिस प्राप्ति के दिनांक से 60 दिन की समयावधि में भुगतान करने हेतु निर्देशित किया गया था। ऋणग्रहिता/जमानतदार और सर्वसाधारण को एतद् द्वारा सूचना पत्र दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरकर्ता ने उक्त अधिनियम की धारा 13(4) सपठित उक्त नियम (8) के साथ पढ़ा जाये एतस्मिन नीचे वर्णित संपत्तियों का अधिपत्य कर लिया है। ऋणग्रहिता/जमानतदार को विशिष्टत: और सर्वसाधारण को सामान्यत: एतद् द्वारा निम्न वर्णित सपत्ति के साथ कोई व्यवहार नहीं करने की चेतावनी दी जाती है और संपत्ति के साथ कोई व्यवहार निम्न वर्णित राशि एवं उस पर ब्याज तथा अन्य प्रभार आदि के लिये भारतीय स्टेट बैंक के प्रभार के अनुसार होगा।

| क्र | ऋणी /जमानतदार का नाम व पता | बंधक संपत्ति का विवरण | मांग सूचना पत्र की तिथि व राशि | आधिपत्य की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | ऋणी- मेसर्स एम. एंड टी. एंटरप्राइजेज प्रोप्रा.- श्री जितेंद्र हरिनखेड़े पुत्र श्री नानाजी सुखलाल हरिनखेड़े पता- पोस्ट गंगेरुआ, तहसील बरघाट, जिला- सिवनी ( म. प्र. ) 480667 | मौजा बरघाट पी.सी. 48, आर.एन. स्थित डायवर्टेड भूमि/मकान, नं.बं. 72, आरआईसी एवं तहसील बरघाट, जिला-सिवनी ( म.प्र. ) वार्ड क्रमांक 05 बरघाट, खसरा. क्रमांक.129/52, क्षेत्रफल 1200 वर्ग. फीट, सम्पत्ति धारक- जीतेन्द्र कुमार हरिनखेड़े पिता श्री नानाजी सुखलाल हरिनखेड़े चतुर्सीमा ( विक्रय पत्र के अनुसार ) -पूर्व -भवानी पटले की भूमि, पश्चिम - नरेन्द्र ठाकुर की शेष भूमि, उत्तर- आदिवासी भूमि, दक्षिण- सड़क | दि. 12/10/2023 रू. 12,56,709.77 + ब्याज 10.08.2023 से + अन्य खर्च | 16–12–2023 |

उक्त (सरफेसी एक्ट 2002) अधिनियम के अंतर्गत सम्पत्ति विक्रय बावद 30 दिवस की वैधानिक सूचना – ऋणी एवं प्रति भू को सूचित किया जाता है कि, इस नोटिस की दिनांक से 30 दिनों के अंदर नोटिस में दर्शायी गई समस्त राशि मय ब्याज के जमा करें अन्यथा संपत्ति नीलामी की जावेगी एवं शेष राशि मय ब्याज के ऋणी एवं प्रति भू से वसूल की जायेगी।
दिनांक: 22/12/2023
प्राधिकृत अधिकारी, भारतीय स्टेट बैंक, शाखा - सिवनी, जिला- सिवनी ( म. प्र. )

## वेस्टइंडीज की टेस्ट टीम में सात नए चेहरे

**सेंट जोन्स।** वेस्टइंडीज ने ऑस्ट्रेलिया दौरे में होने वाली दो टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए अपनी 15 सदस्यीय टीम में सात नए चेहरे शामिल किए हैं। क्रिकेट वेस्टइंडीज ने बुधवार को कहा कि टीम का नेतृत्व क्रैग ब्रैथवेट करेंगे, जबकि तेज गेंदबाज अल्जारी जोसेफ को नया उप कप्तान नियुक्त किया गया है। जिन सात नए खिलाड़ियों को टीम में लिया गया है, उनमें बल्लेबाज ज़ाचरी मैक्कासी, विकेटकीपर टेविन इमलाच, ऑलराउंडर जस्टिन ग्रीव्स, केवम हॉज और केविन सिंक्लेयर तथा तेज गेंदबाज अकीम जॉर्डन और शमर जोसेफ शामिल हैं।

**पश्चिम मध्य रेल**
विद्युत (सामान्य शाखा) खुली निविदा
निविदा क्रमांक: जबल/एल/टी नं. 30 /2023 दिनांक 19.12.2023
मंडल रेल प्रबंधक (विद्युत सामान्य) पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिये एवं उनके ओर से निम्नलिखित कार्यों हेतु आवेदन निर्धारित निविदा फार्म पर खुली निविदा आमंत्रित करता है। **निविदा सूचना क्रमांक**– जबल/एल/टी नं. 30/ 2023 दिनांक : 19.12.2023, **कार्य का नाम लोकेशन सहित**– जबलपुर मंडल पर विभिन्न स्थानों पर 4 विविध कार्यों का विदयुतीकरण। **निविदा का अनुमानित मूल्य (कीमत लाखों में)**– रू. 31,93,410.05, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये में)– 0.00/–, कार्यालय का पता जहां टेंडर फार्म खरीदा जा सकता है।** – वरि. मंडल विद्युत अभियंता/सामान्य/जबलपुर, **बयाना राशि**– रू. 63,900/–, **समापन अवधि (माह/वर्ष)**– 6 माह, **निविदा जमा करने की तिथि एवं समय (15:00 बजे तक)**– 10.01.2024, **निविदा खुलने की तिथि एवं समय (15:30 बजे तक)**– 10.01.2024, निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है पूर्ण निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट से डाउन लोड की जा सकती है।
वरि. मंडल विद्युत अभियंता (सामान्य)
पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर
स्वच्छ भारत अभियान
एक कदम स्वच्छता की ओर

**कार्यालय नगर परिषद डिण्डौरी, जिला डिण्डौरी (म.प्र.)**
Phone : 07644-234534 Email : cmodindori@mpurban.gov.in
एन.आई.टी. क्र. /6256 / न.प. / 2023–24
डिण्डौरी, दिनांक 21/12/23
**/ /ई-निविदा प्रथम आमंत्रण सूचना //**
निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत समस्त ठेकेदारो से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://ww.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है

| टेण्डर क्रं एवं जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी. | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_320830 दिनांक 21.12.23 | वार्ड क्र. 11 कम्पनी चौंक के पास स्थित तालाब सौंदर्यीकरण कार्य एवं वार्ड क्र.12 में प्रताप बनवासी के घर से श्री रामचन्द्र केशवनी के घर तक नाली निर्माण कार्य । | 06 माह 8444234/- | 10,000.00 84442/- | 22/01/2024 |

शर्त – निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन। https://ww.mptenders.gov.in की वेबसाईट पर किया जावेगा पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।
श्रीमति सुनीता अशोक सारस, अध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी
श्रीमति सारिका मंटू नायक, उपाध्यक्ष, नगर परिषद डिण्डौरी
श्री भागीरथ उरैती, लोक निर्माण सभापति, नगर परिषद डिण्डौरी
श्री सत्येंद्र सिंह शालवार, मुख्य नगर पालिका अधिकरी, नगर परिषद डिण्डौरी

## इंटर मियामी के लिए छह मैच नहीं खेल पाएंगे मेसी




एजेंसी ▶▶ न्यूयॉर्क

अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबॉलर लियोनेल मेसी अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त होने के कारण मेजर लीग सॉकर की टीम इंटर मियामी की तरफ से कम से कम छह मैचों में नहीं खेल पाएंगे। मेसी का यह इंटर मियामी में पहला पूर्ण सत्र होगा। मियामी अमेरिका की शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता मेजर लीग सॉकर में अपने अभियान की शुरुआत 21 फरवरी को रियल साल्ट लेक के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर करेगा। मेजर लीग सॉकर ने बुधवार को अगले सत्र के लिए कार्यक्रम घोषित किया। इसके अनुसार प्रत्येक टीम 34 मैच खेलेगी। विश्व की अधिकतर फुटबॉल लीग फीफा के कार्यक्रम के दौरान अपने मैचों का आयोजन नहीं करती हैं लेकिन मेजर लीग सॉकर ने अंतरराष्ट्रीय मैचों के दौरान भी लीग को जारी रखने का फैसला किया है। इससे कई शीर्ष खिलाड़ी अपनी राष्ट्रीय टीम के साथ व्यस्त होने के कारण इस प्रतियोगिता में नहीं खेल पाएंगे।

## जिम्बाब्वे के क्रिकेटर वेस्ले और मावता बैन

**हरारे।** जिम्बाब्वे क्रिकेट ने आल राउंडर वेस्ले माधेवेरे और ब्रैंडन मावुता को गुरुवार को डोपिंग रोधी नियमों के कथित उल्लघंन के लिए निलंबित कर दिया। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने कहा कि माधेवेरे और मावुता को टूर्नामेंट के इतर की गयी जांच में प्रतिबंधित पदार्थ का पॉजिटिव पाया गया। हालांकि इस जांच की तारीख नहीं दी गयी है। संचालन संस्था ने कहा कि खिलाड़ियों के खिलाफ आरोप तय किये गए हैं और वे जल्द ही अनुशासनात्मक सुनवाई के लिए प्रस्तुत होंगे।

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा (धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**
मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि **अभियुक्त (1) अज़ीब, पुत्र लियाकत अली खान, पता:** 503, 5वाँ तल, जामिया नगर, अबुल फज़ल एन्क्लेव, बी3–133, जामिया अपार्टमेंट, जामिया नगर, दिल्ली, **(2) आकाश सिंह राजपूत, पुत्र श्री मनीष सिंह राजपूत, पता:** 845, मेन रोड, बड़े जैन मंदिर के पास, टावर टंकी मोहल्ले के पास, गोशाईपुर, जबलपुर, म.प्र., ने **FIR No. 244/2023 dated 19.09.2023 U/s 467/468/471/420/170/120B IPC** थाना आईएफएसओ/स्पेशल सेल, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उन्होने किया है) और उन पर जारी किए गए गिरफ्तारी वारण्ट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **(1) अज़ीब और (2) आकाश सिंह राजपूत** मिल नही रहे है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **(1) अज़ीब और (2) आकाश सिंह राजपूत** फरार हो गये हैं (या उक्त वारण्ट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहे है)। इसके खिलाफ माननीय अदालत द्वारा धारा 82 Cr. P.C. की कार्यवाही जारी हो चुकी है। इसलिए उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 244/2023 dated 19.09.2023 U/s 467/468/471/420/170/120B IPC** थाना आईएफएसओ/स्पेशल सेल, दिल्ली के उक्त अभियुक्त **(1) अज़ीब और (2) आकाश सिंह राजपूत** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या (मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.02.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।
आदेशानुसार
सुश्री नबीला वाली,
अतिरिक्त मुख्य महानगर दण्डाधिकारी–01,
कोर्ट नं. 02, मुख्य भवन,
पटियाला हाउस कोर्ट, नई दिल्ली
DP/14661/Spl Cell/2023

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति कटनी, जिला कटनी म.प्र.**
ई-मेल-apmckatni@gmail.com दूरभाष नं -07622-240063
क्रमांक / मण्डी /स्टोर/ 2023-24 /1993
कटनी, दिनांक 18/12/23
**निविदा आमंत्रण सूचना**
एतद् द्वारा सर्व संबंधित संत रविदास म.प्र. हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम, म.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं म.प्र. राज्य पावरलूम बुनकर सहकारी संघ मर्या. बुरहानपुर में पंजीकृत इच्छुक संस्था / फर्म से वर्दी के दरें (कपड़े, जूते एवं अन्य सामग्री) भण्डार कय नियम 2023 की निर्धारित शतानुसार तीन लिफाफा पद्धति में सीलबंद निविदायें दिनांक 04/01/2024 तक कार्यालयीन समय में स्पीड पोस्ट/रजि. डाक द्वारा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदायें दिनांक 09/01/2024 को दोपहर 1.00 बजे उपस्थित निविदाकार अथवा प्रतिनिधि के समक्ष मण्डी कार्यालय में खोली जावेगी । निविदा प्रपत्र 200/- रू नगद जमा कर दिनांक 27/12/23 तक किसी भी कार्यदिवस में कार्यालयीन समय पर प्राप्त किये जा सकते है । सामग्री का विस्तृत विवरण एवं निर्धारित शर्ते मण्डी समिति कटनी कार्यालय में स्टोर शाखा में उपस्थित होकर देखी जा सकती है ।
निविदा के साथ धरोहर राशि 25,000/- (पच्चीस हजार रुपए) का डी.डी./बैंकर्स चैक, जो, सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति कटनी के नाम बना हो, निविदा के साथ जमा किया जाना अनिवार्य होगा। डी.डी. / बैंकर्स चैक संबंधी अभिलेख प्रथम लिफाफे में और निविदा प्रपत्र एवं कोटेशन की दरें एवं उक्त संस्थाओं से पंजीकृत होने का प्रमाण पत्र द्वितीय लिफाफे में रखकर दोनों लिफाफे तृतीय लिफाफे में प्रस्तुत किये जावेगें । समयावधि पश्चात प्राप्त कोटेशन पर विचार नहीं किया जावेगा।
(राकेश कुमार पनिका)
सचिव कृषि उपज मण्डी समिति
कटनी जिला-कटनी म.प्र.

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ यांत्रिकी खण्ड- सिवनी (म.प्र.)**
पत्र क्रं/5466/व.ले.लि./का.य./लो.स्वा.यां./खण्ड/2023
सिवनी, दिनांक-15/12/2023
**निविदा आमंत्रण सूचना (संक्षिप्त)**
निम्नलिखित कार्य की निविदा प्रक्रिया ई-प्रोक्यूरमेंट ई-टेण्डरिंग पद्धति से पोर्टल http://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित है। निविदा का विवरण निमनानुसार है।

| निविदा सूचना क्र./ दिनांक | ई- टेण्डरिंग पद्धति क्रमांक | कार्य का नाम | कुल अनुमानित लागत (रू. लाख में) | कुल अमानती राशि (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू.में.) | निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि | ऑन लाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि | समय अवधि | ठेकेदार की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30/नि.प्र. /2023–24 दिनांक 14/12/2023 | 2023_PHED_319858_1 | जल जीवन मिशन के अंतर्गत सिवनी जिले के विकासखण्ड बरघाट के ग्राम चिमनाखारी की नवीन नलजल प्रदाय योजना का क्रियान्वयन कार्य 20/30 कि.ली. क्षमता का आर.सी.सी. सम्पवेल निर्माण, 125 कि.ली. क्षमता की आर.सी.सी. उच्चस्तरीय टंकी निर्माण इत्यादि सामग्री एवं मजदूरी सहित, 100 प्रतिशत एफ.एच.टी.सी. एवं 90 दिवस का ट्रायल रन सहित कार्य। | 119.91 | 1,19,910.00 | 12,500.00 | 30/12/2023 | 30/12/2023 | 180 दिवस (वर्षाकाल छोड़कर) | म.प्र.लोक निर्माण विभाग, भोपाल में केन्द्रीयकृत पंजीयन प्रणाली के अन्तर्गत "स" सिविल एवं उससे ऊपर की श्रेणी तथा अन्य राज्य अथवा केन्द्र के विभागों में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार |

G-22060/23
दुर्घटना से दूरी है तो हेलमेट सबसे जरूरी है।
कार्यपालन यंत्री
लोक स्वास्थ यांत्रिकी खण्ड, सिवनी (म.प्र.)




# प्रेस मशीन में अंगुली कटी

# ओएफके में लगातार दूसरे दिन हादसा

हरिभूमि, जबलपुर।

आयुध निर्माणी खमरिया में गुरुवार को सुबह फिर एक हादसे में प्रेस मशीन में काम करने के दौरान एक कर्मचारी का बाया हाथ जख्मी हो गया। प्राथमिक उपचार के लिए उसे निर्माणी के अस्पताल ले जाया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निर्माणी के सेक्शन एफ-9 में कार्य करते समय सुजीत कुमार नाम के कर्मचारी का बायां हाथ उस समय जख्मी हो गया, जब वह प्रेस मशीन में काम कर रहा था। उसकी अंगुली मशीन में चली गई और अंगुली कटकर अलग हो गई। उसे तुरंत ही प्राथमिक उपचार के लिए एंबुलेंस से निर्माणी के अस्पताल रेफर किया गया है जहां उसकी मलहम पट्टी की गई है। गौरतलब है कि ओ एफ के में 24 घंटे के भीतर यह दूसरा हादसा है। बुधवार सुबह निर्माणी के सेक्शन 1 क्षेत्र में गोपीनाथ का भी बायां हाथ डेटोनेटर में फीलिंग करते समय जख्मी हुआ था। जिसमें उसकी तीन उंगलियां चोटिल हुई, हालांकि निजी अस्पताल में उपचार के बाद उसकी हालत पहले से बेहतर बताई जाती है।





# ठंड की जकड़न में शहर

**शहर में कड़ाके की ठंड का दौर जारी है। हालाकी बुधवार के मुकाबले गुरुवार को तापमान में आंशिक उछाल आया। फिर भी जोर दार ठंड महसूस की गई। मौसम विभाग के मुताबिक शनिवार रविवार से फिर पश्चिमी विक्षोभ के आसार बन रहे हैं। जिससे रात का तापमान बढ़ेगा, दिन का तापमान घटेगा।**

**जबलपुर**। फिलहाल शहर जाड़े की जकड़न में है। ठण्ड बढ़ गई है। सुबह और रात में कड़ाके की ठण्ड का दौर शुरू हो जाता है। दिन में धूप सुहानी लगती है। रात में हवाएं चुभन भरी ठण्ड का अहसास करती हैं। स्थानीय मौसम विज्ञान केन्द्र के मुताबिक मौसम शुष्क बना हुआ है। तापमान 7 से 8 डिग्री के बीच स्थिर है। उत्तर से आ रही बर्फीली हवाओं ने वातावरण में सिहरन पैदा कर रखी है। पिछले 24 घंटों के दौरान नगर का अधिकतम तापमान 23.07 डिग्री सेल्सियस सामान्य से 2 डिग्री कम दर्ज किया गया। न्यूनतम तापमान 8.03 डिग्री सेल्सियस रहा जो सामान्य से 3 डिग्री कम दर्ज किया गया। हवा में नमीं प्रातःकाल 85 प्रतिशत सायंकाल 58 प्रतिशत आंकी गई। सूर्योदय सुबह 6.48 मिनिट पर और सूर्यास्त सायं 5.31 मिनिट पर हुआ। उत्तरी पश्चिमी हवाएं 2 से 3 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से चली। प्रदेश में सबसे कम 6.3 डिग्री तापमान बिजावर जिले में दर्ज किया गया है। गत वर्ष आज के दिन अधिकतम तापमान 25.8 और न्यूनतम तापमान 9.2 डिग्री दर्ज किया गया था। अगले 24 घंटों के दौरान मौसम शुष्क रहेगा।

# प्रभारी प्राचार्यों के भरोसे चल रहे हैं सरकारी कॉलेज

जबलपुर।

उच्च शिक्षा विभाग भले ही गुणवत्ता सुधार को लेकर लगातार प्रयास के दावे कर रहा हो, लेकिन हकीकत में डेवलपमेंट सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर में नजर आ रहा है। शिक्षा की गुणवत्ता पर अब भी सवाल उठ रहे हैं। इसका अंदाजा इसी बात से लगा सकते हैं कि प्रदेश के 1360 में से 561 सरकारी कॉलेज हैं, इनमें से 30 को छोडक़र बाकी सभी कॉलेज प्रभारी प्राचार्य के भरोसे हैं। प्रभारी प्राचार्य होने के कारण स्टाफ पर उनकी प्रशासनिक पकड़ नहीं रहती है, अगर सिर्फ उज्जैन संभाग की बात करें तो शासकीय कन्या स्नातकोत्तर कॉलेज में प्राचार्य पद भरा है, बाकी में नहीं। प्रोफेसरों के 3800 से अधिक पदों पर तो अतिथि विद्वान काम कर रहे हैं। इसका मुख्य कारण है कि प्रोफेसरों के रिटायरमेंट तो समय के साथ हो रहे, लेकिन नियुक्ति में 4 से 5 साल लग रहे।हाल ही में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने हर जिले में पीएम एक्सीलेंस कॉलेज खोले जाने की घोषणा की है। इसमें सारी सुविधाओं के साथ नई शिक्षा नीति के तहत सभी कोर्स में पढ़ाई बेहतर होगी। अब सवाल उठता है कि एक तरफ जहां पुराने कॉलेजों में तो प्रोफेसरों की संख्या कम है और अतिथि विद्वानों की सेवाएं ली जा रही हैं। वर्षों से पद नहीं भरे जा सके। ऐसे में एक्सीलेंस कॉलेज खुलने के बाद इन कॉलेजों का क्या होगा।

**प्रदेश के 561 सरकारी कॉलेजों में से सिर्फ 30 में प्राचार्य**

## 2000 हजार से अधिक प्रोफेसर होंगे रिटायर

सन् 1987 में जिन प्रोफेसरों की नियुक्ति हुई, उनका रिटायरमेंट 2026 में हो जाएगा, तब तक 2000 हजार से अधिक प्रोफेसर रिटायर हो जाएंगे। पद नहीं भरे जाने की स्थिति में अतिथि विद्वानों की संख्या 4500 से अधिक पहुंच जाएगी। कई कॉलेजों में स्थायी प्राचार्य की नियुक्तियां नहीं होने से छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों से संबंधित कई फैसले लंबित हैं। आखिरी बार पीएससी के तहत प्रोफेसरों की नियुक्तियां 2019 में हुई थीं। सरकार ने अतिथि शिक्षकों का टाइम पीरियड भी 10 से बढ़ाकर 12 माह कर दिया है।

# जबलपुर-इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस दो-दो ट्रिप निरस्त

**जबलपुर**। पश्चिम रेलवे रतलाम मंडल के इंदौर-देवास-उज्जैन खंड के दोहरीकरण कार्य के तहत बरलई से मांगलियागांव के मध्य प्रस्तावित ब्लॉक के कारण दिनांक 26 एवं 27 दिसम्बर, 2023 को गाड़ी संख्या 22192 जबलपुर-इंदौर एक्सप्रेस तथा दिनांक 27 एवं 28 दिसंबर,2023 को गाड़ी संख्या 22191 इंदौर-जबलपुर एक्सप्रेस अपने प्रारंभिक स्टेशन से निरस्त रहेगी।

# रीवा एक्सप्रेस टेन को कामटी स्टेशन पर मिला ठहराव

जबलपुर। रेलवे द्वारा रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा एक्सप्रेस ट्रेन का कामटी रेलवे स्टेशन पर प्रायोगिक ठहराव देने का निर्णय लिया गया है। इससे पमरे के जबलपुर, कटनी, मैहर एवं सतना स्टेशनों को भी लाभ मिलेगा। गाड़ी संख्या 11754/11753 रीवा-नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन-रीवा त्रि-साप्ताहिक एक्सप्रेस दोनों दिशाओ में दिनांक 21 दिसंबर 2023 से अपने प्रस्थान स्टेशनों से प्रारम्भ होने वाली ट्रेने कामटी रेलवे स्टेशन पर रूकेगी। रीवा से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का कामटी में आगमन/प्रस्थान सुबह 06:45/06:47 बजे एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस इतवारी जंक्शन से प्रस्थान करने वाली गाड़ी का कामटी में आगमन/प्रस्थान रात्रि 19:14/19:16 बजे होगा।

# जबलपुर, भोपाल समेत 50 मंडल में लेट चल रही ट्रेनें



**जबलपुर**। नई टेक्नोलॉजी के साथ रफ्तार और ट्रेनों की संख्या बढ़ाते जा रहे रेलवे की पंक्चुएलिटी (समय की पाबंदी) पंक्चर होती जा रही है। भारतीय रेल नेटवर्क में रोजाना औसत 10474 से ज्यादा ट्रेनें रेलवे के 17 जोन के 69 मंडलों में दौड़ रही हैं। इन मंडलों में 2022-23 की एवरेज पंक्चुएलिटी 86.16 प्रतिशत थी, जो इस साल (अगस्त 2023 तक) 5.52 प्रतिशत घटकर 80.64 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

यह खुलासा आरटीआई में सामने आई जानकारी से हुआ है। इसमें रेलवे ने 2023 के शुरुआती पांच माह की पंक्चुएलिटी का डाटा दिया है। इसके अनुसार 69 में से 50 मंडल ऐसे हैं, जिनमें रेलगाडियां पिछले साल के मुकाबले लेटलतीफी से चल रही हैं। इनमें दिल्ली, मुंबई सेंट्रल, बनारस, अहमदाबाद, जयपुर भी शामिल हैं। इसके उलट रतलाम, वडोदरा, लखनऊ, बीकानेर समेत 19 मंडलों ने यात्री गाडिय़ों को बीते साल से भी ज्यादा समय पर चलाकर अपनी समय की पाबंदी बढ़ा ली है। इनमें भी अजमेर मंडल की पंक्चुएलिटी सर्वाधिक 98.75 प्रतिशत, जबकि बिलासपुर मंडल की सबसे कम सिर्फ 35.34 फीसद रही है। इसे गंभीरता से लेते हुए रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को अपने नेटवर्क में ट्रेनों की समयबद्धता बनाए रखने का मेमोरेंडम जारी किया है।

## ये होती है ट्रेनों की पंक्चुएलिटी

रेलवे ने हर ट्रेन का प्रत्येक मंडल के पहले से आखिरी स्टेशन तक पहुंचने का समय निर्धारित किया हुआ है। दूसरे मंडल से देरी से मिलने पर भी रेलवे को अपने क्षेत्र में उसे तय समय पर चलाकर अगले मंडल तक पहुंचाना होता है। इसका हर दिन का रिकॉर्ड सुरक्षित रखकर रैंकिंग की जाती है। हर ट्रेन पर रेलवे कंट्रोल रूम से नजर रखी जाती है। किसी भी ट्रेन के रास्ते में खड़ी होते ही सबसे पहले पंक्चुएलिटी कंट्रोल, फिर क्रू लॉबी, वहां से सीनियर डीओएम और डीआरएम को सूचना जाती है। सामान्य स्थिति में भी डीआरएम हर 8 घंटे में कॉन्फ्रेंस कर पंक्चुएलिटी की जानकारी लेते हैं।




# फार्मेसी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए 26 दिसंबर से होंगे पंजीयन

## डीटीई ने प्रवेश के लिए जारी की समय-सारिणी

**जबलपुर**। प्रदेश में फार्मेसी कालेजों में प्रवेश के लिए फिर से काउंसलिंग प्रक्रिया शुरू होगी। फार्मेसी कालेजों में सितंबर के बाद से प्रवेश बंद कर दिए गए थे। अब इन कालेजों में नए सिरे से प्रवेश की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इन कालेजों में प्रवेश के लिए 26 दिसंबर से विद्यार्थी पंजीयन करा सकेंगे। तकनीकी शिक्षा संचालनालय (डीटीई) द्वारा फार्मेसी पाठ्यक्रमों में बी फार्मेसी, डी फार्मेसी और एम फार्मेसी में खाली सीटों पर प्रवेश के लिए काउंसिलिंग प्रक्रिया फिर से शुरू की जाएगी।

डीटीई की ओर से फार्मेसी कोर्स संचालित करने वाले कालेजों को अधिसूचना जारी कर दी गई है। जो कालेज पिछली काउंसलिंग में शामिल नहीं हो पाए थे, वे भी शामिल हो सकते हैं। डीटीई ने समय-सारिणी जारी कर इसे वेबसाइट पर अपलोड भी कर दिया है। इसके अनुसार काउंसिलिंग के लिए 26 से 30 दिसंबर का तारीख तय की गई है। विद्यार्थियों को 26 दिसंबर से पंजीयन कराने की सुविधा दी गई, जो 30 दिसंबर तक कर सकते हैं। बुधवार को डीटीई की वेबसाइट पर काउंसलिंग की समय-सारिणी अपलोड कर दी गई है।



## कालेज प्रोफाइल अपडेट 28 दिसंबर तक कर सकते हैं

फार्मेसी काउंसिल आफ इंडिया (पीसीआइ) द्वारा अक्टूबर तक कालेजों को अप्रूवल दिया गया था। 30 नवंबर तक अपील की प्रोसेस चली। वहीं सुप्रीम कोर्ट ने 30 दिसंबर तक प्रवेश देने की छूट दी थी। अब अपील की प्रोसेस खत्म होते ही डीटीई ने मध्यप्रदेश के कालेजों में प्रवेश के लिए प्रारंभिक कार्रवाई शुरू कर दी है। कालेजों को प्रोफाइल अपडेट करने के लिए 28 दिसंबर तक का समय दिया गया है। अब संभावना जताई जा रही है कि इस प्रक्रिया में करीब 10 नए कालेज शामिल होंगे। अब जो विद्यार्थी अब तक फार्मेसी पाठ्यक्रम में प्रवेश से वंचित रह गए थे।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240